धनबाद
मंगलवार 25.02.2025
मूल्य- ₹ 2.50
वर्ष-31 अंक-6 पृष्ठ- 12
फाल्गुन कृष्ण पक्ष- 13
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑबजर्वर





## मंईयां और अबुआ आवास योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली नई दिशा : राज्यपाल

**रांची (एजेंसी):** छठे विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार ने अपना अभिभाषण दिया, जिसमें उन्होंने राज्य सरकार के अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड सरकार ने विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, और इस यात्रा के दौरान मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गजब की गति आई है।



**ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव और रोजगार सृजन**

राज्यपाल ने बताया कि इन योजनाओं के तहत राज्य सरकार ने ग्रामीणों को आवास और सम्मान प्रदान किया, जिससे उनकी जीवनशैली में सुधार हुआ है। इसके साथ ही एक जिला एक उत्पाद (जऊजझ) पहल को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसके तहत रांची के कोर कैपिटल एरिया, धुर्वा में यूनिटी मॉल का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, धुर्वा में झारखंड वर्ल्ड ट्रेड सेंटर भी स्थापित किया जा रहा है, जो राज्य में निर्यात के लिए जरूरी आधारभूत संरचनाओं का निर्माण करेगा। इस योजना की लागत का ४७ करोड़ रुपए राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।

**रोजगार और भ्रष्टाचार पर अंकुश**

राज्यपाल ने यह भी बताया कि बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए इस वित्तीय वर्ष में ८१ भर्ती कैंपों और ६३ रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिसमें ८४९९ युवाओं का चयन किया गया। साथ ही २१८६१ प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार ऑफर किया गया। वहीं, सरकार ने विधवा पुनर्विवाह योजना शुरू की है, जिसके तहत विधवा महिलाओं को दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। राज्यपाल ने राज्य सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ की गई कड़ी कार्रवाई का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अब तक ५९ भ्रष्टाचार कांड दर्ज किए गए हैं और ५६ लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया है।

**नक्सलवाद पर कड़ी कार्रवाई**

राज्यपाल ने राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सफलतापूर्वक चलाए गए नक्सली अभियानों की जानकारी भी दी। वर्ष २०२४ में २४८ नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि २४ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और ९ नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया। साथ ही, १५४ संगठित अपराधी गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

**छात्रों को आर्थिक सशक्तिकरण**

राज्यपाल ने छात्रों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भी राज्य सरकार की पहल को सराहा। उन्होंने बताया कि प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि को बढ़ाकर क्रमशः ५०० से १५०० रुपए और २२५० से ४५०० रुपए कर दिया गया है।

## सीएम हेमंत सोरेन से आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, मंत्री चमरा लिंडा भी थे मौजूद

**रांची (एजेंसी):** झारखंड विधानसभा में आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विभिन्न सरना समिति और आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को आदिवासियों के सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मांगों से अवगत कराया।



इस मुलाकात में मंत्री चमरा लिंडा और विधायक राजेश कच्छप भी मौजूद रहे। इसके अलावा इस बैठक में सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर, केंद्रीय सरना समिति, आदिवासी विकास परिषद, आदिवासी छात्र संघ, जय आदिवासी परिषद, आदिवासी जन परिषद और सिरम टोली सरना समिति के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने की अपील

जानकारी हो कि इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आदिवासी समाज की सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की। ताकि आने वाली पीढ़ियां इनकी महत्ता और महत्व को समझ सकें। मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि इन मांगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## भागवत की स्वयंसेवकों से अपील, जाति, पंथ, क्षेत्र और भाषा की परवाह किए बिना मित्रता बढ़ाएं

**नई दिल्ली (ईएमएस):** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस)



प्रमुख मोहन भागवत ने संगठन के सभी स्वयंसेवकों से जाति, पंथ, क्षेत्र और भाषा की परवाह किए बिना विभिन्न समूहों के बीच मित्रता बढ़ाने की अपील की। इस दौरान, संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक समाज के कल्याण के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करते हैं।

आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि सभी हिंदुओं को आपसी सम्मान और सहयोग के माध्यम से विभिन्न उपयोगों के लिए समान मंदिरों, श्मशानों और पानी को साझा करना चाहिए। भागवत ने जोर दिया कि समग्र रूप से समाज को पर्यावरण की रक्षा के लिए पानी संरक्षण, पौधे लगाने और प्लास्टिक के बर्तनों से बचने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।


उन्होंने कहा, हर भारतीय को खाद्य पदार्थ, आवास, यात्रा और यहां तक कि अपनी आत्म-अभिव्यक्ति से मेल खाने वाली भाषाएं अपनानी चाहिए।

संघ प्रमुख ने फिर कहा कि नागरिकों को पारंपरिक सामाजिक मानदंडों का पालन करना चाहिए, भले ही कानूनी नजरिए से इसतरह के सभी नियमों को कानून नहीं कहा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी दैनिक गतिविधियों में विदेशी भाषाओं का उपयोग करने के बजाय मातृभाषा में बातचीत करनी चाहिए।

## हम जम्मू-कश्मीर में शांति चाहते है और यह शांति स्थायी होनी चाहिए : अमित शाह

**नई दिल्ली (ईएमएस):** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि हम जम्मू-कश्मीर में शांति चाहते है और यह शांति स्थायी होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का लक्ष्य ऐसा जम्मू-कश्मीर बनाना है जहां आतंकवाद के कारण किसी की जान न जाए।



वतन को जानो यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत नई दिल्ली पहुंचे जम्मू-कश्मीर के युवाओं के साथ बातचीत करते हुए शाह ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को किसी भी अन्य राज्य के लोगों की तरह पूरे देश पर समान अधिकार है और पूरा भारत केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को प्यार और सम्मान के साथ देखता है। उन्होंने कहा कि जब आतंकवाद खत्म हो जाएगा तो पुलिस की तैनाती की जरूरत नहीं पड़ेगी और वह दिन दूर नहीं है।

## वकीलों के विरोध के बाद झुकी सरकार, वकालत (संशोधन) विधेयक वापस लिया

**नई दिल्ली (ईएमएस):** केंद्रीय कानून मंत्रालय ने वकीलों के विरोध के बाद वकालत (संशोधन) विधेयक, २०२५ का मसौदा वापस लिया है। यह विधेयक अदालतों के कामकाज में बाधा डालने वाले वकीलों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव देता था। इसमें वकीलों के लाइसेंस रद्द करने का भी प्रावधान था। कई वकील संगठनों ने विधेयक का विरोध किया था। ड्राफ्ट बिल १३ फरवरी को कानून मंत्रालय की वेबसाइट पर जन परामर्श के लिए उपलब्ध कराया गया था। मंत्रालय ने कहा, हालांकि, प्राप्त सुझावों और चिंताओं को देखते हुए, अब परामर्श प्रक्रिया को खत्म करने का फैसला हुआ है। अब संशोधित ड्राफ्ट बिल हितधारकों के साथ परामर्श के लिए नए सिरे से तैयार किया जाएगा।



इसके पहले, मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन सहित देश भर के विभिन्न बार एसोसिएशनों के साथ विचार-विमर्श किया था। सभी ने वकालत (संशोधन) बिल और विधि आयोग की २६६वीं रिपोर्ट का विरोध किया था। रिपोर्ट में अदालत के काम में बाधा डालने वाले वकीलों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश हुई थी, जिसमें उन्हें प्रैक्टिस करने से रोकना भी शामिल था।

कई बार काउंसिल ने आयोग (रिपोर्ट संख्या २६६) द्वारा प्रस्तावित संशोधनों पर आपत्ति जाहिर की थी। उनका कहना था कि प्रस्तावित विधेयक प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम पर गैर-कानूनी व्यक्तियों को वैधानिक निकाय में शामिल करने की सिफारिश करता है। कई वकीलों का मानना था कि यह विधेयक उनके अधिकारों का हनन है। वे अपनी मांगों को लेकर मोदी सरकार पर दबाव बनाने के लिए हड़ताल पर जाने की धमकी दे रहे थे। विधेयक के विरोध का एक मुख्य कारण यह भी था कि इसमें विदेशी लॉ फर्मों को भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति देने का प्रस्ताव था। कई भारतीय वकीलों को डर था कि इससे उनकी आजीविका प्रभावित होगी। इस विधेयक के वापस लेने से फिलहाल वकीलों को राहत मिली है।

## ममता की बैठक को लेकर शुरु हुआ विवाद

### विपक्ष के नेता शुभेंदु ने उठाए सवाल

**कोलकाता (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सोमवार को ६७५ सीनियर और जूनियर डॉक्टरों के साथ होने वाली बैठक को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विवाद इस बात पर हैं कि इतनी बड़ी संख्या में डॉक्टरों की बैठक बुलाने से राज्य के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में रोगी देखभाल सेवाओं पर प्रभाव पड़ेगा या नहीं। राज्य स्वास्थ्य विभाग की अधिसूचना के मुताबिक, विभिन्न जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओएच) को अपने अधीनस्थ संकाय, छात्र, रेजिडेंट डॉक्टर और चिकित्सा अधिकारियों को बैठक के लिए नामित करने को कहा गया है। बंगाल के स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम द्वारा जारी निर्देश में कहा गया कि यह नामांकन तभी किया जाए जब यह सुनिश्चित हो कि रोगी देखभाल सेवाएं प्रभावित न हों।

हालांकि, सवाल उठ रहे हैं कि इतने डॉक्टरों की गैरमौजूदगी में जिलों की स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य रूप से कैसे संचालित होंगी। वहीं विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य के मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव से स्पष्टीकरण की मांग कर कहा, जब ६७५ डॉक्टरों को सम्मेलन में भाग लेने का निर्देश दिया गया है, तब मरीजों की देखभाल प्रभावित कैसे नहीं होगी? उन्होंने बैठक पर सवाल उठाया कि क्या यह सम्मेलन वास्तव में एक राजनीतिक भाषण का मंच है? शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि यह सम्मेलन राज्य सरकार के वेतनभोगी डॉक्टरों पर नियंत्रण दिखाने का प्रयास है।

## राजस्थान के राज्यपाल का चौंकाने वाला बयान, जो नहीं डरे, वे आज भी हैं हिंदू

**झुंझुनूं (ईएमएस):** राजस्थान के ब्यावर जिले की विजयनगर में धर्मांतरण -लव जिहाद का मामला सुर्खियों में आने के बाद बयानबाजी जारी है।



इस मामले पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भी चौंकाने वाला बयान दिया है। झुंझुनूं में लड़कियों से संबोधित कर कहा कि यदि कोई उनकी तरफ टेढ़ी से नजर से देखने की हिम्मत करें तब ईंट का जवाब पत्थर से दो। बल्कि उन्होंने इतना तक कहा कि जो हिंदू डर गए थे, वे आज दूसरे धर्म में हैं। जो नहीं डरे, वे आज भी हिंदू हैं।

बता दें कि राज्यपाल बागड़े दो दिन के झुंझुनूं दौरे पर थे। इस मौके पर छात्राओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल बागड़े ने कहा कि लड़कियों की हिम्मत बढ़ने की आवश्यकता है। कोई लड़कियों की तरफ टेढ़ी नजर से देखेगा, तब इस बात को सहन नहीं किया जाएगा। लड़कियां आगे आकर बोलें कि हम ईंट का जवाब पत्थर से देने को तैयार है।

राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है, जो लोग डर गए थे। वे दूसरे धर्म में चले गए। लेकिन जो डरे नहीं। वे ही आज हिंदू है।

उन्होंने कहा कि केसरिया रंग से किसी को आपत्ति है, तब वे अपनी सोच बदल लें। भारत में केसरिया रंग शक्ति, त्याग, सभ्यता, शौर्यता और देव धर्म का प्रतीक है। इससे पहले स्कूल पहुंचने पर स्कूल सचिव बीएल रणवां की अगुवाई में राज्यपाल व अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया।

## जयशंकर और 61 देशों के राजनयिकों ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में हाथी की सवारी की

**नई दिल्ली (ईएमएस):** केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और ६१ देशों के राजनयिकों ने सोमवार की सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में हाथी की सवारी और जीप सफारी का आनंद लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये सभी राजनयिक रविवार रात विदेश मंत्री जयशंकर के साथ जोरहाट पहुंचे थे और सोमवार की सुबह काजीरंगा पहुंचे।

राजनयिकों ने सबसे पहले पार्क के केंद्रीय रेंज कोहोरा में हाथी की सवारी का आनंद लिया। इस दौरान जयशंकर प्रसिद्ध हाथी प्रद्युम्न पर सवार हुए। हाथी की सवारी के बाद उन्होंने यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल पार्क के अंदर जीप सफारी का आनंद लिया।

सफारी के बाद जयशंकर सहित कुछ राजनयिकों को हाथियों को चारा खिलाते हुए देखा गया। असम के कृषि मंत्री अतुल बोरा, काजीरंगा से लोकसभा सदस्य कामाख्या प्रसाद तासा, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की निदेशक सोनाली घोष और डीएफओ अरुण विग्नेश सफारी के दौरान मेहमानों के साथ थे। जयशंकर राजनयिकों के साथ शाम को करीब ९,००० कलाकारों द्वारा पेश किया जाने वाला झुमोर नृत्य देखने के लिए गुवाहाटी रवाना होने वाले है। वहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद रहने वाले है।


## भारी मात्रा में जिलेटिन छड़ें बरामद दो महिलाओं समेत 3 हिरासत में

**आईजोल (ईएमएस):** असम राइफल्स के जवानों ने आइजोल के पास जिलेटिन की ४,९८० छड़ें बरामद की हैं और दो महिलाओं समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

अर्धसैनिक बल ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर सकावर्तुइचुन खदान की ओर जाने वाली सड़क पर एक मोबाइल चेक पोस्ट स्थापित किया। वहां सैनिकों ने एक वाहन को रोका जिसमें से करीब ६२२.५ किलोग्राम वजन की जिलेटिन छड़ें बरामद की गई। वाहन में यात्रा कर रही दो महिलाओं समेकत तीन लोगों को हिरासत में लिया गया और उन्हें जब्त विस्फोटकों व वाहन के साथ राज्य पुलिस को सौंप दिया गया है।

## सूरजकुंड मेले को शिल्प और कला का महाकुंभ कहना अतिशयोक्ति नहीं: खट्टर

**फरीदाबाद (ईएमएस):** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित होने वाला सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला राज्य की सांस्कृतिक पहचान बन गया है। भारत और विश्व के कारीगरों और कलाकारों की कला, शिल्प और कौशल को प्रदर्शित करने वाला यह मेला ७ फरवरी को शुरू हुआ था और रविवार यानी २३ फरवरी को खत्म हो गया।



आवास, शहरी मामलों और ऊर्जा मंत्री खट्टर ने कहा कि वार्षिक मेले में आने वाले लोगों की संख्या और कलाकारों को देखते हुए सूरजकुंड मेले को शिल्प और कला का महाकुंभ कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सूरजकुंड मेला वास्तव में राष्ट्रीय गौरव और हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बन गया है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक खट्टर रविवार को इस शिल्प मेले के ३८वें संस्करण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि थे।

खट्टर ने कहा कि सूरजकुंड मेले के २८वें संस्करण से वह नियमित रूप से इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। २०१५ में पहली बार २० देशों ने भाग लिया था, जिससे सूरजकुंड मेले को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा मिला। भाग लेने वाले देशों की संख्या बढ़कर ४४ हो गई है।

## विश्व में सनातनियों की महाशक्ति का समागम दिखा है महाकुंभ में : एल.बी.सिंह

### संगम स्नान कर पुण्य प्राप्त करनेवालों की संख्या शिवरात्रि तक हो जाएगी 70 करोड़

**गणेश मिश्रा**

**धनबाद :** महाकुंभ में संगम स्नान करने वालों हिन्दू सनातनियों का आंकड़ा ६४ करोड़ सोमवार तक पार कर गया है।

शिवरात्रि २६ फरवरी को यह संख्या बढ़कर ७० करोड़ भक्तों की हो सकती है। इस बार महाकुंभ में संगम स्नान कर पुण्य प्राप्त करनेवालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। धनबाद जैसे जिले से भी अब तक लाखों लोगों ने प्रयागराज जाकर महाकुंभ में जाकर संगम में स्नान कर अपना जीवन सफल बनाया है।

गंगा, जमुना और सरस्वती नदी का संगम महाकुंभ के अवसर पर स्नान का वेदों में काफी महत्व बताया गया है। पूरे विश्व में भारत की धरा पर





महासंगम में जुटे श्रद्धालुओं की भीड़ में दुनिया का भीड़ का सारा रिकॉर्ड तोड़ डाला है। धनबाद के समाजसेवी सह उद्योगपति एल.बी.सिंह और उनके भाई कुंभनाथ सिंह देवप्रभा परिवार ने अपने परिवार के साथ ऐसे सैकड़ों लोगों को भी महाकुंभ के मेले में ले जाकर संगम में स्नान करवाकर पुण्य के भागी बने हैं।

ऐसे लोग जिनके पास साधन और धन नहीं था वैसे लोग जिनकी श्रद्धा महाकुंभ के संगम स्नान कर पुण्य प्राप्त करने की थी लेकिन कोई संस्था उन्हें मुफ्त में ले जाने को तैयार नहीं था। सगे-संबंधी और जाति के लोग अपने परिवार के साथ जा रहे थे लेकिन जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी उन्हें नहीं ले जा रहे थे।

जब यह खबर समाजसेवी सह भाजपा नेता लाल बाबू सिंह और कुंभनाथ सिंह को लगी तो उन्होंने वैसे लोगों को महाकुंभ मेला में ले जाने और सारा खर्च उठाने का संकल्प लिया और सैकड़ों लोगों का काफिला लेकर भजन कीर्तन करते हुए जय श्रीराम का नारा लगाते हुए, हर हर गंगे कहते हुए गंगा-जमुमा-सरस्वती के मिलन स्थल प्रयागराज के संगम में खुद परिवार के साथ स्नान कर पूजा-पाठ की।

भगवान सुर्य को अर्घ्य दिया और पूरे धनबाद कोयलांचल के वासियों के लिए सुख-शांति और समृद्धि का आर्शीवाद मांगा। उनके साथ गए लोगों ने भी संगम में स्नान कर पूजा-पाठ किया और संगम स्नान कर महापुण्य के भागी बने। संगम स्नान से लौटने वाले सैकड़ों लोग इस यात्रा का चर्चा करते नहीं थक रहे हैं।

समाजसेवी सह भाजपा नेता एल.बी.सिंह से जब संवाददाता ने महाकुंभ यात्रा के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि महाकुंभ १४४ वर्षो बाद भारत की धरा प्रयागराज में लगी है।

इस महाकुंभ में जहां देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत सरकार के कई मंत्री और मुख्यमंत्रियों ने संगम का अमृत स्नान किया है। वहीं कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और राजनेताओं ने भी संगम के भव्यता को देखकर पूरा विश्व आश्चर्यचकित है। सनातन की शक्ति की समागम संगम बन गया है।

# रिटायर्ड बीसीसीएलकर्मी के घर ताला तोड़ 35 लाख की संपत्ति चोरी



**गोविंदपुर (ससे) :** गोविंदपुर थाना अंतर्गत साबलपुर कोचा कुलही निवासी बीसीसीएल के अवकाश प्राप्तकर्मी जयप्रकाश सिंह एवं उनके पुत्र धनबाद पब्लिक स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर पंकज कुमार के आवास का ताला तोड़कर अज्ञात अपराध कर्मियों ने नकदी एवं जेवरात समेत ३५ लाख की संपत्ति की चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना के समय घर में कोई नहीं था। घर के सभी सदस्य कुंभ स्नान करने प्रयागराज गए थे।

रविवार की रात को जब घर के सभी सदस्य कुंभ स्नान कर लौटे तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला। रविवार रात ११:३० बजे गोविंदपुर पुलिस सूचना पाकर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पंकज कुमार अपनी पत्नी पल्लवी एवं बच्चों के साथ शुक्रवार को कुंभ नहाने प्रयागराज गए थे। उस समय उनके घर में उनके बहनोई कृष्ण कुमार कन्हैया एवं बहन रूबी सिंह बच्चों के साथ घर पर थी। शनिवार शाम को ये लोग भी घर में ताला बंद कर लखीसराय रवाना हो गए और घर खाली हो गया था। खाली घर पाकर अज्ञात अपराध कर्मियों ने चाहरदीवारी लांघ कर अंदर प्रवेश किया एवं ग्रिल तथा दरवाजा में लगा ताला को तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। गृह स्वामी पंकज कुमार के अनुसार रविवार को जब अपनी पत्नी के साथ घर लौटे तो घर का मुख्य दरवाजा एवं अंदर के दो कमरों का दरवाजा टूटा था।

अलमारी भी टूटा हुआ था। घर के सभी सामान इधरउधर बिखरे पड़े थे। उन्होंने कहा कि जब उन लोगों ने सामानों का मिलान किया तो घर में रखा ३१ भर सोना एवं ७० भर चांदी का जेवर गायब मिला। अज्ञात अपराधियों ने महिलाओं के कंगन, हार, रिंग, सोने का चेन ५, झुमका ५ पीस, टॉप ७ पीस, डायमंड रिंग एक पीस, डायमंड टॉप दो पीस, बैंगल दो पीस, बाला एक पीस, टॉप चार पीस, मंगलसूत्र एक पीस, पुरुष के रिंग ८ पीस, लॉकेट दो पीस, सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर एवं एसी का स्टेबलाइजर चोरी कर लिया। जबकि घर में रखे आईफोन, लैपटॉप एवं टीवी को अपराध कर्मियों ने छुआ तक नहीं। श्री कुमार बढ़ईया लखीसराय के मूल निवासी हैं। २०१८ से यहां मकान बना कर रह रहे हैं। उनके पिताजी जयप्रकाश सिंह बीसीसीएल से अवकाश प्राप्त हैं। अस्वस्थ होने के कारण उनका इलाज लखीसराय में चल रहा है। उन्होंने गोविंदपुर थाना में घटना की लिखित प्राथमिक की दर्ज कराई है।

घटना की खबर सुनकर आसपास के बड़ी संख्या में लोग पंकज कुमार के आवास पहुंचे। इसके पूर्व सबलपुर रोड गोसाईंडीह निवासी रमेश तिवारी के घर से भी अपराधियों ने जेवरात चुरा लिए थे। चोरी की वारदातों से गोसाईंडीह व साबलपुर बैंक कॉलोनी के निवासी दहशत मे है। नागरिकों का कहना है कि अब पहले की तरह मोहल्ले में पेट्रोलिंग नहीं हो रही है। इस कारण अपराध लगातार हो रहे हैं।

# महाशिवरात्रि की भव्य तैयारी में जुटे शिव भक्त






**धनबाद (कासं) :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर चिरागोड़ा के जागृत मंदिर में सनातनियों द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही है। मंदिर कमिटी एवं श्रद्धालु मिलकर इस शुभ अवसर को यादगार बनाने में जुटे गए है।

मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, रोशनी और पारंपरिक सजावट से सुसज्जित किया जा रहा है। विशेष पूजाअर्चना, रुद्राभिषेक और भजनकीर्तन की योजनाएँ बनाई गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जल, प्रसाद एवं सुरक्षा की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर के सह सचिव बिल्लू गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष विशेष महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु भाग लेंगे। साथ ही धार्मिक प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है, ताकि भक्तजन सुचारू रूप से दर्शन कर सकेंगे। वहीं श्रद्धालुओं में महाशिवरात्रि को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। वे उपवास रखकर, भगवान शिव की आराधना कर इस पर्व को पूरी श्रद्धा से मनाने की तैयारी में हैं।

# पहाड़पुर में निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**बलियापुर (ससे) :** पहाड़पुर में पुनर्निमित हरि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सोमवार को पूर्व विधायक इन्द्रजीत महतो व भाजपा नेत्री तारा देवी के सौजन्य से गाजेबाजे के साथ भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में भाजपा नेत्री तारा देवी भी शामिल हुई। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू हुई सैकड़ों महिला एवं युवतियां कलश लेकर गांव के बरजू बांध तालाब पहुंचे। कलश में पानी भरने के बाद गांव के विभिन्न टोला का भ्रमण करते हुए मंदिर प्रांगण पहुंची। तारा देवी के सौजन्य से हरि मंदिर व गेट निर्माण कराया गया है। पंडित रूपलाल गोस्वामी ने पूजा अर्चना के साथ कलश स्थापना किया। मौके पर डॉ निशि महतो, धर्मेंद्र महतो, सुजीत कुमार महतो, नारायण महतो, सीताराम महतो, हराधन प्रमाणिक, सुरेश महतो, निर्मल महतो, राखोहरि महतो, शत्रुघ्न महतो, अरूण महतो समेत सैकड़ों थे।

# प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करें कर्मियों के मामले : उपायुक्त



**धनबाद (कासं) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को समाहरणाल्य के सभागार में विभिन्न संवर्ग के सरकारी सेवकों पर की गई विभागीय कार्यवाही की समीक्षा की।

उन्होंने उपविकास आयुक्त कर्यालय, एडीएम लॉ एण्ड ऑर्डर, अपर समाहर्ता, एडीएम सप्लाई, डीआरडीए, अनुमंडल कार्यालय व एलआरडीसी कार्यालय में लंबित मामलों की समीक्षा की।

समीक्षा करने के बाद उपायुक्त ने सेवानिवृत एवं मृत कर्मियों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले लंबित रहने से कर्मियों को सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान करने में कठिनाई होती है। वहीं न्यायालय में लंबित मामलों पर सरकारी अधिवक्ता से अद्यतन रिपोर्ट लेने का निर्देश दिये गए।

मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को सतर्क रहने, परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करने, सीसीटीवी कैमरे की जांच करने, अधिकृत व्यक्ति को ही परीक्षा केंद्र में प्रश्नपत्र ले जाने देने सहित झारखंड अधिविद्य परिषद् के नियमों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया है।

बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एण्ड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, डीएलओ राम नारायण खलको, विभिन्न अंचल के अंचल अधिकारी, स्थापना शाखा के कार्यालय अधीक्षक शांतनु सरकार, सचिन कुमार रजक, रितेश मंडल के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# ज्वाइंट कमिश्नर ऑफ स्टेट टैक्स प्रेम आर सेन कपूर को दी गई विदाई





**धनबाद (कासं) :** धनबाद कॉमर्शियल टैक्स बार एसोसिएशन के द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारी एडिशनल कमिश्नर ऑफ स्टेट टैक्स प्रशासन दिलीप मंडल४, एडिशनल कमिश्नर ऑफ स्टेट टैक्स गालिब अंसारी को बुके देकर सम्मानित किया गया। साथ में प्रेम आर सेन कपूर ज्वाइंट कमिश्नर ऑफ स्टेट टैक्स धनबाद अंचल, धनबाद को विदाई दी गई।

# डुहाटांड़ में शराबी ने किया उपद्रव, चलाए ईंटपत्थर



**धनसार (ससे) :** धनसार थाना क्षेत्र डुहाटांड़ में शराब के नशे में धूत नशेड़ी सुनील कुमार साव ने रविवार की देर रात जमकर उपद्रव मचाया। ग्रामीणों के मना करने पर सुनील ईंट पत्थर चलाने लगा। जिससे मुहल्ले के राजकुमार, इंद्रदेव प्रसाद, रोहित कुमार, हर्ष मिश्रा और रेखा देवी घायल हो गया। मुहल्ले के बजरंगी कुमार ने सुनील साव के खिलाफ धनसार थाना में शिकायत की है। शिकायत के बाद पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

बजरंगी का आरोप है कि रविवार की रात पड़ोस के लोग खाना खाने के बाद सो रहे थे। तभी रात करीब बारह बजे पड़ोस के सुनील साव मुहल्ले में नशे में धूत होकर आया। वह पड़ोसियों को बेवजह गालीगलौज कर रहा था। जब पड़ोसियों ने मना किया तो वह लोगों पर ईंट पत्थर से पथराव कर दिया। जिससे ग्रामीणों के बीच भगदड़ मच गई। इसके उपद्रवी से पूरा मुहल्ला अशांत हो गया। पथराव के चलते लोग अपनेअपने घर में घूस गए। इस पथराव से उक्त लोग जख्मी हो गए। इन घायलों को एसएनएमएमसीएच में इलाज कराया गया। इस घटना की सूचना पाकर धनसार पुलिस डुहाटांड़ पहुंची। इसके बाद सुनील को पकड़कर धनसार थाना ले आई। इधर ग्रामीण इंद्रदेव प्रसाद, राधेश्याम शर्मा, बीरेंद्र शर्मा व विपिन सिंह का कहना है कि आए दिन सुनील शराब पीकर बस्ती में हंगामा करता है। जिससे यहां के लोगों का जीना दुभर हो गया है। ग्रामीणों ने सुनील के खिलाफ शिकायत की है। मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

# बड्स गार्डेन में स्मारिका का विमोचन




**राजगंज (ससे) :** दलूडीह स्थित बर्डस गार्डेन में सोमवार को स्कूल पत्रिका का चौथा संस्करण स्मारिका २०२५२६ का विमोचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में स्कूल परिवार ने अपने ही विद्यालय के पूर्व छात्रों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्रों में भागीरथ महतो, सब इंस्पेक्टर झारखंड पुलिस, बोकारो थर्मल, शिखा चौरसिया, कंपनी सेक्रेट्री असिस्टेंट मैनेजर, बेंगलुरु, वरुण कुमार, अस्सिटेंट इंजीनियर भारतीय रेल, कतरास, मिथिलेश कुमार, अस्सिटेंट ऑफिसर एनटीपीसी, हजारीबाग, निलेश रजवार, अस्सिटेंट स्कूटिव इंजीनियर, तेनुघाट विद्युत निगम, सुशील कुमार, चिफ ब्यूरो कतरास, दैनिक जागरण, कुमार गौरव, चीफ इंजीनियर सीपीडब्ल्यूपी एवं धर्मदेव प्रसाद,सब इंस्पेक्टर, राजगंज थाना मुख्य अतिथि के रूप में पधारे थे। विद्यालय परिवार की ओर से स्कूल की बच्चियों ने सभी अतिथियों को तिलक लगाकर और शिक्षिकाओं ने इन्हें पुस्तक देकर इनका स्वागत किया। सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्कूल के सचिव रामाशंकर यादव ने अपने संबोधन में इन पदाधिकारीयों को अपने स्कूल की शान बताया। प्राचार्य प्रमोद चौरसिया अपने ही पूर्व विद्यार्थियों को अपने ही विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में बुलाकर काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। विद्यालय के चेयरमैन एके पाल ने अभिभावकों को संबोधित किया। बच्चों को प्रेरणा दिया। विद्यालय द्वारा अपने स्मारिका में अपने विद्यालय के पिछले २८ वर्षों का स्वर्णिम और गौरवशाली इतिहास का वर्णन किया है। साथ ही इस पत्रिका में स्कूल से जुड़े सभी कार्यक्रमों के फोटोग्राफ्स, बच्चों द्वारा स्वरचित कहानी, कविताएं और अन्य लेख आदि शामिल है।

# अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल



**गोविंदपुर (ससे) :** गोविंदपुर पुलिस ने विभिन्न कांडों के दो अभियुक्तों को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली ने बताया कि गोविंदपुर पुलिस ने डायन विशाही कांड के आरोपी कंचनपुर गांव निवासी देबू महतो को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।

इस संबंध में गोविंदपुर थाना में कांड संख्या २८९/२०२४ दर्ज हुआ था। इसी तरह कालाडाबर निवासी अजीम अंसारी, पिता निरंजन अंसारी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह पुलिस पर हमला कांड का अभियुक्त है।

# सरकारी जमीन पर बोर्ड लगाने की मांग

**बलियापुर (ससे) :** परसबनिया के पंचायत समिति सदस्य रोहित कुमार महतो ने बलियापुर के अंचल अधिकारी को आवेदन देकर परसबनिया पंचायत अंतर्गत सरकारी भूमि को सुरक्षित रखने के लिए सरकारी भूमि पर बोर्ड लगाने की मांग किया है। अंचलाधिकारी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि पंचायत के अनेक सरकारी भूमि पर लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है। जिससे जनता को काफी परेशानियां हो रही है।

# एफजीएस क्लब की खिताबी जीत



**बलियापुर (ससे) :** मल्लिकडीह में आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में एफजीएस क्लब मुनीडीह ने नेताजी युवा क्लब सीमपाथर को पांच रन से पराजित कर मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि मल्लिक समाज उत्थान समिति के नेता रामू मल्लिक ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर मल्लिक समाज के अनेक लोग थे।

**BEFORE : THE EXECUTIVE MAGISTRATE AT DHANBAD**

AFFIDAVIT



I, JAI HIND RAJBHAR, son of late Ram Daras Bhar, D0B-28/03/2000, by faith- Hindu, by Occupation-Unemploy--ment youth, permanant resident of vill: Sipah Jahurabad, P.0- Jahurabad, P.S.-Baresar, Dist-Ghazipur (U.P), A/p. Kankanee 3 no, Mukherjee, P.O-Bansjora, P.S.-Loyabad, Dist-Dhanbad, Jharkhand, do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-

1) That, my deceased father Ram Daras Bhar was employee in BCCL at Modidih colliery under Sijua Area no: V as Expl. Carrier, having his Pers. no: 62989739, and who died on 05.05.2024.

2) That, my father (ex-employee)'s name as Ram Daras Bhar has been mentioned in his SRE in BCCL, & his I. Card, and Randaras Rajbhar has been mentioned in my Aadhar/Pan card and educational certificate.

3) That, I do hereby declare that the both names as "Ramdaras Rajbhar and Ram Daras Bhar are same and one person I.e.my deceased father's name.

4) That, my name as Jai Hind Bhar has been mentioned in my deceased father (ex-employee)'s SRE in BCCL, and Jai Hind Rajbhar has been mentioned in my Aadhar, Pan and educational certificate.

5) That, the both names as' Jai Hind Bhar' and Jai Hind Rajbhar is same and one person I.e. myself name.

6) That, I am swearing this affidavit to file it before the competent authority for confirmation of names of my deceased father (ex-employee) and my name for needful purpose.

Sl. No. 10107 date : 24.2.25

**BEFORE : THE EXECUTIVE MAGISTRATE : AT DHANBAD**

AFFIDAVIT



I, Subodh Kumar Mandal S/O Krishna Mandal, aged about 28 years, by faith Hindu, by occupation-Service, Resident of Near Simaldih, Telipara, Dhanbad, Jharkhand, 826001 do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows :-

1. That, the actual name of my son is Akshit Mandal which is mentioned in his Birth Certificate and his actual D.O.B. of my said son is 21.03.2019 is mention also in birth Certificate but in his Adhar Card by mistakely his name is mentioned as Aryan Kumar Mandal and his birth is mention wrongly 21.03.2018.

2. That, my son is onlyone and the same person, known and called by his both names as Akshit Mandal and Aryan Kumar mandal i.e. my son.

3. That, I want to rectification, correction his name and his D.O.B. in his Adhar Card, Vide no. 4580 3658 6229.

4. That, I affixed my Photo along with my son's Photo.

5. That, I am swearing this affidavit and for needful.

Sl. No. 10/93 Date. 24/02/25

# आईआईटीआईएसएम में कृषि समस्याओं पर कार्यशाला



**धनबाद (कासं) :** आईआईटी-आईएसएम की ओर से सोमवार को कर्माटाड़ में किसानों के लिए एक दिवसीय उपचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य उद्देश्य किसानों द्वारा सामना की जाने वाली कृषि समस्याओं, विशेष रूप से मिट्टी की सेहत और पौधों की बीमारियों के प्रबंधन पर ध्यान देना था। यह कार्यशाला झारखंड राज्य के जमताड़ा जिले में खेती सिद्धांत और संचालन अनुसंधान तकनीकों के उपयोग से अनुसूचित जनजाति समुदायों की आर्थिक स्थिति सुधारने नामक परियोजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी।

इस माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को कृषि से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी और आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया जा सके। कर्माटांड प्रखंड भौगोलिक और कृषि दृष्टि से विविधतापूर्ण क्षेत्र है, जिसमें मैदानी और ऊबड़खाबड़ भूभाग शामिल हैं। यहां का मध्यम जलवायु विभिन्न प्रकार की फसलों जैसे धान, मक्का, दालें, तिलहन और सब्जियों की खेती के लिए अनुकूल है। इस क्षेत्र की प्रमुख मिट्टीलाल और लैटेराइट-कृषि उत्पादन के लिए कई प्रकार की चुनौतियाँ और अवसर प्रस्तुत करती हैं। किसानों को गहरी जानकारी देने के लिए, परियोजना की प्रमुख अन्वेषक प्रो. रश्मि सिंह ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से दो प्रमुख वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया। डॉ. अरविंद कुमार, जो एक प्रसिद्ध मिट्टी विशेषज्ञ हैं, ने मिट्टी की सेहत और उसकी उर्वरता बढ़ाने की प्रभावी रणनीतियों पर एक उपयोगी सत्र लिया। साथ ही डॉ. एमके बर्नवाल जो पौध रोग विशेषज्ञ हैं, ने प्रमुख पौध रोगों और उनके समाधान पर चर्चा की, जिससे किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा और उत्पादन में सुधार करने की महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

कार्यशाला में आईआईटी-आईएसएम धनबाद के शोधकर्ता दीप चौधरी, पवन कुमार, निलेश कुमार, सन्नी, आनंद चंद्र साहू और सुमना बनर्जी ने भी भाग लिया। उन्होंने नवीन कृषि तकनीकों और स्थायी खेती के तरीकों पर उपयोगी चर्चाएँ कीं, जिससे सभी उपस्थित किसानों के लिए यह एक ज्ञानवर्धक अनुभव बना।

कार्यशाला स्थानीय किसानों को वैज्ञानिक जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इस तरह के प्रयासों से आईआईटीआईएसएम धनबाद अनुसंधान और व्यावहारिक उपयोग के बीच की दूरी को पाटते हुए क्षेत्र में सतत विकास को बढ़ावा दे रहा है। रविवार को इसी तरह की एक कार्यशाला जमताड़ा के नारायणपुर प्रखंड कार्यालय में भी आयोजित की गई, जिसमें जमताड़ा के विभिन्न हिस्सों से आए १३५ से अधिक किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. ✱ पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं कौशल विकास की जानकारी : डीडीसी



**धनबाद (कासं) :** उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय के सभागार में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी विभाग अपने स्तर से कौशल विकास के लिए कार्य योजना तैयार करें। इससे जुड़ने के लिए स्कूल और कॉलेज में व्यापक अभियान चलाकर दक्ष मैनपावर तैयार करने के लिए जिले के अंतिम व्यक्ति तक इसकी जानकारी पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि धनबाद में खनन, उद्योग, होटल व्यवसाय, मॉल, हेवी व्हीकल चलाना व उसकी मरम्मत करना सहित रोजगार के अन्य साधन है। इसको ध्यान में रखकर कौशल विकास केन्द्रों में लोगों को प्रशिक्षित करें। साथ ही उन्होंने जिले में एक वृहद और स्थाई कौशल केंद्र बनाने का प्रस्ताव देने का भी सुझाव दिया।

बैठक में जिला कौशल समन्वयक ने बताया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना तथा प्रखंड स्तरीय ग्रामीण कौशल अधिग्रहण संस्थान के अंतर्गत जिले में १९ केंद्र संचालित है। केंद्रों में सिलाई मशीन चलाना, दोपहिया टेक्नीशियन, चार पहिया टेक्नीशियन, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन टेक्निशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर, ब्यूटी थैरेपिस्ट, कंसाइनमेंट बुकिंग एजेंट, फीटर, असिस्टेंट हेयर स्टाइलिस्ट, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, पर्यटन और आतिथ्य, नेटवर्किंग एंड स्टोरेज सहित रोजगार के अन्य क्षेत्रों का प्रशिक्षण दिया जाता है।

वहीं सहायक श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि इन केन्द्रों से प्रशिक्षण लेकर १०६६२ लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है। योजना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं के लिए स्वरोजगार और उद्यमशीलता कौशल विकसित करना, युवाओं की रोजगार क्षमता में वृद्धि करना और उन्हें झारखंड और भारत के आर्थिक विकास में भागीदार बनाने के लिए सशक्त बनाना, समाज के वंचित वर्गों के युवाओं और श्रमिकों को उच्च गुणवत्ता वाले कुशल कर्मी बनाना योजना का उद्देश्य है।

बैठक में फायर सेफ्टी, माइनिंग सर्वे, फॉरमैन, दिव्यांग जनों को प्रशिक्षित करने, बेलगड़िया टाउनशिप में कौशल विकास की संभावनाएं इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, सहायक श्रम अधिक्षक प्रवीण कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार, एलडीएम अमित कुमार, जिला कौशल समन्वयक आशिष कुमार, जीएम डीआईसी के प्रतिनिधि आदित्य चौधरी, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने चोरों को पकड़ा, किया पुलिस के हवाले



**बलियापुर (ससे) :** करमाटांड़ पंचायत के ढांगाटांड़ टोला में केबल तार काट रहे तीन चोरों को ग्रामीणों रंगेहाथ पकड़ा। उसकी पिटाई कर पेड़ में बांध दिया। घटना की खबर पाकर बलियापुर पुलिस व विद्युत विभाग के अधिकारी वहां पहुंचे।

ग्रामीणों ने तीनों को पुलिस के हवाले कर दिया। घटना रविवार की रात की है। खेतों में लगे विद्युत तार चोरों द्वारा काटकर इकट्ठा किया जा रहा था। तभी ग्रामीणों को भनक लगी। आसपास के ग्रामीण जूट गए। चारों ओर से घेर लिया। तीन चोरों को धर दबोचकर जमकर मारपीट कर पेड़ पर बांध दिया। थाना प्रभारी आशीष भारती का कहना है कि पकड़े गए एक चोर को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दूसरी ओर विद्युत विभाग ने थाना में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। समाचार लिखे जाने तक बलियापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। इसके पूर्व के दिनों में चोरों ने विद्युत तार चोरी की घटना को अंजना दिया है। सालपातरा, पहाड़पुर, दोलाबड़ समेत कई इलाकों में चोरी की घटना हो चुकी है।

# भागवत कथा सुनने से ही होता है मानव को कर्तव्यबोध : उपेंद्र कृष्ण महाराज



**भूली (ससे) :** डी ब्लॉक स्थित जय बाबा दुःख हरेश्वर नाथ मंदिर के मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन सोमवार को कथा व्यास उपेंद्र कृष्ण पारासर जी महाराज ने महर्षि कश्यप ने कहा कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है। इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। उन्होंने ने कहा कि प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है। जबकि शरीर नश्वर है। उन्होंने कहा कि भागवत बताता है कि कर्म ऐसा करो जो निस्काम हो वहीं सच्ची भक्ति है। वही श्रीमद् भागवत कथा में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी पहुंची। उन्होंने ने भगवान को पूजाअर्चना की। समिति के जूही शर्मा सहित अन्य ने चुनरी देकर व तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बाबा दुःख हरेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित गणेश झा के साथ समिति के जूही शर्मा, राजेंद्र सेठ, संतोष कुमार, नंदन मिश्रा, सौरभ दुबे आदि मौजूद थे।

श्रीमद्भागवत कथा जीवन के सत्य का ज्ञान कराने के साथ ही धर्म और अधर्म के बीच के फर्क को बताती है। स्वामी जी के श्रीमुख से कथा सुन जीवन का अर्थ समझ में आया।

कमला दीदी : श्रीमद्भागवत कथा सुनना मेरे लिए पूजा के समान है। वो हमारे लिए भगवान की तरह है। भागतव कथा जीवन को कैसे जीया जाए इसे बतलाती है।

# गुरुनानक कॉलेज में साइबर जागरूकता अभियान



**धनबाद (कासं) :** धनबाद पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के तहत गुरुनानक कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत छात्रों को साइबर अपराध की जानकारी देते हुए इससे बचाव के तरीकों एवं उपायों के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें डिजिटल सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में छात्रों को साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न उपयोगी जानकारियों को साझा किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस उपाधीक्षक साइबर संजीव कुमार एवं साइबर थाना प्रभारी अक्षय राम ने साइबर अपराध से बचाव के बारे में छात्रों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि अपनी बैंक खाता/ यूपीआई से जुड़ी गोपनीय जानकारी किसी अन्य को प्रदान ना करें, इंटरनेट मीडिया में अनजान व्यक्तियों का मित्रता अनुरोध स्वीकार ना करने, ओटीपी साझा न करने सहित हनी ट्रैप, साइबर बुलिंग से निपटने के तरीके के बारे में बताया गया।

किसी भी तरह से साइबर अपराध के शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर १९३० एवं बलइमतबतपउम.हवअ.पद पोर्टल पर मामले की शिकायत दर्ज की जा सकती है। साइबर हेल्पलाइन नंबर व पोर्टल के उपयोग की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# एसडी इन्टरनेशनल स्कूल का उद्घाटन



**धनबाद (कासं) :** सोमवार को एस.डी इन्टरनेशनल स्कूल का उद्घाटन विधायक राज सिन्हा ने किया गया। विद्यालय के निदेशक मुकेश कुमार साहू ने बताया कि एस डी इन्टरनेशनल स्कूल, हीरापुर स्थित सक्सेस जोन, जो पिछले १५ वर्षों से उत्तम देता आ रहा है। विद्यालय में सभी आधुनिक सुविधाएं जैसे स्मार्ट क्लास रूम, आधुनिक फर्निचर, आउडियो विज़ुअल क्लास इत्यादि व्यवस्थित है। इनका उद्देश्य है कि ग़रीब से ग़रीब परिवार के बच्चे भी उत्तम शिक्षा प्राप्त कर सकें। स्कूल का डायरेक्टर मुकेश कुमार साहू, उनकी पत्नी ज्योति कुमारी, माता शकुंतला देवी, संतोष, रविंद्र विश्वकर्मा, डॉ राजेश मिश्रा, सुचित्रा सिंह, अमित कुमार सिंह, युवा समाजसेवी ब्रजेश कुमार गुप्ता उर्फ नन्हे, तिन्कू साव, संजय कुशवाहा, आशीष, बिनोद साव एवं सक्सेस जॉन के सभी शिक्षक और स्टाफ उपस्थित थे।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित




**बलियापुर (ससे) :** बलियापुर पूर्वी पंचायत के नीचे टोला में जोहार झारखंड फाउंडेशन के तत्वावधान में सुबह १० बजे से शाम ४ बजे तक प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत् उद्घाटन उप प्रमुख आशा देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उप प्रमुख आशा देवी ने कहा कि आजकल बच्चे, बुजुर्ग सभी में आंखों की समस्या देखने को मिलती है। जहां बच्चों में अधिक मोबाइल के उपयोग करने से दृष्टि दोष पाए जाते है वहीं बुजुर्गों में दृष्टिदोष और मोतियाबिंद की समस्या देखने को मिलती है। हर ग्रामीण को दूर शहर जाकर आंखों की जांच करना संभव नहीं है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र जांच शिविर रखा गया है। आने वाले दिनों में सभी गांव और पंचायतों में इस तरह की नेत्र जांच शिविर लगाकर असहाय, गरीब लोगों की सहायता करने का लक्ष्य है। उन्होंने नेत्रम के नेत्र जांच टीम के सभी सदस्यों को धन्यवाद दी। इस शिविर में कुल ५५ मरीजों की जांच की गई, जिसमें ६ मरीजों में मोतियाबिंद के मरीज पाए गए। मोतियाबिंद से प्रभावित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन केयर नेत्रालय और नयनदीप अस्पताल में किया जाएगा। इस शिविर को सफल बनाने में मुकुल चंद्र रोहिदास, स्वपन कुमार महतो, गंभीर दास, हीरालाल पाल, मनोज कुमार महतो, विश्वजीत महतो, राजन रजवार, सहित अन्य लोगों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शिविर के माध्यम से स्थानीय लोगों को आंखों की समस्याओं की जांच और उचित इलाज की सुविधा मिली, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ हुआ।

# धनबाद की पांच सदस्यीय टीम सिक्किम रवाना

**कतरास (ससे) :** भारत और नेहरू युवा केंद्र धनबाद की ओर से ५ सदस्यों की टीम सिक्किम के लिए रवाना हो गई है। २४ से २८ फरवरी तक सिक्किम के नामची में आयोजित हो रहे अंतर्राज्यीय युवा आदानप्रदान कार्यक्रम में पांचों सदस्य धनबाद का प्रतिनिधित्व करेंगे। धनबाद जिला युवा अधिकारी रवि मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार युवाओं को विभिन्न संस्कृति व सामाजिक




परिवेश से अवगत कराना है। अनुभवों के आदानप्रदान को सुनिश्चित कराना है। धनबाद जिले के पांच सदस्यीय टीम में सौरभ कुमार, उत्कर्षा चौधरी, सुरभि कुमारी, नंदिता श्रीवास्तव और सरफराज शामिल हैं। धनबाद जिले के साथ साथ रांची, गढ़वा, जामताड़ा, देवघर के भी प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र ने किसानों को किया सम्मानित



**बलियापुर (ससे) :** कृषि विज्ञान केन्द्र में सोमवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का १९वां किस्त का भागलपुर से सीधा प्रसारण का आयोजन किया गया। किसानों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री तारा देवी, जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने किया। तारा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों के लिए बेहतर काम कर रही हैं। किसानों को केन्द्र सरकार द्वारा दिए जा रहे योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। इस दौरान बलियापुर प्रखंड के किसानों ने उन्नत किस्म के सब्जी फसल स्टाल लगाए। वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए सारथी मंडल, मंजू देवी, जगदीश महतो, बासुदेव महतो को सम्मानित किया गया। मौके पर वैज्ञानिक डॉक्टर ललित दास, डॉक्टर सीमा सिंह, डॉक्टर देवकांत प्रसाद, डॉक्टर राजीव कुमार, रमन कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा, अल्पना मुखर्जी, बेंगू ठाकुर, विश्वजीत मुखर्जी, विजय रवानी आदि मौजूद थे।

# हिंदी में कार्य करने वाले अधिकारियों को मिला पुरस्कार




**धनबाद /जोड़ापोखर (कासं) :** सोमवार को बीसीसीएल के मुख्यालय कोयला भवन में आयोजित तिमाही कॉर्पोरेट स्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक में अक्टूबर से दिसंबर २४ तिमाही में लोदना क्षेत्र को राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए निदेशक (कार्मिक) एवं महाप्रबंधक (राजभाषा) के द्वारा चल वैजयंती शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। इस शील्ड को लेने के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक दीपक कुमार सिंह, नोडल अधिकारी (राजभाषा), सौरभ सिंह, वरीय लिपिक (राजभाषा) विश्वनाथ शर्मा, लिपिक राकेश कुमार धीबर, अनुवादक रौशन कुमार उपस्थित थे।

# एडमिनिस्ट्रेशन की टीम ने आईएमए को 5 विकेट से हराया




**धनबाद (कासं) :** एडमिनिस्ट्रेशन की टीम ने रविवार को खेले गए बीसीसीएल इंस्टीच्यूशनल ट्रॉफी के एक मैच में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) को पांच विकेट से हरा दिया। टाटा डिगवाडीह स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आईएमए ने आमिर परवेज के ९१ रनों की बेहतरीन पारी की मदद से निर्धारित बीस ओवरों में सात विकेट पर १५३ रन बनाए।

आमिर ने ६० गेंदों की अपनी पारी में १६ चौके लगाए। इसके अलावा डा. रिषभ कुमार राणा ने २४ रन बनाए। धनबाद एडमिनिस्ट्रेशन के लिए दीपक बहादुर ने ३५ पर दो और मुकेश कुमार ने १४ पर दो विकेट लिए। इसके अलावा पिंटू मुखर्जी, विकास पालीवाल और पवन कुमार सिंह को एकएक विकेट मिला। बाद में धनबाद एडमिनिस्ट्रेशन ने नौशाद आलम के ५४ गेंदों पर ७६ रनों की पारी की मदद से जीत का लक्ष्य १७.४ ओवर में पांच विकेट पर हासिल कर लिया।

विकाश पालीवाल ने १४ और एचपी जनार्दनन ने १२ रन बनाए। अमीर परवेज ने २३ पर तीन विकेट लिए। प्लेयर आफ द मैच नौशाद आलम को चुना गया। उन्हें यह पुरस्कार बीसीसीएल के वित्त निदेशक राकेश साहा ने प्रदान किया। इस अवसर पर धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दनन, जेएससीए के बिनय कुमार सिंह, डीसीए के साधवेंद्र सिंह, उत्तम विश्वास, बाल शंकर झा, दिवेन तिवारी व अन्य उपस्थित थे।

अमित सिंह के आलराउंड प्रदर्शन से एमपीएल जीता उधर जियलगोरा स्टेडियम में खेले गए पहले मैच में मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) ने धनबाद बार एसोसिएशन (डीबीए) को ४४ रनों के अंतर से आसानी से हरा दिया। टॉस डीबीए ने जीता और एमपीएल को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। भानु प्रताप सिंह के ५२ गेंदों पर ९२ और अमित कुमार सिंह के ५१ गेंदों पर ५९ रनों की मदद से एमपीएल ने पांच विकेट पर १८७ रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर लिया।

भानु प्रताप ने अपनी पारी में १० चौके व ५ छक्के उड़ाए। डीबीए के करण कुमार ने २१ पर तीन, शाबाज आलम ने २९ पर एक और हामिद सिद्दीकी ने ४० पर एक विकेट चटकाए। बाद में डीबीए निर्धारित ओवरों में छह विकेट पर १४३ रन ही बना सका। हामिद अंसारी ने ३९, शाबाज आलम ने २१, सिद्धार्थ विवेक ने २१ और दिनेश यादव ने १८ रन बनाए। एमपीएल के रूपेश कुमार सिंह ने ३६ पर चार और अमित कुमार सिंह ने २७ पर दो विकेट लिए। अमित कुमार सिंह को प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार डीसीए के वरीय उपाध्यक्ष साधवेंद्र सिंह ने प्रदान किया।

आईआईटी आईएसएम ने सिंफर को हराया जियलगोरा स्टेडियम में ही खेले गए दूसरे मैच में आईआईटी आईएसएम ने सिंफर को सात विकेट से हरा दिया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करती हुई सिंफर की टीम ११९ रनों पर आउट हो गई। अमर सिंह ने २४, शुभजीत बेताल ने २१, बैजु कुमार ने १५ और विकास कुमार झा ने १३ रन बनाए। आईआईटी आइएसएम के ऋषभ मिलन पांडेय ने ११ पर चार, अनिर्बन घोषाल ने २९ पर दो, महेश ने २७ पर दो और संजीव ने ३३ पर दो विकेट लिए। आईआईटी आईएसएम ने ११.३ ओवर में तीन विकेट पर १२७ रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। डा. प्रशांत कुमार शर्मा ३३ और कौशिक भौमिक २३ रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं मिलन पांडेय ने २२ और सौमित चटर्जी ने २० रन बनाए। मिलन प्लेयर आफ द मैच चुने गए। उन्हें यह पुरस्कार डीसीए के अध्यक्ष मनोज कुमार ने प्रदान किया।

# ग्रामीणों ने किया आउटसोर्सिंग का विरोध



**कतरास (ससे) :** बीसीसीएल महेशपुर कोलियरी में आउटसोर्सिंग के विरोध को लेकर आज मजदूर नेता गौरचन्द बाउरी के नेतृत्व में विशाल जुलूस निकाला गया।

प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस महेशपुर कोलियरी खदान पहुंचा और घेराव प्रदर्शन किया। मजदूर नेता गौर चन्द बाउरी ने कहा कि आउटसोर्सिंग के नाम पर बीसीसीएल क्वार्टर एवं ग्रामीणों को जबरन खाली करने चाहता है जो गलत है बीसीसीएल अभीतक कोई नीति नहीं बनाईं है ना कोई यूनियन प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों से कोई बात या बैठक की गई है चेतावनी देते हुए गौर चन्द बाउरी कहा कि अगर आउटसोर्सिंग बंद नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन करेंगे। जरूरत पड़ी तो खदान को भी बंद करेंगे।

मौके पर दिनेश महतो, मुखिया सुमन देवी, पूर्व जिप सदस्य अंजना देवी, जया देवी, आलता देवी, किरण सिंह, बिंदु देवी, गंगा देवी, गीता देवी, रिंकू देवी, रीता देवी, सीमा देवी, कबूतरी देवी, शुकन्ती भुईनी, गीता देवी, उर्मिला देवी आदि शामिल थे।

# संपादकीय

## भारत-चीन के रिश्ते में जमी बर्फ पिघलने की कवायद तेज

मानसरोवर यात्रा भारतीयों की आस्था से जुड़ी है, लेकिन सीमा विवाद के कारण चीन उसमें अड़चन पैदा करता रहा है। अब उम्मीद बनी है कि आने वाली गर्मियों में यह यात्रा फिर से शुरू हो सकेगी। भारत-चीन के बीच सीमा विवाद और अन्य मुद्दों पर वार्ता में जिन बिंदुओं पर सहमति बनने के दावे किए जाते हैं, उनमें से कई धरातल पर नहीं दिखते। संबंधों में कभी नरमी तो कभी गरमी बनी रहने बावजूद यह अच्छी बात है कि दोनों पक्ष बातचीत की मेज पर बैठते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान में मुलाकात के बाद दोनों देशों में विभिन्न स्तर पर कूटनीतिक और सैन्य वार्ता जारी है। लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर वार्ता का दौर लंबा चला है। वहां कुछ गश्ती इलाकों को लेकर समाधान निकाला जाना अभी भी बाकी है।

बहरहाल, यह अच्छी बात है कि दोनों देशों में बातचीत का क्रम हाल के दिनों में कभी टूटा नहीं है। इसी कड़ी में जी-20 सम्मेलन में जब दोनों देशों के विदेशमंत्री अलग से मिले, तो उन्होंने मानसरोवर यात्रा बहाल करने और सीमा विवादों को लेकर उत्साहजनक बातचीत की। हालांकि मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने को लेकर दोनों देशों के विदेश मंत्रालय के स्तर पर पिछले महीने ही फैसला हो गया था, मगर विदेश मंत्रियों की ताजा बैठक से उसका आधार और मजबूत हुआ है। अब दोनों देशों के संबंधित महकमे इसके विभिन्न पक्षों की तैयारी कर सकेंगे। तल्ख रिश्तों की वजह से करीब पांच वर्ष से कैलास मानसरोवर यात्रा रुकी हुई थी। उम्मीद है कि यह यात्रा शुरू होने से दोनों देशों के संबंधों में जमी बर्फ कुछ और पिघलेगी। गलवान घाटी में हुए



सैन्य संघर्ष के बाद दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण हो गए थे। इसके बाद अक्तूबर में रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात में बर्फ पिघली। जब दोनों नेता मिले, तो उन्होंने जल्दी ही सीमा विवाद सुलझा लेने की योजना पर बात की। इस तरह लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध कुछ हद तक दूर हो सका और संवेदनशील मसलों पर बातचीत का सिलसिला शुरू हो सका।

मानसरोवर यात्रा भारतीयों की आस्था से जुड़ी है, लेकिन सीमा विवाद के कारण चीन उसमें अड़चन पैदा करता रहा है। अब उम्मीद बनी है कि आने वाली गर्मियों में यह यात्रा फिर से शुरू हो सकेगी। फिर, जैसा कि चीन भरोसा दिलाता रहा है और पिछले कुछ महीनों में उसने इस पर बल देकर कहा है कि सीमा की पहचान का काम जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा, मानसरोवर यात्रा शुरू होने से उसके वादे पर यकीन कुछ बढ़ेगा।

यह अच्छी बात है कि दोनों देश सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत करते रहे हैं। मगर चीन की तरफ से यह साबित करना अभी बाकी है कि सौहार्द की सीमा केवल बातचीत की मेज तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसे धरातल पर भी दिखना चाहिए। चीन अब भी अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते भारत के हिस्से वाले इलाकों में पांव पसारने से बाज नहीं आता।

अपने आधिकारिक मानचित्र में बदलाव कर वह भारत के कई क्षेत्रों को अपने हिस्से में दिखा चुका है। उसने कुछ इलाकों में भारत की जमीन पर अपने प्रशासनिक भवन खड़े कर लिए हैं। कुछ विवादित भूखंडों पर पुल आदि का निर्माण कर रहा है। सुरक्षा गश्त को लेकर भी सवाल उठते हैं। अगर चीन सचमुच भारत के साथ अपने रिश्ते सौहार्दपूर्ण बनाए रखना चाहता है, तो उसे व्यावहारिक धरातल पर लचीलापन दिखाना होगा।

## ए.आई. वर्चस्व के लिए जारी संघर्ष

हाल ही में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अमरीकी उप-राष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने एक स्पष्ट भाषण में यूरोप के नेताओं को लोकतंत्र के पवित्र प्याले का गठन करने वाले मूलभूत सिद्धांतों के बारे में उनके कपट के लिए फटकार लगाई। हालांकि वेंस के भाषणों में राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान वैचारिक अलगाववाद को पुनर्जीवित करने पर जोर दिया गया था। एक बार फिर इस बात पर जोर देते हुए ट्रम्प प्रशासन द्वारा ए.आई. सहयोग पर पैरिस घोषणा पर हस्ताक्षर न करने के निर्णय से उपरोक्त धारणाएं स्पष्ट हो गईं, कि सहयोग की बजाय प्रतिस्पर्धा ही ए.आई. वर्चस्व के लिए राजनीतिक और भू-रणनीतिक दौड़ का दृष्टिकोण होगा।

ए.आई. वर्चस्व के लिए भयंकर वैश्विक लड़ाई- दुनिया भर के देश ए.आई. में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहे हैं, इसे भविष्य की आर्थिक और सैन्य ताकत की आधारशिला के रूप में पहचान रहे हैं। चीन ने 2030 तक ए.आई. में 150 बिलियन डॉलर निवेश करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जबकि रूस ने 2021 और 2023 के बीच 181 मिलियन डालर आबंटित किए हैं। संयुक्त राज्य अमरीका ने संघीय ए.आई. अनुबंधों में नाटकीय उछाल देखा, जो 2022 में 355 मिलियन डालर से बढ़कर 2023 में 4.6 बिलियन डालर हो गया। इसके अतिरिक्त, सऊदी अरब ने हाल ही में 40 बिलियन डालर के ए.आई. फंड की घोषणा की। इस बीच, राज्य के नेतृत्व वाली पहलों के समर्थन से चीन 2030 तक अमरीका से आगे निकलने के लिए दृढ़ संकल्पित है। डीपसीक-वी3 तकनीक द्वारा संचालित चीनी डीपसीक ए.आई. सहायक की सफलता और पश्चिम में इसके द्वारा बजाई गई खतरे की घंटी ए.आई. के क्षेत्र में चीन की बढ़ती ताकत का संकेत है। दक्षिण कोरिया और इसराईल जैसे छोटे देश हार्डवेयर, साइबर सुरक्षा और सैन्य अनुप्रयोगों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने स्वयं के ए.आई. क्षेत्र बना रहे हैं। हालांकि, वैश्विक ए.आई. शासन खंडित बना हुआ है, जैसा कि पैरिस ए.आई. शिखर सम्मेलन 2023 में अमरीका और यू.के. जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के दृष्टिकोण में अंतर और विरोधाभास से स्पष्ट होता है। भारत का ए.आई. संघर्ष- खोए अवसरों की कहानी -अपने मजबूत आई.टी. क्षेत्र के बावजूद, भारत में स्पष्ट और प्रभावी ए.आई. रणनीति का अभाव है। भारत में ए.आई. मिशन जैसी सरकारी पहलों ने अभी तक कोई खास प्रभाव नहीं डाला है और ए.आई. अनुसंधान और विकास में निवेश अपर्याप्त है। जुलाई, 2024 में पेश किए गए भारत के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद का केवल 0.64 प्रतिशत आर.एंड डी. को आबंटित करता है, जो चीन के 2.41 प्रतिशत और इसराईल तथा दक्षिण कोरिया जैसे देशों द्वारा खर्च किए जाने वाले 4-5 प्रतिशत से काफी कम है। भारत ने ए.आई. मिशन के लिए बजट 2024-25 में 551.75 करोड़ से घटाकर 173 करोड़ रुपए कर दिया, जबकि 2025-26 के लिए 2000 करोड़ रुपए का प्रस्तावित बजट अनुमान है, जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक स्तर से अभी भी काफी कम है।

## आज का कार्टून




## बहुमुखी संस्कृति का प्रतीक महाकुंभ

**गजेंद्र सिंह शेखावत**

यदि आप भारत के गांवों-कस्बों से गुजरें तो ऐसे असंख्य लोग मिल जाएंगे जो प्रात: स्नान करते समय 'गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन संनिधि कुरु॥' का मंत्रोच्चार कर रहे होंगे। इस मंत्र का अर्थ है- हे यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु और कावेरी हमारे जल में उपस्थित होकर इसे पवित्र करो।

स्नान के नित्यकर्म में राष्ट्र की सभी पवित्र नदियों का आह्वान यह बताता है कि भारत भूमि के लोगों की नदियों के प्रति कितनी गहरी श्रद्धा है। विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है। उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रह्मपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं। ये नदियां मां की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं। हम जब भी समस्याओं में उलझे होते हैं तो इन नदी रूपी माताओं के निकट आकर शांति की तलाश करते हैं और अपनी इहलौकिक यात्रा को समाप्त कर पारलौकिक यात्रा के लिए भी इन्हीं नदियों की गोद में पहुंचते हैं। इन नदियों का न केवल हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक जीवन में विलक्षण महत्व है, अपितु ये सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक तथा अन्य कई रूप से भी सहायक मानी जाती हैं।

कुंभ महापर्व, नदियों के महात्म्य का ही महापर्व है, जो विविधता में एकता प्रदर्शित करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं का सबसे बड़ा पर्व है। यह महापर्व खगोल विज्ञान, आध्यात्मिकता, कर्मकांड की परंपराओं और सामाजिक तथा सांस्कृतिक ज्ञान-विज्ञान की बहुवर्णीयता से सभी को आकर्षित करता है। अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि भगवान ब्रह्मा ने हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक चार कुंभ स्थापित किए, जिससे यह आयोजन पवित्र माना जाता है। स्कंद पुराण में कुंभ योग बताते हुए कहा गया है 'मेषराशिंगते जीवे मकरे चन्द्र भास्करी। अमावस्या तदा योग- कुम्भाख्यस्तीर्थनायके ।।' अर्थात 'जिस समय बृहस्पति मेष राशि पर स्थित हो तथा चंद्रमा और सूर्य मकर राशि पर हों तो उस समय तीर्थराज प्रयाग में कुंभ-योग होता है।' कुंभ का आयोजन समाज, धर्म और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक है। इसमें प्रमुख अखाड़ों के संत, महात्मा और नागा संन्यासी संसार के संपूर्ण कष्टों के निवारण हेतु तथा समाज, राष्ट्र और धर्म आदि के कल्याण के लिए अमूल्य दिव्य उपदेश प्रदान करते हैं। प्रयाग में कुंभ के 3 प्रमुख स्नान होते हैं- मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर। इन तीनों स्नानों में सर्वप्रथम स्नान निर्वाणी अखाड़े का,



द्वितीय स्नान निरंजनी अखाड़े का और तृतीय स्नान जूना अखाड़े का होता है। इसके पश्चात् समस्त सम्प्रदाय के लोगों का होता है। कुंभ का इतिहास कान्यकुब्ज के शासक सम्राट हर्षवर्धन के साथ भी जुड़ा है। हर्षवर्धन कुंभ के अवसर पर प्रयाग में ही रहकर सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन करते और सभी मतावलंबियों के विचार सुनते थे। धार्मिक सहिष्णुता के साथ-साथ महाराज हर्षवर्धन इस अवसर पर अपनी दानशीलता का भी परिचय देते थे।

चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा विवरण के अनुसार कुंभ में वह अपना सर्वस्व मुक्तहस्त से दान कर देते थे। सम्राट हर्षवर्धन ने अपना समूचा कोष प्रयाग कुंभ के अवसर पर दान कर दिया। जब दान के लिए कुछ और शेष नहीं रहा, तब उन्होंने अपने वस्त्राभूषण तथा मुकुट तक उतार कर दे दिए। जब शरीर पर वस्त्र भी नहीं बचे तो उनकी बहन राज्यश्री ने उन्हें पहनने के लिए वस्त्र दिए। महाराज हर्षवर्धन के त्याग और दान की यह प्रेरक परंपरा कुंभ में अब तक अक्षुण्ण चली आ रही है। करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद यहां आधुनिक तकनीक के प्रयोग और कुशल प्रबंधन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा और व्यवस्थित आयोजन बना दिया है। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का ऐसा संगम शायद ही कहीं और देखने को मिले। सरकार और प्रशासन ने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है। कुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और वैश्विक भाईचारे का प्रतीक भी है। यह 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को साकार करता है, जहां जाति, धर्म और वर्ग से परे सभी श्रद्धालु एक समान होते हैं। यह पर्व हमें आत्मशुद्धि, परोपकार और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। कुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और जीवन-दर्शन को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलती है। विदेशी पर्यटक यहां भारतीय परंपराओं को समझने और आत्मसात करने आते हैं।कुंभ मेला भारतीय संस्कृति की गहराई, सहिष्णुता और एकता का अद्भुत संगम है। यह केवल पवित्र स्नान का पर्व नहीं, बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने, आत्मचिंतन करने और मानवता के प्रति समर्पण व्यक्त करने का एक अवसर भी है। भारत की सनातन परंपरा में यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का परिचायक बना रहेगा।

## हास्य के नाम पर ओटीटी पर गंदे चुटकुले और फूहड़ कॉमेडी!

हास्य और मनोरंजन सेहत के लिए अच्छा है, लेकिन अगर इसकी वजह से लोगों के सोचने-समझने की प्रक्रिया विकृत होती है, यौन कुंठाओं की एक नई दुनिया बनती है, तो वह किसी भी समाज के लिए नुकसानदेह है। पिछले कुछ वर्षों में इंटरनेट के विस्तार के साथ ओटीटी मंचों पर भी हास्य कार्यक्रमों के नाम पर जिस तरह फूहड़ और अश्लील सामग्री परोसी जाने लगी है, वह कई बार मानसिक विकृति से भरी होती है। हाल ही में एक ओटीटी मंच पर एक कथित हास्य कलाकार के कार्यक्रम में जैसी बातचीत सामने आई, उसे किसी भी लिहाज से स्वस्थ मनोरंजन नहीं माना जा सकता। विडंबना है कि ऐसे कार्यक्रमों के दर्शक भी बिना किसी हिचक के कुंठाओं के प्रदर्शन में शामिल होते हैं। हालांकि समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी हास्य के नाम पर अश्लीलता को मानवीय गरिमा के विरुद्ध मानता है और स्वाभाविक ही इस मसले पर व्यापक आपत्ति उभरी। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित कथित कलाकार के प्रति नाराजगी जाहिर की। अब सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस मसले पर सख्त रुख अपनाते हुए ओटीटी मंचों को आचार संहिता और कानून का पालन करने का निर्देश दिया है। अश्लील सामग्री का प्रकाशन एक दंडनीय अपराध है। मंत्रालय के नोटिस में कहा गया है कि ओटीटी मंचों पर किसी भी सामग्री के प्रदर्शन में लागू कानूनों के विभिन्न प्रावधानों और आइटी नियम, 2021 के तहत 'कोड आफ एथिक्स' का ध्यान रखा जाए।हास्य और मनोरंजन सेहत के लिए अच्छा है, लेकिन अगर इसकी वजह से लोगों के सोचने-समझने की प्रक्रिया विकृत होती है, यौन कुंठाओं की एक नई दुनिया बनती है, तो वह किसी भी समाज के लिए नुकसानदेह है। दरअसल, सामाजिक व्यवहार और इसके बारे में आम धारणा का विकास लोगों के सोचने-समझने के तरीके और उसकी अभिव्यक्तियों के सहारे होता है। ऐसे में अगर कुछ विशेष सुविधाओं में जीने वाले लोग अपनी सार्वजनिक अभिव्यक्तियों में हास्य के नाम पर अश्लीलता का बेहिचक प्रदर्शन करते हैं, तो निश्चित रूप से यह एक प्रतिगामी रवैया है। सवाल है कि महज हास्य के तर्क पर क्या किसी ऐसी प्रवृत्ति की इजाजत दी जानी चाहिए जो न केवल लोगों के भीतर कुंठा भरने का जरिया बनती, बल्कि उसी वजह से महिलाओं के खिलाफ आपराधिक वृत्ति का भी प्रसार होता है!

## भारतीय चुनाव व राजनीति में विदेशी हाथ

भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के नाम पर यू.एस.एड या यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनैशनल डिवैल्पमैंट के माध्यम से 21 मिलियन डालर यानी 182 करोड़ रुपए आने की सूचना ने पूरे देश में खलबली पैदा की है। ट्रम्प प्रशासन के अंदर नव-निर्मित डिपार्टमैंट ऑफ गवर्नमैंट एफिशिएंसी डोजे यानी सरकारी दक्षता विभाग ने उसकी जानकारी देते हुए सूची जारी की।

**अवधेश कुमार**

आरंभ में अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे रोकने की घोषणा की और कहा कि भारत के पास स्वयं काफी रुपया है तो हम क्यों दें। उस समय ऐसा लगा मानो भारत द्वारा अमरीकी सामग्रियों पर लगने वाले आयात शुल्क के विरुद्ध कदम उठाए जा रहे हैं। फिर उन्होंने मियामी और उसके बाद वाशिंगटन डी.सी. के आयोजनों में कहा कि हमें भारत में मतदान बढ़ाने पर 21 मिलियन खर्च करने की आवश्यकता क्यों है? मुझे लगता है कि वे किसी और को जिताने की कोशिश कर रहे थे। हमें भारत सरकार को बताना होगा।

क्योंकि जब हम सुनते हैं कि रूस ने हमारे देश में 2 डालर का खर्च किया है तो यह हमारे लिए बड़ा मुद्दा बन जाता है। भारत सरकार की ओर से सूचना है कि जानकारियों के आधार पर जांच आरंभ हो गई है। हमारे देश की समस्या है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र व भाजपा की राज्य सरकारों के रहते जब भी ऐसी खबर आती है तो सोशल मीडिया और मीडिया पर प्रभाव रखने वाला बड़ा वर्ग इसे गलत साबित करने पर तुल जाता है।अमरीकी राष्ट्रपति ऐसा कह रहे हैं तो उसे खारिज नहीं किया जा सकता। हमारे पास भारतीय चुनाव में हस्तक्षेप को साबित करने के लिए सटीक प्रमाण नहीं हैं। कुछ तथ्यों के आधार पर इसकी विवेचना की जा सकती है। डोजे द्वारा



यू.एस.एड की जारी सूची में 15 तरह के कार्यक्रम के लिए धन देने की बात है। इनमें एक दुनिया भर में चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण के लिए 48.6 करोड़ डालर यानी 4200 करोड़ का अनुदान था। इसी में भारत की हिस्सेदारी 182 करोड़ रुपए की है। बंगलादेश को मिलने वाले 251 करोड़ रुपए बंगलादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए दिए जा रहे थे। विश्व में चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता अमरीकी प्रशासन को क्यों महसूस हुई? बंगलादेश में राजनीतिक सुधारों के लिए अमरीकी सहायता राशि की जरूरत क्यों थी? सच है कि सन् 2012 में भारत के चुनाव आयोग ने इंटरनैशनल फाऊंडेशन फॉर इलैक्टोरल सिस्टम्स के साथ एम.ओ.यू. यानी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया था। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वाई. कुरैशी ने इन आरोपों और समाचारों को निराधार बताया है कि आई.एफ.एस.सी. से धन आयोग को स्थानांतरित हुआ था।

कहीं नहीं कहा गया है कि इसने सीधे चुनाव आयोग को पैसा दिया। इस एजैंसी को यू.एस.एड से धन मिलता था और इसका जार्ज सोरोस की ओपन सोसायटी फाऊंडेशन के साथ संबंध है। ऐसी संस्थाएं किसी माध्यम से अपनी भूमिका को वैधानिकता का आवरण देने की दृष्टि से समझौते करती हैं और फिर अपने अनुसार कार्य करती हैं। ध्यान रखिए 2012 में महत्वपूर्ण गुजरात विधानसभा चुनाव था तथा उसके पहले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और मणिपुर का।

2013 में पहले कर्नाटक उसके बाद मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का। भारतीय चुनावों और राजनीति में विदेशी भूमिका की बात पहली बार नहीं आई है। नरेंद्र मोदी सरकार गठित होने के बाद से इसका चरित्र और व्यवहार बदला है किंतु हमारे देश में यह बीमारी लंबे समय से है। जब देश के नेता नौकरशाही, बुद्धिजीवी, पत्रकार, एक्टिविस्ट आदि छोटे-छोटे लाभ के लिए खिलौना बनने को तैयार हो जाएं तो कुछ भी हो सकता है। शीतयुद्ध काल में सोवियत संघ और अमरीका के बीच प्रतिस्पर्धाएं थीं। दोनों अपने प्रभाव के लिए हस्तक्षेप करते थे। भारत में 1967, 77, 80 के चुनाव में विदेशी भूमिका की सबसे ज्यादा चर्चा हुई। सोवियत संघ के विघटन के बाद मित्रोखिन पेपर नाम से ऐसी जानकारियां आईं जिनसे पढ़ने वाले भौंचक्के रह गए थे। भारत में अमरीका के राजदूत रह चुके डेनियल मोयनिहान ने पुस्तक 'ए डेंजरस प्लेस' में लिखा है कि भारत में कम्युनिस्टों के विस्तार को रोकने के लिए अमरीका ने भारतीय नेताओं को धन दिया। सन् 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से अनेक ऐसी घटनाएं हुई हैं जिनसे संदेह बढ़ा। 2019 में दोबारा उनके सत्ता में लौटने के बाद अलग तरह के स्वरूपों में आंदोलन हुए।

विदेशी हस्तक्षेप की बातें भारत के अलावा दूसरे देशों और नेताओं द्वारा भी कही जा रही हैं। विश्व के अनेक देशों की चुनावी प्रक्रियाओं को प्रभावित करने में विदेशी शक्तियों और संस्थाओं की भूमिका सामने आती रही है। माइक्रोसाफ्ट ने डीपफेक और ए.आई. के माध्यम से भारतीय चुनावों को प्रभावित करने की कोशिशों पर चेतावनी दी थी। जांच रिपोर्ट में अगर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारे राष्ट्रीय हित प्रभावित होते हों तो भले उन्हें सार्वजनिक न किया जाए किंतु भविष्य में ऐसी खतरनाक भूमिकाओं को रोकने के लिए कदम उठाए जाने चाहिएं।

# सिगरेट वाला विज्ञापन का पोस्टर न लगायें

**बोकारो (ससे):** डा० अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास के सहयोग से तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-२००३ (उजढझ--२००३) की धारा ४ व ६ए, ६बी के तहत विशेष जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो० असलम के द्वारा सिटी थाना क्षेत्र के राम मन्दिर चौराहा, सेक्टर २, सेक्टर ३ बोकारो पब्लिक स्कूल के पास, नयामोड, दुन्दीबाग एवं १२ मोड के कुल ११३ दुकानों की जांच की गई जिसमें २३ दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लुघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल ३३५० रूपये की वसूली की गई।



जिला परामर्शी द्वारा बताया गया कि कोटपा-२००३ की धारा ६ए का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु छापामारी की जा रही है। जिला परामर्शी के अनुसार वैसे सभी विक्रेता/दुकानदार जिन्हों ने कोटपा २००३ की धारा ६ ए में वर्णित प्रावधानों के आलोक में वैधानिक चेतावनी वाले बोर्ड (आकार एवं मापदण्ड) के अनुरूप प्रमुखता से प्रदर्शन किया जाना अनिवार्य है जो लोग बोर्ड नही लगाये है उन्हें कोटपा-२००३ की धारा ६ के तहत २०० रू तक की चालान की जा सकती है।

कोटपा-२००३ की धारा-७ की उपधारा (२) के अनुसरण के तहत झारखण्ड राज्य में विनिर्दिष्ट चेतावनी (कैंसर वाला चित्र) के बिना किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद/सिगरेट/खुली सिगरेट की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है।

उक्त अधिनियम की धारा-७ की उपधारा-२ का उल्लंघन कोटपा-२००३ की धारा २० के अन्तर्गत दन्डनीय अपराध है। इस लिये सभी दुकानदारो को चेतावनी दी जाती है कि सिंगल सिगरेट (ढैश उळसरीर्शींशी ) की विक्री न करें अन्यथा कोटपा-२००३ की धारा ७ के तहत कार्रवाई की जायेगी। सभी दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि कोटपा २००३ विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार न करें।

१८ वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू उत्पाद न बेचे और न बिचवायें। सार्वजनिक स्थान/ खुले में धुम्रपान का सेवन न करें। स्कूल के १०० गज के परिक्षेत्र में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करें।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो० असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सिटी थाना के एस०आई० के साथ छापामारी दस्ता उपस्थित थे।

# साक्षरता को लेकर जागरुकता कार्यशाला आयोजित

**बोकारो (ससे):** भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आर्थिक विकास लाने में युवा पीढ़ी की जागरूकता के निमित्त शिक्षाविदों को वित्तीय साक्षरता के मूलभूत सिद्धांतों पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को डीपीएस बोकारो में वित्तीय साक्षरता पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस सत्र में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के भास्कर वर्मा (प्रोडक्ट स्पेशलिस्ट) और जेके सिन्हा (वित्तीय सलाहकार) ने सभी को वित्तीय जागरूकता एवं सुरक्षित भविष्य के लिए धनराशि के समुचित प्रबंधन की जानकारी दी।



विशेषज्ञों ने सुरक्षित भविष्य के लिए वर्तमान परिदृश्य में व्यवस्थित निवेश पर जोर दिया। उन्होंने दैनिक वित्तीय योजना और लेन-देन, स्टॉक मार्केट, म्यूचुअल फंड, बीमा, निवेश और बैंकिंग के कुछ प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला। श्री वर्मा ने कहा कि निवेश किया गया आपका पैसा वास्तव में आपके लिए काम करता है और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करता है। उपस्थित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों को उन्होंने बचत की महत्ता, इसके फायदे, समय के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था में आए बदलाव, महंगाई के विभिन्न कारकों, पैसिव इनकम, लिक्विडिटी, शेयर मार्केटिंग आदि पहलुओं की भी विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिए जाने के साथ ही इस इंटरैक्टिव सेशन का समापन हुआ। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने वित्तीय मामलों की अद्यतन जानकारी की दिशा में उक्त कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों में शुरू से ही वित्तीय साक्षरता को लेकर बल दिया तथा कार्यशाला में शामिल शिक्षकों से अपने ज्ञानार्जन से छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने का आह्वान भी किया।

# पीएम मोदी के भागलपुर दौरे से मोतिहारी में गजब का उत्साह

**पटना(ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मोतिहारी के उत्कृष्ट पशु प्रजनन केंद्र के लैब का वर्चुअली उद्घाटन भागलपुर से करेंगे। इसका सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र के अटल सभागार में एक हजार किसान देखेंगे। इसको लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों के खाते में सम्मान निधि की राशि हस्तांतरित करने के अलावा राज्य की कई परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे।

इसमें बरौनी डेयरी संयंत्र का उद्घाटन, मोतिहारी में गोकुल मिशन के क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ, किसान उत्पादक संगठन का उद्घाटन, भागलपुर को कृषि हब बनाने की शुरुआत आदि शामिल है। भागलपुर में सोमवार को हो रही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा को लेकर हवाई अड्डा अभेद्य किले में तब्दील कर दिया गया है।

# विस चुनाव को लेकर रणनीति बनाने में जुटे सभी दल

**पटना (एर्जेसी):** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल रणनीति बनाने में जुट गए हैं. दिल्ली में इंडिया ब्लॉक की एकता तार-तार हो गई, जिसकी वजह से वहां बीजेपी की सरकार बन गई है. सत्ता जाने से नाराज आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस पर बीजेपी की मदद करने का आरोप लगाया.

जिसके जवाब में कांग्रेस ने साफ कहा कि वह एक राजनीतिक दल है, कोई एनजीओ नहीं चला रहे हैं. दिल्ली के बाद बिहार का नंबर है और यहां भी कांग्रेस क्या करेगी, यह अभी कहा नहीं जा सकता है. चुनावी साल में बिहार में पार्टी काफी एक्टिव हो दिखाई दे रहे हैं. कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दौरे बढ़ गए हैं. पार्टी ने बिहार में अपना प्रभारी भी बदल दिया है. प्रदेश में गठबंधन को लेकर बिहार के नए कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने बड़ा बयान दिया है.



कृष्णा अल्लावरु ने सोमवार (२४ फरवरी) को कहा कि कांग्रेस पार्टी मजबूत है और आगे लोगों से मिलकर रणनीति बनाएंगे. पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार को बिहार के दौरे को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री आएं-जाएं, कांग्रेस अपना काम करती रहेगी. बिहार कांग्रेस प्रभारी ने बिहार के दौरे को लेकर कहा कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता से मिलकर आगे की रणनीति बनाने का काम करेंगे.

बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में कितनी सीटों पर लड़ने की योजना को लेकर उन्होंने सीधा कोई जवाब नहीं दिया. हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा कि आगे मिलजुल कर रणनीति बनाएंगे. बिहार में दिल्ली की तरह अकेले चुनाव लड़ने को लेकर उन्होंने कहा कि अभी तो चर्चा चल रही है. लोगों से मिलकर रणनीति बनाएंगे.

दरअसल, कृष्णा अल्लावरु बिहार के कांग्रेस प्रभारी बनने के बाद सक्रिय नजर आ रहे हैं. अल्लावरु बिहार कांग्रेस प्रभारी नियुक्त होने के बाद २० फरवरी को पहली बार पटना पहुंचे थे. कांग्रेस के नेता ने कहा था कि पार्टी की यह कमी रही है कि हम रेस के घोड़े को बारात में और बारात के घोड़े को रेस में लगा देते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि वे जब तक बिहार के लोगों के साथ रहेंगे, तब तक जो कार्यकर्ता खून-पसीना लगाकर लड़ाई लड़ेगा, उसे सम्मान भी दिया जाएगा.

उन्होंने हालांकि कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में काम करने का संदेश देते हुए यह भी कहा कि लड़ाई सदाकत आश्रम में नहीं बल्कि मैदान में होगी. उन्होंने कहा कि गुटबाजी से कोई लड़ाई नहीं जीती जा सकती.

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है. राहुल गांधी भी पिछले दिनों दो बार बिहार का दौरा कर चुके हैं.

# रोड़ शो में पीएम मोदी के साथ नीतीश दोनों डिप्टी सीएम गायब



**भागलपुर,(ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार के भागलपुर दौरे ने सियासी गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। भागलपुर में हुए रोड शो के दौरान पीएम मोदी के साथ सिर्फ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिखाई दिए। जबकि बीजेपी के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा रोड शो से नदारद रहे। यह नजारा राजनीतिक विश्लेषकों के लिए चौंकाने वाला रहा, क्योंकि मंच पर दोनों डिप्टी सीएम मौजूद थे, लेकिन रोड शो में उन्हें जगह नहीं दी गई।

भागलपुर एयरपोर्ट से मंच स्थल तक के रोड शो में पीएम मोदी खुली जीप में नीतीश के साथ खड़े होकर जनता का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। यह नजारा देख बिहार की राजनीति में यह अटकलें तेज हो गई हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी एनडीए का चेहरा नीतीश ही है। बीजेपी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने बिहार में सत्ता समीकरण को लेकर साफ संदेश दिया है कि पार्टी इस बार भी नीतीश के चेहरे पर ही चुनाव में उतरेगी। बीजेपी नहीं चाहती कि चुनाव से पहले नीतीश नाराज हों, और इसकारण से रोड शो में बीजेपी के अन्य वरिष्ठ नेता पीछे रहे।

पीएम मोदी के दौरे के बाद अब बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा पटना पहुंच रहे हैं। बिहार बीजेपी की रणनीति को लेकर लगातार बैठकों को दौर जारी हैं। हाल ही में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने भी पटना में प्रवक्ताओं और नेताओं को आरजेडी पर हमलावर रहने की रणनीति तैयार करा दी है। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सफलता के बाद अब यह सवाल उठा रहा है कि क्या बिहार में भी बीजेपी पीएम मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी, या फिर से नीतीश को आगे रखकर मैदान में उतरेगी? फिलहाल संकेत यही मिल रहे हैं कि बिहार में एनडीए की राजनीति का केंद्र बिंदु नीतीश ही हैं और बीजेपी उन्हें नाराज करने का जोखिम नहीं उठाएगी।

# ब्रह्माकुमारी राजयोग केन्द्र में मनायी गयी शिव जयंती

**डुमरी (ससे):** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की राजयोग केन्द्र कुलगो में सोमवार को ८९वां शिव जयंती महोत्सव मनाया गया।मुख्य अतिथि के रूप में राजयोग केन्द्र धनबाद की जूली दीदी बीके योगेश्वर भाई,बीके सरीता बहन रेफरल अस्पताल डुमरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार महतो सेवानिवृत्त शिक्षक जोधो राम मुखिया प्रतिनिधि जयकांत महतो,कमल भाई, टेकलाल चौधरी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।



संचालन बीके लालमणि भाई ने किया। इस दौरान जूली दीदी ने शिवरात्रि एवं शिव की महिमा पर प्रकाश डाला।उन्होंने लोगों से अध्यात्म से जुड़कर स्वयं को पहचानने की अपील की साथ ही ब्रह्मकुमारी प्रजापिता राजयोग शिक्षा केन्द्र में नियमित कोर्स करने को कहा ताकि मानवीय धर्म कर्म व ईश्वर की महत्ता को जान सके।इस दौरान मनुष्य से बुरे व्यसनों, शक्ति, अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष, बैर भाव को छोड़ने एवं सत्य की मार्ग पर चलने की अपील की गई। कहा कि आत्मा को परमात्मा से मिलाने में ब्रह्माकुमारियों की शांति दूत बनकर जन-जन को जगा रही हैं। कहा कि वर्तमान में देश दुनिया में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम, मानवीय प्रवृत्तियां, भौगोलिक वातावरण सब बदलाव का इशारा कर रही हैं.हर चीज इतनी अति में जा रही है जिनका वर्णन शास्त्रों तक में नहीं है.यह सब परिस्थितियां इशारा कर रही हैं कि परमात्मा के अवतरण का यही उचित समय है।इस दौरान भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें राजयोग केन्द्र इसरीबाजार से जुड़े बच्चियों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय गीत नृत्य एवं समाज की ज्वलंत समस्याओं व नाट्य की प्रस्तुति दी।

मौके पर पंसस खिरोधर साव, सुखदेव भाई, पुष्पा बहन, अनिता बहन, रोहित भाई, मदन भाई, राजू भाई, सरयू भाई, कैलाश भाई,उर्मिला बहन, हीना बहन, निशा बहन, मिथलेश भाई, फुलचंद भाई, सरीता बहन, सुधा बहन, बबीता बहन, विजय भाई किशोर भाई, दीलिप भाई, प्रीति बहन, भगीरथ भाई, गंगा बहन, संजू बहन, अंशु बहन, उषा बहन, खागो भाई, लक्ष्मी बहन, चम्पा बहन, सौरभ भाई आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# नशा उन्मूलन ब्याख्यान पर सरफराज अहमद हुए सम्मानित

**डुमरी (ससे):** रांची के शगुन बैंक्वेट हॉल में प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित युवा भारत के बोल सीजन-५ में युवा कांग्रेस के गिरिडीह जिला महासचिव सह जामतारा पंचायत निवासी सरफराज अहमद शामिल हुए। इन्हें नशा उन्मलन एवं बेरोजगारी की समस्या के समाधान विषय पर ब्याख्यान देना था।इस ब्याख्यान में अपनी बातों को सरल भाषा एवं प्रभावी ढंग से रखने के लिए इन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि पूरे झारखंड से अलग अलग ज्वलंत मुद्दों पर ब्याख्यान देने हेतु युवा कांग्रेस के १६ प्रतिभागियों का चयन किया गया था,जिनका ब्याख्यान २३ फरवरी को आयोजित था।सभी सफल प्रतिभागियों को युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजित राज युवा कांग्रेस के झारखंड प्रभारी ईशिता सेद्धा युवा इंडिया बोल के राज्य संयोजक मेहुल प्रसाद व राज्य प्रभारी विशाल यादव ने प्रमाण पत्र दिया।

# गड्ढे में मिला लापता उमरा का शव

**रोहतास (ईएमएस):** बिहार के रोहतास जिला पुलिस मुख्यालय डेहरी-ऑन सोन से करीब ५५ दिनों से लापता ५ साल की एक बच्ची का शव जल जमाव वाले गड्ढे से मिला है।

बड़ी बात यह है कि ५ वर्षीय उमरा की तलाश ७ थानों की पुलिस कर रही थी। वहीं, अब बच्ची का शव मिलने पर पुलिस पर भी सवाल उठ रहे है। ३१ दिसंबर २०२४ से गायब हुई उमरा का शव उसी के घर के पास मिलने से सनसनी फैल गई है।

# पीएम मोदी के भागलपुर दौरे से मोतिहारी में गजब का उत्साह

**पटना(ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मोतिहारी के उत्कृष्ट पशु प्रजनन केंद्र के लैब का वर्चुअली उद्घाटन भागलपुर से करेंगे। इसका सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र के अटल सभागार में एक हजार किसान देखेंगे। इसको लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों के खाते में सम्मान निधि की राशि हस्तांतरित करने के अलावा राज्य की कई परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे। इसमें बरौनी डेयरी संयंत्र का उद्घाटन, मोतिहारी में गोकुल मिशन के क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ, किसान उत्पादक संगठन का उद्घाटन, भागलपुर को कृषि हब बनाने की शुरुआत आदि शामिल है। भागलपुर में सोमवार को हो रही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा को लेकर हवाई अड्डा अभेद्य किले में तब्दील कर दिया गया है। परिंदा भी पर न मार सके ऐसी सुरक्षा रहेगी। न सिर्फ जमीन पर, बल्कि आसमान से भी नजर रहेगी। पीएम की सभा को लेकर लगभग सात सौ पुलिस पदाधिकारी और लगभग तीन हजार जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# सर्वश्रेष्ठ रेल इंजन उत्पादन कर चिरेका ने रचा इतिहास




**चित्तरंजन (ससे):** भारतीय रेल के इतिहास में चिरेका के गौरवशाली ७५ वर्ष और भारतीय रेलवे में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के १०० वर्ष के शानदार सफल यात्रा के उत्सव को यादगार बनाते हुए भारतीय रेलवे की अग्रणी इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव उत्पादन इकाई, चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) ने ६०० रेल इंजनों का उत्पादन कर एक बार फिर अपनी कार्य कुशलता, समर्पण और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है।

चालू वित्तीय वर्ष २०२४-२५ का ६००वां रेल इंजन थ-ऋ-९ ट्विन (एऋ१२घ लोको नंबर ६५०६०-) को आज २४ फरवरी को चिरेका परिसर से रवाना किया गया।


वित्त वर्ष २०२४-२५ के उच्च गुणवत्ता वाले ६००वें इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का सफल उत्पादन करके भारतीय रेल की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए चिरेका ने अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण दिया है। चालू वित्तीय वर्ष का कार्यकाल पूरा होने में अभी ३५ दिन शेष रह गए हैं। इस समय अवधि में उम्मीद है कि चिरेका उत्पादन का नया मानक स्थापित एक नया अध्याय रचेगा।

# 62 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया संगम में स्नान

**महाकुंभ नगर (ईएमएस):** महाकुंभ २०२५ की समाप्ति में अब मात्र दो दिन का समय ही शेष रह गया है। लेकिन वहीं दूसरी ओर समापन की घड़ी नजदीक आने के साथ ही संगम में स्नान करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। २६ फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान पर्व के साथ ४५ दिनों तक चलने वाले महाकुंभ का समापन हो जायेगा।

इस पावन अवसर पर दिव्य स्नान का पुण्य लाभ लेने के लिये देश दुनिया के कोने कोने से श्रद्धालु तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर कदम रख रहे हैं।

सोमवार को स्नान करने वालों का तांता लगा हुआ है और सुबह दस बजे तक करीब ५५ लाख श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके थे जिन्हे मिला कर अब तक महाकुंभ में संगम स्नान करने वालों की संख्या ६२ करोड़ से अधिक हो चुकी है।



सोमवार को भी कई अति विशिष्ट महानुभावों ने पावन त्रिवेणी में डुबकी लगा पुण्य की प्राप्ति की।

आज डुबकी लगाने वालों में फिल्म स्टार अक्षय कुमार ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। वहीं सिने तारिका कटरीना कैफ ने भी स्वामी चिदानंद सरस्वती के आश्रम में पहुंचकर सनातन संस्कृति के पावन पर्व की सुखद अनुभूति प्राप्त की। संगम में स्नान करने के बाद बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने कहा, मैंने खूब आनंद लिया। इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बेहतरीन व्यवस्था करवाई। २०१९ के कुंभ में लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं, लेकिन इस बार सब कुछ बहुत सुव्यवस्थित है। इस अवसर पर उन्होंने पुलिसकर्मियों और सफाई कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत से ही यह आयोजन इतना सफल हो पाया है। इस बीच, बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे भी अपने परिवार के साथ महाकुंभ प्रयागराज पहुंचीं। उन्होंने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर आस्था और अध्यात्म का अनुभव किया। संगम में स्नान के बाद सोनाली बेंद्रे ने कहा कि यहां आकर उन्हें अपार शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। उन्होंने इस दिव्य आयोजन में शामिल होकर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता को और करीब से महसूस किया।

उधर, अंतिम स्नान पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की आशंका के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले मार्गो पर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुयी हैं वहीं संगम तट पर बड़ी संख्या मे स्नान ध्यान का क्रम अनवरत जारी है।

# ट्रक व ऑटो की जोरदार टक्कर, 7 की मौत

**मसौढ़ी (एजेंसी)**: राजधानी पटना में स्थित शहर मसौढ़ी में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है. जहां मसौढ़ी से नौबतपुर जाने वाली सड़क पर दर्दनाक सड़क हादसा में ७ लोगों की मौत हो गई है, जबकि ३ लापता हैं. यह घटना देर रात धनीचक गांव के समीप हुई है. जहां एक ऑटो और ट्रक की जोरदार टक्कर हुई. टक्कर इतनी भयानक थी कि इसके बाद दोनों वाहन सड़क किनारे पानी भरे पइन में पलट गया. स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, सूचना मिलते ही मसौढ़ी एसडीएम और डीएसपी मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से बचाव कार्य शुरू किया गया.

झारखण्ड सरकार

## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

नियोजनालय, तेनुघाट, बोकारो

### दत्तोंपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला - 2024–25 से संबधित सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों का निजी क्षेत्र की कम्पनीयों द्वारा नियोजन (Employment) के उद्देश्य से दिनांकः– 25.02..2025 (मंगलवार) को पूर्वाहन 10 बजे से अपराहन 3:30 बजे तक नियोजनालय, तेनुघाट, बोकारो द्वारा (दुर्गा मंडप, तेनुघाट, बोकारो) में एक दिवसीय दत्तोंपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला –2024–25 का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी सूचना निम्नवत हैं–

**M/S People Mantra**

| Sl. No. | Name of the Post | No. of Vacancies | Qualification Required Essential* | Experience (Ifany) | Age(Min.-Max.) | Pay/Salary | PF&ESI (Yes/No) | Accommodation and Fooding | Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | vi | vii | viii | ix | x | xi |
| 1 | Trainee | 100 | 10/12 pass | No | 18 to 36 | 15050/- per month | YES | NO | Mehsana, Gugrat |

**M/S SEWA SAHYOG SECURITIES AND FACILITY MANAGEMENT PVT LTD.**

| Sl. No. | Name of the Post | No. of Vacancies | Qualification Required Essential* | Experience (Ifany) | Age(Min.-Max.) | Pay/Salary | PF&ESI (Yes/No) | Accommodation and fooding | Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | vi | vii | viii | ix | x | xi |
| 1 | Security Guard | 136 | Matric | fresher | 18 to 45 yrs | 10,000 to 18,000 | YES | YES | Jharkhand, west bangal, Orisa |
| 2 | Security Supervisor | 10 | Graduation | one year | 22 to 45 yrs | 15000-20000 | YES | YES | Jharkhand, west bangal, Orisa |
| 3. | Housekeeping | 25 | Matric | Fresher | 18 to 45 Yrs | 7,000 to 12,000 | Yes | YES | Jharkhand, west bangal, Orisa |
| 4. | Housekeeping Supervisor | 05 | Graduation | 1 yr to house keeping | 22 to 45 yrs | 8,000 to 15,000 | Yes | YES | Jharkhand, west bangal, Orisa |
| 5. | Area manager | 25 | Graduation | Min 5 yrs | 18 to 45 yrs | 20,000 to 25,000 | Yes | Yes | Jharkhand, west bangal, Orisa |
| 6. | Security Officer | 08 | Graduation | Ex-army/min 5yrs in security senior post | 35-45 yrs | 25,000 to 35000 | yes | yes | Jharkhand, west bangal, Orisa |
| 7. | Office Staff | 05 | Graduation | Exp in security sector, computer knowledge | 25-45 yrs | 8,000 to 20,000 | yes | yes | Jharkhand, west bangal, Orisa |
| 8. | Field Officer | 10 | Graduation | Exp in security sector, computer knowledge, Own bike license | 25 to 45 yrs | 15,000 to 25,000 | yes | yes | Jharkhand, west bangal, Orisa |
| 9. | Marketing Executive | 10 | Graduation | Exp in security sector, computer knowledge, Own bike license | 30-35 yrs | 16,000 to 25,000 | yes | yes | Jharkhand, west bangal, Orisa |
| 10. | Driver | 05 | Non- Matric | 2 yrs | 25-45 yrs | 10,000 to 15,000 | yes | yes | Jharkhand, west bangal, Orisa |

**GSA FOUNDATION**

| Sl. No. | Name of the Post | No. of Vacancies | Qualification Required Essential* | Experience(Ifany) | Age(Min.-Max.) | Pay/Salary | PF&ESI (Yes/No) | Accommodation and fooding | Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | vi | vii | viii | ix | x | xi |
| 1 | CNC Machine Operator | 100 | 10th ,12th ,ITI, Graduation, Diploma | NIL | 18-36 | **14,000 to 17,000** | YES | Yes | RAJKOT |

**DZIRE GROUP**

| Sl. No. | Name ofthe Post | No. of Vacancies | Qualification Required Essential* | Experience(Ifany) | Age(Min.-Max.) | Pay/Salary | PF&ESI (Yes/No) | Accommodation and fooding | Placeof Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | vi | vii | viii | ix | x | xi |
| 1 | Technical Operator | 100 | ITI, BSc. | No | 18 to 30 Yrs | 12500 to 16062 | Yes | Yes | Rajasthan |
| 2 | Technical Operator | 100 male/ femaile | 12th, ITI, Diploma | No | 18 to 30 Yrs | 11500 to 13000 | PF+ESIC | Yes | Gurugram, Haryana, Rudrapur Utrakhand |
| 3 | Apprenticeship, Vocational Training | 100 Male only | ITI | No | 18 – 30 YRS | 12000 | PF+ESIC | Yes | IMT Rohtak, Haryana |
| 4. | Technical Operator | 100 Male/ Female | ITI, Diploma | No | 18-32 yrs | 14000 | Yes | Yes | Faridabad, Haryana |
| 5. | Technical Operator | 100 Male only | 10th, 12th, Diploma, ITI | No | 18-30 yrs | 14000 to 16000 | Yes | YES | Rohatak, Hariyana |
| 6. | Technical Operator | 100 Male only | ITI | No | 18-30 yrs | 12000 to 14000 | Yes | Yes | Panchkula, Harayana |

**Namra Finance Limited**

| Sl. No. | Name of the Post | No.of Vacancies | Qualification Required Essential* | Experience(Ifany) | Age(Min.-Max.) | Pay/Salary | PF&ESI (Yes/No) | Accommodation and fooding | Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | vi | vii | viii | ix | x | xi |
| 1 | Field Work | 12 | 12th , Graduation | No | 18-32 yrs | 12000 | YES | YES | Khunti, Torpa, Bero, Buty More, BALUMATH, Panki, Daltonganj, GOMOH |

**TMI Group**

| Sl. No. | Name ofthe Post | No.of Vacancies | Qualification Required Essential* | Experience(Ifany) | Age(Min.-Max.) | Pay/Salary | PF&ESI (Yes/No) | Accommodation and fooding | Placeof Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | vi | vii | viii | ix | x | xi |
| 1 | FOS –Feet on Street | 10 | Graduate | 6 month sales experience | 21-34 yrs | 19500 | YES | yes | Jharkhand |
| 2 | Digital Banking Executive | 20 | Graduate | Fresher/ 6 month sales experience | 21-32 yrs | 16500 to 21200 | YES | yes | Jharkhand |

**RELIABLE FIRST ADCON PVT LTD**

| Sl. No. | Name of the Post | No. of Vacancies | Qualification Required Essential* | Experience(Ifany) | Age(Min.-Max.) | Pay/Salary | PF&ESI (Yes/No) | Accommodation and fooding | Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | vi | vii | viii | ix | x | xi |
| 1 | Trainee | 500 | 10th, 12th | NIL | 18-35 | 15000 to 18000 | YES | YES | Rajasthan, Gujrat, Banglore, Hyderabad |

**RJ MANPOWER SYNC SOLUTION PVT. LTD.**

| Sl. No. | Name of the Post | No. of Vacancies | Qualification Required Essential* | Experience(Ifany) | Age(Min.-Max.) | Pay/Salary | PF&ESI (Yes/No) | Accommodation and fooding | Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | vi | vii | viii | ix | x | xi |
| 1 | Technical Helper | 20 | 10 | no | 18-40 | 10000 | YES | Yes | Pataratu, Hazaribagh |
| 2 | Civil Helper | 50 | 5th | 1Yr | 18-40 | 15000 | YES | YES | Odisha |
| 3 | SECURITY GUARD | 20 | 10th | 1Yr | 23-40 | 25000 | YES | YES | Raipur |
| 4 | Masson | 20 | Any | 1Yr | 18-40 | 20000 | YES | Yes | Odisha |
| 5 | Bar Vendor | 20 | Any | 1Yr | 18-40 | 20000 | YES | Yes | Odisha |
| 6 | Carpainter | 10 | Any | 1Yr | 18-40 | 20000 | YES | No | Odisha |
| 7 | Accountant | 05 | 12th Com. | 1Yr | 18-40 | 18000 | YES | NO | Ranchi |
| 8. | Driver | 02 | 8th | 2Yr | 18-40 | 15000 | Yes | Yes | Ranchi |
| 9. | House Keeping | 25 | 8th | No | 18-40 | 14000 | Yes | Yes | Jamshedpur, Asansol |
| 10. | Security Guard | 15 | 10th | No | 18-40 | 15000 | Yes | Yes | Gharwa |
| 11. | OD Collection | 25 | 12th /OW\wn Bike must | No | 18-35 | 19500 | Yes | No | All Jharkhand |
| 12. | Loan Officer | 17 | 12th | No | 18-28 | 15000 | Yes | No | All Jharkhand |
| 13. | Civil Engineer | 05 | Diploma/ITI/B.tech | 1Yr | 21-40 | 15000 to 35000 | Yes | No | Ranchi, Dhanband,Khunti |
| 14. | Trainee | 05 | 12th /ITI | Yes | 21-40 | 12000-25000 | Yes | Yes | Khunti |

**RS STAFFING SOLUTIONS INDIA PVT LTD,**

| Sl. No. | Name of the Post | No. of Vacancies | Qualification Required Essential* | Experience(Ifany) | Age(Min.-Max.) | Pay/Salary | PF&ESI (Yes/No) | Accommodation and fooding | Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | vi | vii | viii | ix | x | xi |
| 1. | Helper | 500 | 10th+Above | No | 18-35 | 16659-17168 | YES | Yes | Manesar, Gurugram , Harayana |
| 2. | Production Support | 80 | 5th,8th 10th | No | 18-35 | 16513-18716 | Yes | No | Chittor, Andhrapradesh |
| 3. | Tagger | 10 | 12th | No | 18-35 | 11009-12477 | Yes | Yes | Chittor, Andhrapradesh |
| 4. | Production Support | 15 | 10th,12th,ITI, Diploma | No | 18-30 | 10900-12356 | Yes | No | Chittor, Andhrapradesh |
| 5. | Production Support | 20 | 5,8,10,12,ITI,Graduation | No | 18-30 | 17295-18954 | Yes | No | Chittor, Andhrapradesh |
| 6. | Prod, Logistics, Forklift | 15 | 8,10,12, Graduation | 1Yr | 18-35 | 16000-17875 | Yes | No | Chittor, Andhrapradesh |
| 7. | Loading Sup | 04 | 12th + Above | 1Yr | 25-35 | 18000-19875 | Yes | No | Chittor, Andhrapradesh |
| 8. | Production Support | 70 | ITI, Diploma | No | 18-30 | 14988-16931 | Yes | No | Chittor, Andhrapradesh |
| 9. | Helper | 200 | 10th + Above | No | 18-35 | 10017-11000 | Yes | No | Tapukara, Dist alwar, Rajasthan |

**AAKASH EXPLORATION SERVICES LTD (ONGC)**

| Sl. No. | Name of the Post | No. of Vacancies | Qualification Required Essential* | Experience (Ifany) | Age(Min.-Max.) | Pay/Salary | PF&ESI (Yes/No) | Accommodation and fooding | Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | vi | vii | viii | ix | x | xi |
| 1 | Rig In charge | 01 | Graduate in Engineering. (Chemical / Petroleum / Mechanical / Mining/ Electrical / Electronics / Instrumentation | 3 year OR 4 Years (Experience Should Be In Work over Rig Operations) | 30-65 | As per Minimum wages rate by India Govt. Schedule or Company Norms | YES | YES | Jharkhand & West Bengal |
| 2. | HSE Co-coordinator | 01 | Graduate in Engineering. (Chemical / Petroleum / Mechanical / Mining/ Electrical / Electronics / Instrumentation | 2 years or 3 Years (Experience Should Be In Work over Rig Operations) | 30-65 | As per Minimum wages rate by India Govt. Schedule or Company Norms | Yes | Yes | Jharkhand & West Bengal |
| 3. | Shift In-Charge | 01 | Graduate in Engineering. (Chemical / Petroleum / Mechanical / Mining/ Electrical / Electronics / Instrumentation | 2 years or 3 Years Or 8 +Years Or 10+ Years (Experience Should Be In Work over Rig Operations) | 30-57 | As per Minimum wages rate by India Govt. Schedule or Company Norms | Yes | Yes | Jharkhand & West Bengal |
| 4. | Electrician | 01 | Diploma in Electrical | 4+ Years (Experience Should Be In Work over Rig Operations) | 25-57 | As per Minimum wages rate by India Govt. Schedule or Company Norms | Yes | Yes | Jharkhand & West Bengal |

**नोट** :– दत्तोंपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला –2024–25 में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निंबधित होना आवश्यक हैं। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र एवं अपने बायोडाटा के साथ रोजगार मेला में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्व भर्ती के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। विशेष जानकारी के लिए नियोजनालय, तेनुघाट, बोकारो से सम्पर्क कर सकते हैं।

नियोजन पदाधिकारी
नियोजनालय, तेनुघाट, बोकारो

PR 347043 Labour Employment and Traning (24-25)_D

# पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी



**भागलपुर,(ईएमएस)**: दिल्ली में विजय होने के बाद बीजेपी अब बिहार को साधने में जुट गई है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भागलपुर में कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की १९वीं किस्त जारी की। इस मौके पर उन्होंने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के द्वारा करीब ९.८ करोड़ किसानों के खातों में २२ हजार करोड़ रुपये भेज दिए।

इस मौके पर पीएम मोदी ने रैली को संबोधित कर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्वागत कर उन्हें हमारे लाडले मुख्यमंत्री कहकर संबोधित किया। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष, विशेष रूप से राजद प्रमुख और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं, वे कभी भी स्थितियों को नहीं बदल सकते। पीएम मोदी ने कृषि क्षेत्र में किए गए सुधारों को गिनाकर कहा कि पहले किसानों को यूरिया के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं और इतना ही नहीं यूरिया की कालाबाजारी होती थी, लेकिन आज किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भी किसानों को खाद की कोई कमी नहीं होने दी गई। प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से दिए गए अपने भाषण को याद कर कहा कि विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं: गरीब, किसान, युवा, नारी शक्ति! उन्होंने कहा कि चाहे एनडीए की सरकार केंद्र में हो या बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में, किसान कल्याण हमेशा हमारी प्राथमिकता में रहेगा।

भागलपुर दौरे के दौरान सोमवार को पीएम मोदी एक अनोखा दिखाई दिया। पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक साथ रोड शो किया, जहां पीएम मोदी जनता का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे, वहीं नीतीश कुमार हाथ जोड़कर उनके साथ खड़े रहे। इस बदले हुए अंदाज ने राजनीतिक हलकों में चर्चाओं को तेज कर दिया है।

इस दौरे में पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की १९वीं किस्त जारी की, इससे १० करोड़ किसानों के बैंक खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर किए गए। इसके अलावा, उन्होंने बिहार की कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

कार्यक्रम में बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे। हालांकि, रोड शो में सिर्फ पीएम मोदी और नीतीश ही नजर आए, जिससे बिहार की जनता को साफ संदेश दिया गया कि आगामी चुनावों में नीतीश की भूमिका अहम रहेगी।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, पीएम मोदी का यह दौरा २०२५ के विधानसभा चुनावों की तैयारियों का हिस्सा है। नए साल में पीएम मोदी का यह पहला बिहार दौरा है, जो बीजेपी की चुनावी रणनीति को लेकर कई संकेत देता है।

इतना ही नहीं भागलपुर में पीएम मोदी और नीतीश का संयुक्त रोड शो एनडीए की एकता को दिखाने का मौका है। बिहार बीजेपी भी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि चुनाव से पहले किसी भी तरह की गलतफहमियां न बनें और २०२५ का चुनाव मोदी-नीतीश गठबंधन के चेहरे पर लड़ा जाए। वहीं रोड़ शो में पीएम मोदी ने नीतिश को साथ लाकर साफ कर दिया हैं कि बीजेपी बिहार में नीतीश को आगे रखकर ही चुनावी रण में उतरेगी। पीएम मोदी और नीतीश कुमार की यह कैमिस्ट्री एनडीए के भीतर संतुलन बनाए रखने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है।

## कार्यालय नगर निगम, गिरिडीह

ई–मेलः giridihmunicipalcorporation@gmail.com

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गिरिडीह नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सिहोडीह अवस्थित विद्युत शवदाह गृह का संचालन एवं रख–रखाव किया जाना है। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति / फर्म / एजेन्सी विहित् शर्तों के साथ अपना अपना आवेदन समर्पित कर सकते हैं। आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक 11.03.2025 तक है।

शर्तें–

1. आवेदन के साथ इच्छुक व्यक्ति / फर्म / एजेन्सी का आधार कार्ड, पेनकार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र तथा इस आशय का शपथ पत्र कि व्यक्ति / फर्म / एजेन्सी किसी काली सूची में दर्ज नहीं है एवं अपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं है, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. आवेदन के साथ उप नगर आयुक्त, नगर निगम, गिरिडीह के नाम से प्रति ज्ञापित रू० 5000 / –(पांच हजार) का डिमांड ड्राफ्ट,संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो Non Refundable होगा।
3. संचालन एवं रख–रखाव का कार्य 01 (एक) वर्ष के लिए मान्य होगा। इसके पश्चात् कार्य का आकलन के बादकार्य अवधि बढ़ायी जा सकती है। कार्य संतोशप्रद नहीं रहने की स्थिति में 01 (एक) वर्ष के पूर्व भी कार्य भार से मुक्त किया जा सकता है।
4. आपके द्वारा यथा निर्धारित सेवा शुल्क रू० 4000 / – (चार हजार) प्रति शवदाह हेतु लिया जा सकेगा।
5. उक्तकार्य की देख–रेख (संचालन एवं रख–रखाव) के लिए गिरिडीह नगर निगम के द्वारा किसी भी प्रकार की राशि देय नहीं होगी।
6. बिजली विपत्र, जल कर इत्यादि का भुगतान आपके द्वारा किया जायेगा।
7. निर्मित संरचना एवं भूमि का स्वामित्व गिरिडीह नगर निगम का रहेगा। निर्मित संरचना में किसी भी प्रकार का परिवर्तन या निर्माण गिरिडीह नगर निगम के बिना पूर्वानुमति के नहीं होगा।
8. विद्युत शवदाह गृह का उपयोग किसी भी निजी व्यापारिक उद्देश्य के लिए किया जाना सर्वथा निशिद्ध रहेगा। विद्युत शवदाह गृह परिसर एवं इसके आस–पास किसी भी असामाजिक गतिविधि / गैरकानूनी कार्य के मामले में सारी जिम्मेवारी आपकी होगी एवं ऐसी स्थिति में आवंटित कार्य को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
9. जिस हालतव सामग्री के साथ विद्युत शवदाह गृह सौंपी जाएगी तय समयावधि समाप्त होने के उपरांत उसी हालत व सामग्री के साथ इस कार्यालय को सुपुर्द करना अनिवार्य होगा।
10. उपरोक्त में से किसी भी शर्त को बदल नेव शिथिल करने का अधिकार गिरिडीह नगर निगम, गिरिडीह को निहित होगा। किसी भी तरह के वाद–विवाद की स्थिति में गिरिडीह न्यायालय में हीवाद का निपटारा किया जायेगा।
11. चयनहेतु अंतिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी का मान्य होगा, जिस पर किसी तरह का दावा या आपत्ति नहीं किया जा सकेगा।
12. इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए गिरिडीह नगर निगम कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक,
नगर निगम, गिरिडीह

PR 347063 Urban Development(24-25)#D

## अधीक्षक का कार्यालय, शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद।

पत्रांक :– 289 / SNMMCH    दिनांक :– 24.02.2025

### ई–निविदा सूचना

शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद के रक्त केन्द्र के लिये वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के लिए Blood Storage Refrigerator, Deep Freezer 40° C, Deep Freezer 80° C एवं Blood Collection Monitor मानक स्तर के निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत एवं अनुभवी वितरक से अस्पताल में उपयोग हेतु मशीन / उपकरणों की आपूर्ति एवं यथावाश्यक अधिष्ठापन हेतु 2–बोली व्यवस्था (2-bid system) के अन्तर्गत निम्नांकित शर्तो के अधीन ONLINE निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि– 18.03.2025 को संध्या 5.00 बजे तक होगी। इच्छुक संवेदक द्वारा निविदा को www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0 / –
अधीक्षक
शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद।

PR 347111 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह (जिला योजना शाखा)

Email Id :- dpo-giridih@jharkhandmail.gov.in & dpo.giridih@gmail.com

### Expression of Interest (EOI)आमंत्रण सूचना

नीति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त award Money के आलोक में गिरिडीह जिला में पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में नीति आयोग द्वारा अनुमोदित निम्नांकित कार्यों के निमित्त Expression of Interest (EOI) जिला योजना शाखा, गिरिडीह में आमंत्रित की जाती है, जिसकी संक्षिप्त विवरणी निम्नवत् है :–

| Sl. No. | Particulars | EOI No. |
|---|---|---|
| 1. | Renovation of Thalessemia and Hemophilia Treatment Child Care Unit, Sadar Hospital, Giridih. | NITI/GRD/24-25/01 |
| 2. | Strenghthening Growth monitoring & Anemia Tracking in 800 selected AWCs in Giridih District. | NITI/GRD/24-25/02 |
| 3. | Implementation Of Digital Live Classes as per JAC syllabus, 24X7 Real time concept and doubt clearing sessions, career counseling and JEE-NEET competitive exam preparation for students of class 11th& 12th in selected government schools of Giridih District. | NITI/GRD/24-25/03 |
| 4. | Establishment of 6 solar cold storage Units (10 MT Capacity) in Giridih District. | NITI/GRD/24-25/04 |

विस्तृत कार्य तथा निविदा की शर्त्तों का विवरण सूचना पट्ट एवं आधिकारिक बेबसाईट http://giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

नोट :–Expression of Interest (EOI) समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय :–
दिनांक–05.03.2025 समय अपराह्न 12.30 बजे तक

उपायुक्त–सह–जिलादण्डाधिकारी गिरिडीह    जिला योजनापदाधिकारी गिरिडीह

PR 347039 Planning and Development(24-25).D

## झारखण्ड सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना अति अल्पकालिन (प्रथम आमंत्रण)

ई–निविदा सूचना संख्या - (धनबाद) 23/2024-25    तिथि – 24-02-2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 27-02-2025 समय 02.00 बजे अपराहन् तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 07-03-2025 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखंड मंत्रालय के ज्ञापांक–120 दिनांक–03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन का राशि ऑनलाईन जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय | 07-03-2025 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 08-03-2025 समय 05:00 बजे अपराहन् |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक अंचल, दुमका। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पदनाम :- | ई0 मयंक कुमार भगत, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 0326–2308988 |
| 8 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 0651–480345 |

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि(रू० में) | अग्रधन की राशि(रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Complete Rewinding, Overhauling and Repairing of 01 No of 3.15MVA [Outdoor Copper Wounded Transformer 33KV/11KV, 03 Phase, 50Hz, Vector Group-Dyn11, (Make:- Voltech Manufacturing Company Ltd.)] at Boosting Station Pumping Plant Siyalgudri of Dhanbad Urban Water Supply Scheme JnNURM under D.W. & S. Mech. Division, Dhanbad | 15,77,824.00 | 31,600.00 | 5,000.00 | 02 माह |

**नोट** – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
उपरोक्त किसी तिथि को अवकाश घोशित होने पर अगले कार्य दिवस की तिथि को माना जायेगा।

ऐसे संवेदक जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार का निबंधन प्राप्त नहीं है वे भी निविदा में भाग ले सकते है बशर्ते कि वैसे सफल निविदादाता को एकरारनामा के पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,झारखण्ड, में निबंधन पत्र प्राप्त कर लेना होगा।

निविदा की सूचना तथा नियम शर्ते की जानकारी वेबसाईट www.prdjharkhand.in , प्रमंडलीय तथा अंचल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtender.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद।

PR.NO.347055 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

# धोनी के साथ क्रिकेट खेल चुके शख्स की गोली मारकर हत्या

**भागलपुर (ईएमएस)**: एक और भागलपुर शहर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर हाई अलर्ट मोड पर था। वहीं दूसरी ओर, रात १०:०० बजे शहर में मर्डर हो गया। मामला टीएनबी कॉलेज परिसर स्थित सरकारी क्वार्टर का है। जहां प्रभु नारायण मंडल (४०) को सरकारी क्वार्टर में घुसकर सीने में गोली मार दी गई। मृतक पिता स्वर्गीय रूप नारायण मंडल मूलरूप से नसरतखानी का रहने वाला था। साथ ही टीएनबी कॉलेज में तृतीय वर्गीय कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। मृतक सद्भावना कप में पूर्व भारतीय टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ क्रिकेट खेल चुका था।

वहीं, घटना स्थल पर मौजूद लोगों और प्रत्यक्षदर्शी ने टीएनबी कॉलेज के कर्मचारी शंभू नाथ झा के बेटे संजीव झा पर हत्या का आरोप लगाया है।

वहीं, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभु नारायण चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी शादी भी नहीं हुई थी। घटनास्थल पर कमरे में मौजूद मृतक प्रभु नारायण मंडल के दोस्त ने बताया कि भारत पाकिस्तान के मैच खत्म होने के बाद हम लोग मैच पर ही चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हमलोग हर दिन साथ में ही बैठते थे। इसी बीच पास के ही रहने वाले संजीव झा कमरे में पहुंचा और जेब से पिस्टल निकालकर प्रभु के सीने में गोली मारकर फरार हो गया।

सत्यम ने बताया कि जब तक मैं कुछ समझ पाता तब तक प्रभु छटपटाने लगा। मैं प्रभु को वहां से घसीटते हुए पहले बाहर लाया फिर अन्य लोगों को फोन कर उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन मैं अपने दोस्त को नहीं बचा पाया। वहीं, प्रभु के पास के ही रहने वाले भतीजे ने बताया कि प्रभु नारायण मंडल जिला स्तरीय क्रिकेट खिलाड़ी था।

# गिद्धों को लाशें नजर आती हैं सनातन की सुंदरता नहीं : सीएम योगी

लखनऊ (ईएमएस): उप्र विधानसभा के बजट सत्र के दौरान महाकुंभ को लेकर विपक्ष द्वारा की गयी आलोचना और टिप्पणियों से नाखुश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादियों और वामपंथियों को सनातन की सुंदरता रास नहीं आ रही है। उन्होंने एक सोशल मीडिया टिप्पणी के माध्यम से विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसे वो मिला। गिद्धों को केवल लाश मिली। सुअरों को गंदगी मिली। संवेदनशील लोगों को रिश्तों की खूबसूरत तस्वीर मिली। आस्थावानों को पुण्य मिला। गरीबों को रोजगार मिला। अमीरों को धंधा मिला। श्रद्धालुओं को साफसुथरी व्यवस्था मिली। पर्यटकों को अव्यवस्था मिली। सद्भावना वाले लोगों को जातिरहित व्यवस्था मिली। एक ही स्थान पर सभी जाति के लोगों ने स्नान किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को लेकर किए जाने वाले प्रश्न समाजवादियों और वामपंथियों की नीयत को दर्शाते हैं।



राज्यपाल के अभिभाषण पर सत्तापक्ष द्वारा लाये गए धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इस पर हुई चर्चा को विराम देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष द्वारा उठाये गए मुद्दों एवं आरोपों का सिलसिलेवार जवाब दिया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ की व्यवस्थाओं को मैंने खुद देखा है। सपा सरकार में हुए कुंभ में एक गैर सनातनी को कुंभ का प्रभारी बना दिया गया था क्योंकि तब के मुख्यमंत्री के पास इसके लिए समय नहीं था। उन्होंने कहा कि सनातन के आयोजनों से यूपी को नई पहचान मिली है। प्रदेश के बारे में लोगों की धारणा बदली है। प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। यही कारण है कि लाखों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आ रहे हैं। हम लोगों ने अब तक १६ लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा है जिससे कि ६० लाख युवाओं को रोजगार मिला है। ये डबल इंजन की सरकार का ही परिणाम है कि आज दुनिया भर के देश यूपी में निवेश के लिए आ रहे हैं।

डा. आंबेडकर को लेकर विपक्ष द्वारा लगाये गए आरोपों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी कब से डॉ आंबेडकर को सम्मान देने लगे। कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम डॉक्टर अंबेडकर के नाम पर था किसने बदल दिया। गेस्ट हाउस कांड पर तो चर्चा नहीं करना चाहता हूं, महिलाओं के प्रति आपका नजरिया क्या है महापुरुषों के प्रति आपका नजरिया क्या है किसी से छिपा नहीं है। जिसको दुनिया ने देखा हो जिसको दुनिया ने अपनी आंखों से देखा हो उसको कहीं से क्लीन चिट मिल जाए उससे आप कभी छुटकारा नहीं पा सकते। समाजवादी पार्टी के आचरण से हर सभ्य समाज हमेशा भयभीत रहा है। सीएम योगी ने कहा कि डॉ आंबेडकर से जुड़े पंच तीर्थ का निर्माण भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कराया।

लखनऊ में डॉक्टर अंबेडकर के नाम पर एक सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण भी डबल इंजन की सरकार करा रही है। सीएम योगी ने कहा मानव का मानव होना उपलब्धि है, मानव का दानव होना पराजय है। आपने कुंभ को स्वीकार किया, मान्यता यही है कि जब समाजवादी अंतिम पायदान पर खड़ा होता है तो उसे धर्म की याद आती है। उन्होंने कहा कि मैं बौद्ध, जैन, सिख सभी धर्मों को मानता हूं। सनातन धर्म के साथ बौद्ध धर्म के तीर्थ स्थलों का भी विकास कर रहे हैं। हम इस धरा पर जन्म लेने वाले सभी पंथ धर्म का सम्मान करते हैं।

भारत के अंदर जन्म लेने वाले सभी उपासना वालों को मानते हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में निषाद राज और भगवान राम की ४६ फुट ऊंची प्रतिमा का निर्माण भी सरकार ने कराया।

हमने पिछले ८ सालों में उत्तर प्रदेश की पहचान को बढ़ाने के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में सनातनी होना बहुत कठिन है, भगवान राम और कृष्ण के अस्तित्व को ही अस्वीकार करने वाले लोग हैं समाजवादी पार्टी के लोग। हमने कहा था कृष्ण की बहुत बड़ी प्रतिमा लगेगी तो आप लोगों ने कहा था दुर्योधन की प्रतिमा लगेगी अब दुर्योधन को ही आदर्श मानते हैं समाजवादी।

विधानसभा में सीएम योगी ने कहा पिछले ८ साल में ६ करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया। यूपी में हमने १३५७ हजार ऐसे परिवार चिन्हित किए हैं अगले २ वर्ष में हम इन सब के जीवन स्तर को इतना बढ़ाएंगे कि यह परिवार सवा लाख से डेढ़ लाख वार्षिक आय वाला परिवार होगा। जिसकी जहां पर जमीन वहीं पट्टा देगी सरकार, ड्रोन द्वारा स्कैनिग की जाएगी और जमीन की जांच कराई जाएगी। सीएम योगी ने कहा यूपी पुलिस भर्ती में १५६००० से अधिक विभिन्न पदों पर हम भर्ती संपन्न कर चुके हैं, हम ३०००० अन्य नई भर्ती लेकर आ रहे हैं।

यूपी सीएम ने कहा कि आप संविधान को लेकर घूमते हैं, लेकिन आपका दृष्टिकोण क्या है, माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान शोर-शराबे से हम यह अनुमान लगा सकते हैं। उस प्रकार का व्यवहार संवैधानिक है, तो असंवैधानिक क्या है? आप लोग भाषण बहुत देते हैं, लेकिन आप लोगों का जो वास्तविक आचरण है, वह सपा सेल का सोशल मीडिया का हैंडल है। लोकतंत्र के उनके विचारों का एक ऐसा माध्यम है, जिसमें स्वस्थ समाज लज्जा महसूस करता है।

सीएम ने कहा कि आलोचना के बावजूद विपक्ष ने भी माना कि महाकुंभ में अगर विश्वस्तरीय व्यवस्था नहीं होती तो अब तक ६३ करोड़ श्रद्धालु न आते, अभी २६ फरवरी तक यह संख्या ६५ करोड़ पार होगी। आपने कहा कि महाकुंभ में एक जाति विशेष के लोगों को रोका गया। हमने कहा कि किसी को रोका नहीं गया है, अगर किसी ने अव्यवस्था फैलाई तो उसको इसकी इजाजत नहीं।

# प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते लालू यादव अब सनातन का विरोध करने लगे : चिराग पासवान

पटना (एजेंसी): विदेश से बिहार वापस लौटते ही केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने राजद सुप्रीमो लालू यादव पर बड़ा हमला बोला है. महाकुंभ पर राजद अध्यक्ष के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए चिराग पासवान ने लालू यादव को सनातन विरोधी बताया है. चिराग पासवान ने कहा कि आप किसी की आस्था का इस तरह से अपमान नहीं कर सकते हैं. उसकी आस्था को इस तरीके से नहीं बोल सकते हैं?



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते हुए लालू यादव अब सनातन का विरोध करने लगे हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की बड़ी आबादी आस्था में विश्वास रखती है. वहां पर ६० करोड़ आबादी अभी तक स्नान कर चुकी है. उसका अपमान किया जा रहा है.

ममता बनर्जी और लालू यादव पर निशाना साधते हुए चिराग ने कहा कि जहां ६० करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं. कोई उसको मृत्युकुंभ बोल रहा है, तो लालू जी उसको फालतू बता रहे हैं. चिराग ने कहा कि यह गलत है, आप सरकार का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री का विरोध करते, प्रधानमंत्री का विरोध करते. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये लोग पीएम मोदी का विरोध करते-करते सनातन का विरोध करने लगे. चिराग ने कहा कि जिस भाषा का आप या विपक्ष के लोगों के द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है, यही कारण है कि इन लोगों ने जो गठबंधन बनाया था, वह ध्वस्त होते नजर आ रहा है.

चिराग पासवान ने कहा कि इनको यही सारे बयान विधानसभा चुनाव में भोगने पड़ेंगे. चुनाव में जनता इसका करारा जवाब देगी. सनातनियों का अपमान करने नतीजा क्या होता है, जनता इनको बताएगी. वहीं चिराग पासवान ने नीतीश कुमार के बेटे निशान की राजनीति एंट्री को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी. चिराग ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत और पारिवारिक फैसले है. इसमें कोई क्या कर सकता है, हर कोई स्वतंत्र है.

# जंगली हाथियों ने घरों को किया ध्वस्त



टुंडी (ससे) : धनबाद जिले के टुंडी प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र पुरनाडीह पंचायत में जंगली हाथियों का आतंक देखने को मिला है। १८ की संख्या में कई गांवों में घुसकर जंगली हाथियों का झुंड खेतों में घुसकर खेतों में लगे फसल, सब्जियों को खा गए और पैरों से रौंदकर बर्बाद कर दिया है। इसके साथ ही कई घरों को भी ध्वस्त कर दिया।

बताया गया कि देर रात करीब १८ की संख्या में हाथियों का झुंड पुरनाडीह पंचायत के कुबरीटांड़ होते हुए कारीटांड गांव में आ धमके और श्याम सुन्दर भोक्ता के घर को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही खेतों में लगे हरी सब्जियों को भारी नुक़सान पहुंचाया है। ग्रामीणों ने किसी तरह हाथियों को जंगल की तरफ खदेड़ा।

बता दें कि टुण्डी के जंगल में हाथियों का झुंड बीच-बीच में देखा जाता है जो गांव तक भी आ जाता है और खेतों में लगे फसल को बर्बाद कर देता है। इसके साथ ही घरों को भी ध्वस्त कर देता है।

वन विभाग या जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से यहां के लोग भयभीत तो है ही आक्रोशित भी है।

## हाथियों ने फसल को किया बर्बाद

पीलीभीत (ईएमएस): उत्तप्रदेश केपीलीभीत टाइगर रिजर्वरेंज में दो जंगली हाथियों ने कई इलाकों में गेहूंऔर गन्ने की सैकड़ों बीघा फसल को बर्बाद कर दिया। माला रेंज के रेंजर रोबिन कुमार ने बताया कि नेपाल की ओर से आए हाथियों के झुंड में शामिल दो हाथी अपने समूह से बिछड़कर आबादी वाले क्षेत्र में आ गए।

# परिचय व सम्मान समारोह का आयोजन

धनबाद (कासं) : क्षत्रिय परिवार सेवा समिति के तत्वावधान में परिचय एवं सम्मान समारोह का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय कांके रोड, रांची में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिये, जिनमें श्रीराम सिंह, वीर कुमार सिंह, विजय सिंह, राहुल कुमार सिंह, देवराज सिंह, प्रताप सिंह, मनीष सिंह, राजकुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, डी. कुमार सिंह, अविचल सिंह, बलराम सिंह, वीरेंद्र सिंह, अशोक सिंह, राजेश रामचंद्र सिंह, कुंदन सिंह, कृपा शंकर सिंह राणा, विनोद सिंह राणा, प्रिय रंजन सिंह, श्याम किशोर सिंह, सुनील कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर की हुई। इसके बाद वीर पुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित कर २ मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान सभी ने अपने वीर पुरुषों के योगदान को याद किया और उनकी शहादत को सलाम किया। अतिथियों का स्वागत भाषण अध्यक्ष राम सिंह ने किया। उन्होंने समारोह के उद्देश्य और समाज के उत्थान में क्षत्रिय परिवार सेवा समिति के योगदान को रेखांकित करते हुए सभी उपस्थित व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।



समारोह में उन सभी व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने रांची में राजपूत समाज की एकता एवं उत्थान में योगदान दिया है। समारोह में मुख्य अतिथियों ने समाज के विकास और एकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

डॉ. गंगा सिंह पुनदाग ने कहा कि उनके संस्थान में आने वाले बच्चों को ७५ प्रतिशत तक फीस में छूट दी जाएगी। रामेश्वर दयाल सिंह, अध्यक्ष झारखंड राजपूत कल्याण परिषद ने जाति जनगणना का विरोध करते हुए कहा कि हमारी शहादत और संघर्ष को नजरअंदाज किया जा रहा है।

प्रतुल्लाह सहदेव, बीजेपी प्रवक्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे वीरों और हमारे इतिहास के साथ हमेशा खिलवाड़ किया गया है। हमें अपनी वीरता के इतिहास को न केवल बचाना है, बल्कि उसे आने वाली पीढ़ी तक भी पहुँचाना है। संजय सिंह जो झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अकाउंटेंट हैं, ने भी अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चों के चरित्र निर्माण में परिवार और समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें बच्चों को अच्छे संस्कार देने और उनके विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने भी बच्चों के सर्वांगीण विकास, समाज की एकता और हमारे इतिहास के महत्व पर अपने विचार रखें।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह (जिला योजना शाखा)

Email Id :- dpo-giridih@jharkhandmail.gov.in & dpo.giridih@gmail.com

**Expression of Interest (EOI) आमंत्रण सूचना**

जिला योजना अनाबद्धनिधि अन्तर्गत गिरिडीह जिला मे स्वास्थ्य एवं बौद्धिक विकास से संबंधित कार्यों के निमित्त Expression of Interest (EOI) जिला योजना शाखा, गिरिडीह में आमंत्रित की जाती है, जिसकी संक्षिप्त विवरणी निम्नवत् है :–

| Sl. No. | Particulars | EOI No. |
|---|---|---|
| 1. | Supply/Installation of Table in selected place of Giridih District | UNT/GRD/24-25/20 |
| 2. | Supply/ Installation of GYM Equipments in Indoor Stadium of Giridih District | UNT/GRD/24-25/21 |

विस्तृत कार्य तथा निविदा की शर्तों का विवरण सूचना पट्ट एवं आधिकारिक बेबसाईट http://giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

नोट :– Expression of Interest (EOI) समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–05.03.2025 समय अपराह्न 12.30 बजे तक

जिला योजना पदाधिकारी, गिरिडीह। — उपायुक्त–सह–जिलादण्डाधिकारी, गिरिडीह।

PR.NO.347040 Planning and Development(24-25):D



## समाहर्त्ता एवं उपायुक्त का न्यायालय, धनबाद

ज्ञापांक........................./न्याया0 दिनांक

अधिहरण वाद संख्या–17/2021

(झारखण्ड सरकार बनाम सुनिल चंद्रवंशी एवं अन्य)

नोटीस

प्रेषित,

1. श्री सुनिल चंद्रवंशी पिता–पुना रवानी स0–न्यू कॉलोनी सुगुजा बस्ती, भूतगढिया, धनबाद
2. श्री सतीश अग्रवाल उर्फ सितो पिता–बसंत अग्रवाल स0–स्टेशन रोड, भागा, धनबाद
3. श्री अर्जून गुप्ता पिता–परेश गुप्ता स0–कोयरीबांध, झरिया
4. श्री विक्की साव पिता–प्रहलाद साव, स0–पोद्दार पाडा, झरिया, धनबाद
5. श्री सुमीत कुमार वर्णवाल, पिता–सुबोध वर्णवाल, स0–कोयरीबांध, झरिया, धनबाद
6. सीताराम समलिया (वाहन मालिक JH10Y 7038) पिता–बसंत समलिया सा–स्टेशन रोड भागा, भागा पोस्ट ऑफिस के निकट, परसिया, धनबाद

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रतिवादी के विरूद्ध पक्ष रखने हेतु निर्गत सूचना का तामीला प्राप्त होने के उपरांत भी न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष नहीं रखा गया है। ज्ञात हो कि जिला आपूर्पि पदाधिकारी–सह–विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, धनबाद द्वारा झरिया थाना काण्ड सं0 – 217/21 दिनांक 22.9.21 में जब्त खाद्यान्न एवं वाहन को आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा–6A के तहत अधिहरण हेतु भेजा गया है। ज्ञात हो कि वाद की सुनवाई दिनांक 21.3.25 को निर्धारित की गई है।

अतः प्रतिवादी को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.3.25 को पूर्वाह्न 11.00बजे स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर कारण–पृच्छा दाखिल करें कि क्यों नहीं झरिया थाना काण्ड सं0–217/21 दिनांक 22.9.21 में जब्त खाद्यान्न एवं टाटा मैजिक वाहन संख्या–JH10Y 7038 को आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा–6A के तहत अधिहरण किया जाय।

उप समाहर्त्ता प्रभारी, विधि शाखा, धनबाद।

PR.NO.347131 Law(24-25):D


## एसएनएमएमसीएच में गैस रिसाव से अफरा-तफरी

धनबाद (कासं) : सोमवार की दोपहर पुरुष चिकित्सा वार्ड के बाहर अचानक ऑक्सीजन पाइप लीक हो जाने से गैस रिसाव होने लगा गैस रिसाव इतना तेज था की जोरदार आवाज की वजह से कुछ पल के लिए अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। आवाज को सुनते ही मरीज, उनके परिजन और अस्पताल के कर्मचारी घबरा गए और वार्ड से बाहर भागने लगे हलांकी समय रहते टेक्निशियन द्वारा गैस रिसाव को बंद कर स्थिति पर नियंत्रण कर लिया गया।राहत की बात यह रही कि इस लीक से किसी भी मरीज या स्टाफ को कोई नुकसान नहीं हुआ।

# आम आदमी पार्टी की बैठक



जोड़ापोखर (ससे) : सोमवार को आम आदमी पार्टी की बैठक झरिया विधानसभा अंतर्गत डिगवाडीह मदन राम के आवासीय कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का अध्यक्षता आदित्य नारायण संचालन महफूज आलम ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह थे। बैठक में धनबाद नगर निगम क्षेत्र में हर घर जल, हर घर नल योजना के तहत देश के अंतिम व्यक्ति के घर तक पेयजल उपलब्ध कराना केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार का एक बहुत बड़ा विफलता है। सरकार के विफलता का आईना दिखाने का काम आम आदमी पार्टी चरणबद्ध आंदोलन कर सभी के घरों में जल की व्यवस्था करने के काम करेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थे। मदन राम, महेंद्र सिंह, समरेंद्र पासवान, सदरे आलम, महफूज आलम, मनीष कुमार, आदित्य नारायण, बादशाह खान, हरिप्रसाद, जसीम अंसारी, शमशाद मुन्ना अंसारी, अजय पासवान, तारक बनर्जी, राजेश सरकार, डब्लू अंसारी आदि लोग थे।

## बलियापुर में पंसस की हंगामेदार बैठक

बलियापुर (ससे) : प्रखंड पंचायत समिति की मासिक बैठक हंगामेदार रही। सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी की अध्यक्षता में हुई।

जन वितरण प्रणाली द्वारा किए जा रहे ई केवाईसी का कार्य जल्द पूरा करने की बातें कहीं ताकि किसी लाभुकों का नाम पीडीएस की सूची से ना कटे। इस दौरान सुरुंगा लाइन पार बस्ती में फेस २ का पानी नहीं पहुंचने का मुद्दा भी उठाया। नल जल योजना के तहत बस्ती में पानी जल्द उपलब्ध कराने को कहा। इसके अलावा बैठक में गर्मी के मौसम को देखते हुए क्षेत्र के सभी खराब पड़े चापाकलों की मरम्मती समय पर करने की जरूरत बताया। क्षेत्र में जर्जर बिजली के खंभे एवं तार को बदलने का मुद्दा भी उठा। बैठक में प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी, बीडीओ प्रभाष कुमार दास, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रीना कुमारी, पंसस रोहित महतो, हीरालाल मोदक, नमिता मंडल, तपन रजक, अमित बनर्जी, सुनीता कुमारी, दीपाली कुमारी के अलावा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि समेत पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

# हैवी ब्लास्टिंग से घरों में पड़ी दरारें, घर की छत टूटी



धनसार (ससे) : बस्ताकोला क्षेत्र चांदमारी में चल रहे एटी देव प्रभा आउटसोर्सिंग में हैवी ब्लास्टिंग की गई। इस ब्लास्टिंग के कारण पास के चांदमारी निवासी प्रमोद सिंह के घर का एसीसी सीट तोड़ पत्थर गिरने से परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। पत्थर गिरने की घटना से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना से चांदमारी के ग्रामीण आक्रोशित हो गए और आउटसोर्सिंग परियोजना और ट्रांसपोर्टिंग का काम बंद कर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रमोद सिंह और अन्य ग्रामीणों का कहना है कि आउटसोर्सिंग अधिकारियों और कर्मियों की लापरवाही के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग के आसपास सैकड़ों घर हैं और पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे कई घरों में दरारें आ गई हैं और लोगों को रहने में मुश्किल हो रही है। जब भी ब्लास्टिंग होती है, लोग डर और चिंता में रहते हैं। इस बार ग्रामीण एकजुट होकर प्रबंधन के खिलाफ संघर्ष के लिए तैयार हैं। उनका कहना है कि प्रबंधन पहले ही कई बार ऐसे घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने का आश्वासन दे चुका है, फिर भी गलतियां दोहराई जा रही हैं। मौके पर पहुंचे प्रबंधक अजय सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आगे उनके क्षेत्र में ब्लास्टिंग नहीं की जाएगी।

## विधायक ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

जोड़ापोखर (ससे) : बीती रात जयरामपुर कोलियरी निवासी रामबली भुईयां आचनक गिर जाने से उनका रीड की हड्डी फ्रैक्चर हो गयी जिसकी सूचना जैसे ही झरिया विधायक को मिली उन्होंने तुरंत एंबुलेंस भिजवाने का काम किया। साथ में जनता श्रमिक संघ के नेता मेवालाल रजक, रामाधार सिंह, मोहन पांडेय, रणधीर सिंह, बबलू भगत, बबलू रजक सब मिलकर एसएनएमएमसीएच हॉस्पिटल भिजवाने का काम किया और साथ में जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना किए। इसकार्य को पूरा करने के दौरान झरिया विधायक का नाम पूरा जनता ले रही है और कह रहे हैं कि हमारे झरिया का विधायक ऐसा ही हो जो झरिया की जनता के दुख-सुख के समय हमेशा खड़ी रहती है।

# दोषियों को आजीवन कारावास की सजा पेट्रोल छिड़ककर जला दिया था शव को

**रांची (एजेंसी):** रांची सिविल कोर्ट ने एक महिला के साथ गैंगरेप और फिर उसकी निर्मम हत्या करने के मामले में दोषी रामचंद्र मुंडा, सुखलाल मुंडा और संजय टूटी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वे आखिरी सांस तक जेल में ही रहेंगे। इसके साथ ही, सभी दोषियों पर ६०-६० हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।



इससे पहले, ७ फरवरी को अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया था। मामला २० फरवरी २०२१ का है, जब दशम फॉल इलाके के जंगल से एक महिला का अधजला शव बरामद किया गया था।

जांच में खुलासा हुआ कि महिला के साथ पहले गैंगरेप किया गया और फिर गला रेतकर हत्या कर दी गई। शव की पहचान छिपाने के लिए आरोपियों ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर जला दिया था।

**फोन कॉल से हुआ मामले का खुलासा**

इस घिनौने अपराध की गुत्थी पुलिस ने फोन कॉल डिटेल के जरिए सुलझाई। पीड़िता १७ फरवरी २०२१ को बुंडू स्थित बैंक से पैसे निकालने गई थी, लेकिन जब उसे पैसे नहीं मिले, तो उसने अपने परिचित लक्ष्मण मुंडा और सुखलाल मुंडा को फोन कर २,००० रुपये उधार मांगे। लक्ष्मण ने पैसे देने की बात कहकर उसे जंगल ले जाने की साजिश रची।

**जंगल में रची गई खौफनाक साजिश**

आरोपी लक्ष्मण और सुखलाल, महिला को हेसापीढ़ी कोलाबुरू गांव के जंगल में ले गए, जहां रामचंद्र मुंडा और संजय टूटी पहले से मौजूद थे। सभी ने मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर दी।

घटना के बाद महिला का शव जंगल में अधजली हालत में मिला। पुलिस ने जब आसपास के इलाकों में गुमशुदगी की रिपोर्ट की जांच की, तो राहे थाना क्षेत्र से एक महिला के १७ फरवरी से लापता होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से बातचीत कर मोबाइल कॉल डिटेल खंगाली, जिससे आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली। सभी आरोपी दशम फॉल थाना क्षेत्र के हेसापीढ़ी गांव के निवासी हैं। अदालत ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए तीनों को कठोरतम सजा सुनाई, ताकि समाज में ऐसा कृत्य करने वालों के लिए एक कड़ा संदेश जाए।

## टनल में फंसे श्रमिकों के परिजनों को हवाई जहाज से भेजा गया तेलंगाना, सीएम के आदेश पर अधिकारी भी गए साथ

**रांची (एजेंसी):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर, तेलंगाना के निर्माणाधीन टनल में फंसे झारखंड के श्रमिकों के परिजनों को लेकर गुमला जिला प्रशासन के अधिकारी तेलंगाना रवाना हो गए। इस टीम में चार परिवारों के एक-एक सदस्य, पुलिस अधिकारी और गुमला जिला प्रशासन का एक कर्मी बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से तेलंगाना के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रम विभाग के अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।



तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में स्थित श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल में कुल आठ श्रमिक फंसे हुए हैं। इनमें झारखंड के चार, उत्तर प्रदेश के दो, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के एक-एक श्रमिक शामिल हैं।

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम बचाव कार्य में जुटी हुई है। नियंत्रण कक्ष ने एडिशनल लेबर ऑफिसर (-ङ्ज), नागरकुरनूल और फंसे हुए झारखंड के श्रमिकों के साथ तेलंगाना गए अन्य श्रमिकों से संपर्क किया है। श्रमिकों ने बताया कि वे जयप्रकाश एसोसिएट्स ङ्ढड के अंतर्गत श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल प्रोजेक्ट में कार्य कर रहे हैं।

राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष तेलंगाना प्रशासन और वहां मौजूद अन्य श्रमिकों के साथ निरंतर संपर्क में है। एनडीआरएफ की टीम द्वारा किए जा रहे बचाव कार्यों की नियमित रिपोर्ट ली जा रही है। गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में गई टीम भी वहां पहुंच कर नियंत्रण कक्ष को वस्तुस्थिति से अवगत कराएगी।

## 15 लाख का इनामी नक्सली आक्रमण मांझी गिरफ्तार

**महाकुंभ में स्नान कर पत्नी और भाई के साथ चतरा लौटा था**

**रांची (एजेंसी):** टीपीसी का रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पत्नी और भाई के साथ महाकुंभ में स्नान कर लौटने के बाद चतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आक्रमण को गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ कर रही है।



अस्पताल में भटकती आत्मा: साड़ी पहनकर भाभी की आत्मा लेने आया देवर, कैद कर ले गया घर!

पुलिस को लंबे वक्त से आक्रमण गंझू की तलाश थी, वो बार बार मुठभेड़ के दौरान पुलिस को चकमा देकर भाग जाया करता था। उसके खिलाफ लेवी वसूली समेत कई संगीन मामले अलग-अलग थानों में दर्ज है। एनआईए ने टेरर फंडिंग मामले में आक्रमण गंझू और बृजेश गंझू को फरार घोषित किया हुआ है। आक्रमण के पकड़े जाने के बाद अब पुलिस को दस लाख के इनामी आरिफ उर्फ शशिकांत और बृजेश गंझू की तलाश एनआई और झारखंड पुलिस को है।

## मैट्रिक पेपर लीक मामले में कोडरमा और गिरिडीह से पांच छात्र और शिक्षक हिरासत में, मास्टरमाइंड का अब तक पता नहीं

**रांची (एजेंसी):** जैक बोर्ड मैट्रिक परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में जांच तेज हो गई है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने एसआईटी गठन की सहमति दे दी है। इसके बाद विभाग ने एसआईटी गठन के लिए गृह विभाग को प्रस्ताव भेज दिया है। इस संबंध में सोमवार को अधिसूचना जारी हो सकती है।







इस मामले की जांच सीआईडी को देने की संभावना बढ़ गई है क्योकि इस पेपर लीक का सरगना कौन है, इस पूरे नेटवर्क का मास्टमाइंड कौन है ये अबतक पता नहीं चल पाया है।

रविवार को कोडरमा और गिरिडीह साइबर थाना पुलिस ने पांच छात्र और दो शिक्षकों सहित सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। इधर जांच में तीन प्रिंस नाम के व्यक्ति को लेकर जानकारी मिली है। प्रश्न पत्र सबसे पहले मरकच्चो के नरयाही के प्रिंस सर के पास आया था। जांच करने पर वह बेंगलुरू में मिला। वहीं जामू के स्कूल संचालक प्रशांत साहा उर्फ प्रिंस ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस को बताया कि उसका मौसेरा भाई प्रिंस मधुपुर में रहता है, उसके जरिए प्रश्न पत्र मिला था। फिलहाल, पुलिस ने प्रशांत साहा उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य प्रिंस पुलिस की पकड़ से बाहर है। मूक बधिर प्रिंस को पकड़ने के लिए पुलिस बेंगलुरू गई हुई है। वहीं कोडरमा और गिरिडीह जिला प्रशासन ने अपनी जांच रिपोर्ट जैक को भेज दी है। इसमें दोनों ही जिलों ने प्रश्न पत्र लीक नहीं होने की बात कही है। मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले में दर्ज मामले में और पुलिस की ओर से इसे लेकर की जा रही कार्रवाई को लेकर सोमवार को डीजीपी समीक्षा बैठक करेंगे। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये ये बैठक होगी।

## के राजू ने 4 जिलों के कांग्रेस पदाधिकारियों संग की बैठक

**हजारीबाग (एजेंसी):** झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू ने सोमवार को हजारीबाग में चार जिलों के कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की। बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा के दौरान कार्यकर्ताओं ने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की। बैठक में खुलासा हुआ कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के बजाय अन्य दलों के लिए काम किया। इस पर के. राजू ने स्पष्ट किया कि ऐसे गद्दारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**सम्मान और प्रशासनिक उपेक्षा का मुद्दा**

कार्यकर्ताओं ने शिकायत की कि उन्हें संगठन में उचित सम्मान नहीं मिल रहा है और प्रशासन भी उन्हें नजरअंदाज कर रहा है। इस पर प्रभारी ने आश्वासन दिया कि २० सूत्री कार्यक्रम को मजबूती से लागू किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी कांग्रेस विधायक महीने में एक बार कार्यकर्ताओं और प्रशासन के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा, चार मंत्रियों को भी अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिससे संगठन को मजबूत किया जा सके। यह बैठक पार्टी की आगामी रणनीति को धार देने और चुनावी कमजोरियों को दूर करने के उद्देश्य से की गई थी।

## नेता प्रतिपक्ष नहीं होने से रुकी हैं मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त की बहालियां

**रांची (एजेंसी):** राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त सहित अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि नेता प्रतिपक्ष का चुनाव नहीं होने के कारण इन पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया रुकी हुई है। इसके बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई मार्च माह के अंतिम सप्ताह में निर्धारित की है।

गौरतलब है कि राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग और राज्य सूचना आयोग के प्रमुख पद पिछले कुछ वर्षों से रिक्त पड़े हैं। हाईकोर्ट ने इन रिक्तियों को लेकर गंभीर रुख अपनाया है और सरकार को जल्द नियुक्ति करने का निर्देश दिया है। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष की घोषणा न होने के चलते यह प्रक्रिया अटकी हुई है।

## सात दिन में तीसरी बार दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली (ईएमएस):** दिल्ली में फिर भूकंप का झटका लगा है। इस बार इसका केंद्र दक्षिण पूर्वी दिल्ली में था। सात दिन में तीसरी बार दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। एक दिन पहले ही गाजियाबाद में हल्के दर्जे का भूकंप आया था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से मिली सूचना के मुताबिक, सोमवार को ११:४६ पर दिल्ली में भूंकप के हल्के झटके दर्ज हुए। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर २.२ थी, जिसे आमतौर पर महसूस नहीं किया जाता है। भूकंप का केंद्र दक्षिणी पूर्वी दिल्ली में था। जमीन से करीब १० किलोमीटर की गहराई पर यह हलचल हुई।

## हाईकोर्ट ने स्विटजरलैंड निवासी के खिलाफ जारी समन को रद्द किया, रांची सीजेएम ने किया था सम्मन जारी

**रांची (एजेंसी):** झारखंड हाईकोर्ट ने एक आपराधिक मामले में स्विस निवासी नागरिक को जारी किया गया सम्मन खारिज कर दिया है। अदालत ने मामले के तथ्यों को देखते हुए कहा कि सम्मन जारी करने के लिए सीधे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत का दरवाजा खटखटाया गया, जिसे कानून के अनुसार सही नहीं माना जा सकता। अदालत ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि पारस्परिक कानूनी सहायता संधि (एमएलएटी) के तहत, जब जांच एजेंसी किसी देश से किसी व्यक्ति की उपस्थिति मांगती है, तो उसे गृह मंत्रालय के आंतरिक सुरक्षा विभाग को अपना मसौदा अनुरोध भेजना आवश्यक है।

यह मामला आयरलैंड के नागरिक और स्विटजरलैंड के स्थायी निवासी मार्क रीडी से जुड़ा हुआ है। रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने उनके खिलाफ समन जारी किया था, जिसके बाद मार्क रीडी ने इस समन को रद्द कराने के लिए झारखंड हाईकोर्ट का रुख किया। अपनी याचिका में रीडी ने कहा कि उन्हें जो समन जारी किया गया है, वह बिना किसी कानूनी अधिकार के है और यह भारत और स्विटजरलैंड के बीच की पारस्परिक कानूनी सहायता संधि के अनुरूप नहीं है।

मार्क रीडी के खिलाफ किशोर एक्सपोर्ट्स के मालिक दीपक अग्रवाल ने शिकायत की थी। इस शिकायत में आरोप लगाया गया कि रीडी और उनकी कंपनी डब्ल्यूआईएनसी के कर्मचारियों ने भारतीय दंड संहिता की धारा ४१९ (छल), ४२० (धोखाधड़ी), ४६७ (जालसाजी), ४६८ (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), और ४७१ (जाली दस्तावेज़ का उपयोग) के तहत अपराध किए है।

दीपक अग्रवाल की शिकायत पर जांच अधिकारी ने आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के लिए याचिका दायर की थी, जिसके बाद रांची के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने समन जारी किया और गृह मंत्रालय के आंतरिक सुरक्षा-द्वितीय प्रभाग के अवर सचिव (कानूनी प्रकोष्ठ) को मामले के संबंध में समन तामील करने का अनुरोध किया। सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि समन जारी करने से पहले जांच अधिकारी को गृह मंत्रालय से संपर्क करना चाहिए था। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी के सामने हुई। अदालत ने जांच अधिकारी के कार्यप्रणाली को असंवैधानिक मानते हुए समन को खारिज कर दिया और मामले की आगे की प्रक्रिया के लिए उचित दिशा-निर्देश दिए।

## मंत्री इरफान और राफिया नाज का विवाद पहुंचा एमपी-एमएलए- कोर्ट

**रांची (एजेंसी):** रांची की एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने हाल ही में राज्य के मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ योग शिक्षिका राफिया नाज द्वारा दायर शिकायत पर संज्ञान लिया है। राफिया नाज के अधिवक्ता, जितेंद्र कुमार वर्मा, ने बताया कि इरफान अंसारी ने एक निजी समाचार चैनल पर राफिया के पहनावे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे उनकी छवि धूमिल हुई और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। इससे पहले, १९ अगस्त २०२० को, राफिया नाज ने रांची सिविल कोर्ट में इरफान अंसारी के खिलाफ स्त्री लज्ञा भंग करने, भीड़ को हिंसा के लिए उकसाने, और वस्त्रों पर अनुचित टिप्पणी करने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई थी।

## डोरंडा थाना की पहली महिला थाना प्रभारी बनी दीपिका प्रसाद

**रांची (एजेंसी):** रांची के डोरंडा थाना की थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद बनाई गयी हैं।



राजधानी रांची के कई थाना प्रभारियो को विभिन्न थानो का नव प्रभार दिया गया हैं। जयदीप टोप्पो अब खलारी थाना का कमान संभालेंगे, रंजीत कुमार सिन्हा को टाटीसिल्वे थाना प्रभारी बनाया गया, मनोज कुमार को थाना प्रभारी नामकुम बनाया गया जबकि रंजीत कुमार को सदर थाना प्रभारी बनाया गया, अभय कुमार को थाना प्रभारी पिठौरिया, मनीष कुमार को थाना प्रभारी इटकी वही अभिषेक कुमार को सुखदेव नगर थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई।

जिसमें दीपिका प्रसाद जो पूर्व मे रांची की महिला थाना मे थाना प्रभारी के रूप मे अपना योगदान दे चुकी हैं और उस दौरान इनकी कार्य कुशलता और बहादुरी की चर्चा आम थी उसके बाद चतरा की महिला थाना प्रभारी रही, सीआईडी और सीआईडी साईबर थाना आदि जगहो पर अपना योगदान दे चुकी हैं।

अब डोरंडा थाना का कमान संभालने के बाद दीपिका प्रसाद से उम्मीद की जा रही हैं कि इस थाना क्षेत्र मे अपराध पर काबू होगा और पुलिस पब्लिक के बीच रिश्तों मे मधुरता आयेगी।

एक महिला अधिकारी का थाना प्रभारी बनाया जाना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल का नतीजा हैं जब पिछले वर्ष प्रथम राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन-२०२४ समारोह मे उन्होंने मंच से कहा था कि महिलाओ को भी थाना प्रभारी बनाया जाना चाहिए।

डोरंडा थाना मे महिला के रूप मे थाना प्रभारी के आने से महिलाओ मे पुलिस के प्रति ज्यादा सुरक्षा का भावना जागेगा और महिलाएं अपने समायाओ को खुलकर थाना मे ले जा सकेंगी। दीपिका प्रसाद अपराधियों के बीच एक सख्त और कड़क पुलिस अधिकारी के रूप मे जानी जाती हैं इसलिए इन्हे लोग लेडी सिंघम के नाम से भी जानते हैं।

## 5 पुलिस अधिकारियों का तबादला

**रांची (एजेंसी):** रांची एसएसपी ने पांच पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। मनोज कुमार को नामकुम थाना का थानेदार बनाया गया है। कुलदीप कुमार को सदर थाना का थानेदार बनाया गया है। रंजीत कुमार सिन्हा को टाटीसिल्वे थाना का थानेदार बनाया गया है। ब्रह्मदेव प्रसाद को पुलिस केंद्र भेजा गया है। दीपिका प्रसाद को डोरंडा धाना का थाना प्रभारी बनाया गया है।

## अभी मत रखिए गर्म कपड़े, फिर से होगा ठंड का अहसास, 2 से 3 डिग्री तक गिरेगा तापमान

**रांची (एजेंसी):** अगर आपने भी गर्म कपड़े रख दिये हैं, तो फिर से उन्हें निकाल लीजिए। दरअसल रांची स्थित मौसम केंद्र ने कहा है कि झारखंड में एक बार फिर ठंड बढ़ने वाली है। २४ घंटे के दौरान २ से ३ डिग्री तक तापमान में गिरावट का अनुमान मौसम केंद्र ने जताया है। इसकी वजह से ठंड का अहसास होगा। साथ ही राज्य के ७ जिलों में बिजली कड़कने, बारिश और वज्रपात का अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार २४ घंटे के दौरान २ से ३ डिग्री तक तापमान में गिरावट आने के आसार हैं। इसी गिरावट की वजह से अहले सुबह और देर शाम ठंड महसूस होता रहेगा। मौसम केंद्र के मुताबिक कोल्हान प्रमंडल में आने वाले सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम के साथ संथाल परगना के दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा जिले में गरज के साथ बारिश एवं वज्रपात की संभावना आज के लिए व्यक्त की गई है। इधर झारखंड का मौसम साफ हो गया है। प्रदेश के अधिकांश जिले में आसमान साफ है और सुबह से ही खिली हुई धूप निकली हुई है। इसके साथ ही अहले सुबह मौसम में ठंड भी है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि १ मार्च तक मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिख रहा है। हल्के बादल छाने के साथ मौसम शुष्क बना रहेगा।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में संगठन पर्व को लेकर अहम बैठक, महिला सशक्तिकरण पर फोकस

**रांची (एजेंसी):** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश संगठन के सदस्य उपस्थित हुए। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने संगठन पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व पार्टी की मजबूती और सर्वस्पर्शी विस्तार का पर्व है। उन्होंने पार्टी की विचारधारा को केंद्रीय तत्व बताते हुए कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और देशभर में १३.५० करोड़ प्राथमिक सदस्य हैं। संगठन पर्व के माध्यम से देशभर में भाजपा के सदस्यता विस्तार पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें झारखंड भी सक्रिय रूप से शामिल है।




वहीं, सुनील बंसल ने आगे कहा कि सशक्त भाजपा ही एक विकसित और स्वाभिमानी भारत के निर्माण में सहायक होगी। उन्होंने भाजपा के संगठन विस्तार में महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने की बात भी की।इस बीच सांसद संजय जायसवाल ने झारखंड में भाजपा की मजबूत सांगठनिक स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन पर्व के माध्यम से इस आधार को और विस्तृत एवं व्यापक बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन कार्य निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। संजय जायसवाल ने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता ही पार्टी की नीतियों और विचारधाराओं को जमीन पर उतारता है।

वहीं, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड में संगठन पर्व में थोड़ी देरी हुई। लेकिन अब इसे परिश्रम से निर्धारित समय में पूरा किया जा सकता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे बूथ से लेकर जिला स्तर तक संगठनात्मक संरचना को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। इस बैठक के माध्यम से पार्टी के नेताओं ने संगठन पर्व को सफल बनाने के लिए एकजुटता और संकल्प का संदेश दिया।इस बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पीएन सिंह, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, भानु प्रताप शाही, नीलकंठ सिंह मुंडा, सीमा शर्मा और जिले स्तर के चुनाव पर्वेक्षक, चुनाव अधिकारी तथा सह चुनाव अधिकारी भी शामिल हुए।

इसके साथ ही बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री और चुनाव अधिकारी सुनील बंसल व लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक एवं चुनाव अधिकारी संजय जायसवाल ने विशेष मार्गदर्शन दिया। बैठक का संचालन गणेश मिश्र ने किया। जबकि प्रदेश महामंत्री और चुनाव अधिकारी सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने विषय प्रवेश कराया और प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।




## क्या आपकी आंखें पीली दिखती हैं? कहीं इन 7 बीमारियों का खतरा तो नहीं?

आंखों के जरिए कई बीमारियों का पता लगाया जा सकता है. मेडिकल एक्सपर्ट्स का कहना है कि पीली आंखें सिर्फ एक लक्षण नहीं बल्कि कई बीमारियों का संकेत हैं. अगर आंखों का सफेद हिस्सा हल्का पीला पड़ने लगे तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. पीली आंखें कई बीमारियों का लक्षण हो सकती हैं, जिसमें पीलिया भी शामिल है.

हेपेटाइटिस संकेत- आंखों का पीला होना हेपेटाइटिस का संकेत हो सकता है. हेपेटाइटिस में आंखें पीली हो जाती हैं. क्योंकि इस रोग के कारण लीवर में सूजन आ जाती है. हेपेटाइटिस यकृत को क्षति पहुंचाता है, जिससे वह बिलीरूबिन को छानने में असमर्थ हो जाता है. इससे पीलिया जैसी बीमारियां होती हैं.

सिकल सेल एनीमिया- सिकल सेल एनीमिया के कारण आंखें पीली हो सकती हैं. सिकल सेल एनीमिया में शरीर में चिपचिपा खून बनना शुरू हो जाता है. यह लीवर या तिल्ली में टूटना शुरू हो जाता है. इसके कारण बिलीरूबिन बनना शुरू हो जाता है. पीली आंखों के अलावा सिकल सेल एनीमिया के कारण उंगलियों में दर्द और सूजन भी होती है.

सिरोसिस- पीली आंखें भी सिरोसिस का संकेत हैं. सिरोसिस तब होता है जब लिवर की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं. यह धीरे-धीरे होता है. इस बीमारी के दौरान लिवर का आकार छोटा होने लगता है और साथ ही लिवर की कोमलता भी कम होने लगती है. सिरोसिस एक ऐसी बीमारी है जो अत्यधिक शराब के सेवन से होती है. अगर आपकी आंखें लंबे समय तक पीली रहती हैं, तो आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए.

मलेरिया- पीली आंखें भी मलेरिया का एक लक्षण है. चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार मलेरिया के कारण भी आंखें पीली हो सकती हैं. आंखों का पीलापन कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए.व यदि आपको आंखें पीली दिखाई दें, तो आपको तुरंत किसी चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए, जांच करानी चाहिए तथा बताए

कुछ दवाओं का अधिक सेवन : एसिटामिनोफेन (टाइलेनॉल), इबुप्रोफेन (एडविल) या एस्पिरिन जैसी दवाओं का लंबे समय तक सेवन करने से आंखों में पीलापन आ सकता है.

नवजात पीलिया : नवजात पीलिया एक आम स्थिति है जिसमें नवजात शिशु की त्वचा और आंखों का सफेद भाग उनके खून में बिलीरुबिन के बढ़े हुए स्तर के कारण पीला दिखाई देता है. यह स्थिति सभी नवजात शिशुओं में से 80 फीसदी को प्रभावित करती है, आमतौर पर तब दिखाई देती है जब बच्चा एक से तीन दिन का होता है, क्योंकि उनका लीवर इसे तेजी से नहीं निकाल पाता है. नवजात पीलिया के कारणों में समय से पहले जन्म, अपरिपक्व लीवर फंक्शन या कुछ ब्लड टाइप शामिल हो सकते हैं.

# मोबाइल फोन समेत इन चीजों को छूने के बाद तुरंत धोएं हाथ



**स्वस्थ जीवन जीने के लिए हाथ धोना कितना जरूरी है, इसका अनुभव कोरोना काल में सभी ने किया है. विशेषज्ञों के अनुसार, अपने हाथों को अच्छी तरह धोने से आप विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस और कीटाणुओं से बच सकते हैं. क्योंकि ठीक से हाथ न धोने से कई बीमारियां हो सकती हैं. 80 प्रतिशत बीमारियां खराब स्वच्छता के कारण होती हैं. यह बात 2017 में जर्नल ऑफ इन्फेक्शियस डिजीज में प्रकाशित हैंड हाइजीन एंड डायरिया डिजीज शीर्षक वाले अध्ययन में सामने आई थी.**

बता दें, हाथों को साफ रखना कीटाणुओं के फैलाव को रोकने और बीमारी को रोकने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है. हमारे दैनिक जीवन में, हम कई ऐसी चीजों को छूते हैं और अपने हाथ नहीं धोते हैं. क्योंकि हमें लगता है कि यह हानिकारक नहीं होते हैं. लेकिन हम गलत सोचते हैं क्योंकि कीटाणु हर तरफ होते हैं छ्छ्ट के अनुसार, कीटाणु किसी भी सतह पर जिसे आप छूते हैं, 2 घंटे से ज्यादा तक जीवित रह सकते हैं. यह बहुत खतरनाक होते हैं और इसके कारण आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. नीचे दी गई 9 वस्तुओं को छूने के बाद अपने हाथ धोना आवश्यक है.

### करेंसी और नोट



वर्तमान डिजिटल युग में, कार्ड और यूपीआई के चलन में आने के बावजूद भी लोग करेंसी और नोट का उपयोग करते है. ऐसे में, करेंसी और नोट का उपयोग करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद महत्वपूर्ण है. क्योंकि विशेषज्ञों के अनुसार, करेंसी और नोट पर कई तरह के कीटाणु होते हैं. सिटी बैंक ऑफ न्यूयॉर्क द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि बैंक नोटों में सैकड़ों कीटाणु होते हैं. जिसमें बैक्टीरिया, वायरस और पशु डीएनए शामिल हैं. इसलिए, करेंसी और नोट की गिनती के बाद हाथ धोना बहुत महत्वपूर्ण है.

### पेन



हममें से कई लोग ज्यादातर फोन और कंप्यूटर का उपयोग करते हैं, लेकिन कभी-कभी हमें अचानक पेन की जरूरत पड़ जाती है. जब हमें कुछ लिखना होता है या बैंक जाना होता है तो हम अपने पड़ोसियों से कलम मांगते हैं. ऐसे में, किसी और का पेन इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथों को अच्छी तरह धोने की सलाह दी जाती है. वॉल स्ट्रीट जर्नल के एक अध्ययन में पाया गया कि कार्यालय पेन में शौचालय सीट की तुलना में औसतन 10 प्रतिशत अधिक कीटाणु होते हैं. कुछ लोगों को अपनी कलम मुंह में डालने की आदत होती है. इसलिए, आपको पेन का उपयोग करने के तुरंत बाद अपने हाथ धोने चाहिए. अन्यथा आप बीमार पड़ सकते हैं.



### पब्लिक ट्रांसपोर्ट

न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय की डॉ. केटी ब्यूरिस बसों और ट्रेनों जैसे सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के तुरंत बाद हाथ धोने की सलाह देती हैं. एक अध्ययन से पता चला है कि यात्रियों के बैग, जूते और चप्पलों में कई कीटाणु और बैक्टीरिया होते हैं. यात्रा से लौटने के तुरंत बाद हाथ और पैर धोने चाहिए.

### रेस्टोरेंट मेनू



रेस्टोरेंट उन स्थानों में से एक हैं जहां बैक्टीरिया और वायरस सबसे अधिक संख्या में पाए जाते हैं. इसलिए, यह सलाह दी जाती है कि होटल में जानें के बाद मेनू को न छूएं. एरिजोना विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि रेस्टोरेंट के मेनू में 1,85,000 बैक्टीरिया होते हैं. यदि आप गलती से भी मेनू को छू लें तो बीमार पड़ सकते हैं. विशेषज्ञ की सलाह है कि रेस्टोरेंट के मेनू देने के तुरंत बाद अपने हाथ धोना जरूरी है

### अस्पताल की चीजें



विभिन्न बीमारियों से पीड़ित कई मरीज हर दिन अस्पताल आते हैं. इसके कारण अस्पताल क्षेत्र में बहुत सारे बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं. विशेषज्ञों के अनुसार, एक डॉक्टर के पेन पर 46,000 कीटाणु होते हैं. इसीलिए अस्पताल की कुर्सियों, प्रतीक्षा कक्षों और हैंडलों को न छूने की सलाह दी जाती है.

### पशु

हममें से कई लोग पालतू जानवरों को छूने के बाद अपने हाथ नहीं धोते हैं. लेकिन पालतू जानवरों को छूने के बाद अपने हाथ धोना महत्वपूर्ण है. क्योंकि जानवरों के शरीर में अनेक कीटाणु, बैक्टीरिया और विभिन्न प्रकार के वायरस होते हैं. इसके लिए सावधानी की आवश्यकता है.

कटिंग बोर्ड और बर्तन धोने वाले स्पोंज- रसोई में कच्चे भोजन के अलावा, खाना पकाने के बर्तन, सफाई करने वाले स्पोंज और तौलियों में भी कीटाणु होते हैं. एक अध्ययन के अनुसार बर्तन धोने वाले स्पंज में 326 प्रकार के बैक्टीरिया पाए गए. इसलिए, इसे लंबे समय तक उपयोग न करने की सलाह दी जाती है. उपयोग के बाद हाथ धोने की भी सिफारिश की जाती है. विशेषकर खाना पकाने से पहले और मांस धोने के बाद.

साबुन और हाथ धोने का पंप- हम में से कई लोग बाहर जाते समय शौचालय में साबुन और हाथ धोने का पंप इस्तेमाल करते हैं. एरिजोना विश्वविद्यालय के शोध से पता चला है कि कई लोगों के इस्तेमाल के कारण इस पर सैकड़ों कीटाणु मौजूद रहते हैं. इसीलिए सलाह दी जाती है कि बाहर जाते समय साबुन का उपयोग करें और सावधानी से हाथ धोएं.





### मोबाइल और टच स्क्रीन

आज के मॉडर्न जमाने में सब कुछ कागज की जगह फोन पर निर्भर है. हर किसी के हाथ में मोबाइल फोन होता है. हम हर पल अपने फोन को देखते रहते हैं. विशेषज्ञों ने बताया है कि ऐसा करने से स्क्रीन से कई कीटाणु आपके हाथों में स्थानांतरित हो सकते हैं. इसलिए फोन का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथों को अच्छी तरह से धो लें.

# किचन में रखी इन चीजों से सिर के फंगल इंफेक्शन से पा सकते हैं छुटकारा, अपनाएं ये नुस्खे



आजकल बदलती लाइफ स्टाइल के बीच लोगों को बाल और स्कैल्प की भी काफी समस्या हो रही है. खास तौर पर सिर में रूखेपन से अक्सर लोगों को फंगल इंफेक्शन की शिकायत आ रही है. ऐसे में आसान घरेलू उपाय इस दिशा में कारगार साबित हो सकते हैं. आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर रोहित गुप्ता बताते हैं कि सिर के फंगल इंफेक्शन की वजह से बालों में खुजली और अत्यधिक रूसी हो जाती है. फंगस पैदा करने वाले बैव?टीरिया आमतौर पर मानसून में पैदा होते हैं और बारिश के बाद भी इनका प्रभाव खत्म नहीं होता. इस दौरान लोग डैंड्रफ से भी काफी परेशान रहते हैं.

आजमा सकते हैं यह घरेलू उपाय : आयुर्वेद एक्सपर्ट डॉक्टर रोहित गुप्ता के मुताबिक फंगल इंफेक्शन से परेशान होने पर आपके घर में मौजूद कुछ चीजों से आप इससे छुटकारा पा सकते हैं. कुछ ऐसी चीजें, जिनकी मदद से आप डैंड्रफ और फंगस इंफेक्शन से बच सकते हैं. फंगल इंफेक्शन नीम की पत्तियों या इसके तेल से भी दूर किया जा सकता है. इसके लिए घर में नीम की पत्तियों का पेस्ट बना लें और उसमें थोड़ा सा नींबू का रस और थोड़ी हल्दी मिला लें. इस पेस्ट को बालों की जड़ों में 30 मिनट तक लगाकर छोड़ दें, जल्दी ही आपका इंफ्केशन दूर हो जाएगा. जाहिर है कि नीम को औषधीय गुणों के कारण एक प्रभावी एंटीफंगल उपाय माना जाता है.

### ये हैं घरेलू उपाय

इसके अलावा फंगल इंफेक्शन को रोकने के लिए दही काफी मददगार साबित हो सकता है. दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स लैक्टिक एसिड बनाता है, जो फंगल इंफेक्शन की रोकथाम में मददगार होता है. बालों में दही लगाकर कुछ समय छोड़ने के बाद शैम्पू कर लें. इसके अलावा स्कैल्प के फंगल इंफेक्शन को दूर करने के लिए बेकिंग सोडा बड़े काम की चीज है. ये सिर में फंगल को कम कर राहत दिलाता है. बेकिंग सोडा को पानी में मिक्स कर थोड़ी देर के लिए मसाज करें और बाद में शैम्पू की बजाय सिर को सादे पानी से ही धो लें. इन नुस्खों से मिल सकता है आराम : सिर और बालों में फंगल इंफेक्शन को दूर करने में एलोवेरा जेल काफी कारगर साबित होता है. इसे बालों में लगाने से जलन, खुजली और रैशेज से राहत मिल सकती है.

इंफेक्शन होने पर बालों की जड़ों में एलोवेरा जेल 30 मिनट तक लगाकर छोड़ दें, जल्दी ही आपको इस समस्या से मुक्ति मिल जाएगी. फंगल इंफेक्शन को दूर करने के लिए एप्पल साइडर विनेगर भी बेहतर विकल्प है. विनेगर इंफेक्शन पैदा करने वाली फंगी पर वार करता है. इसे इस्तेमाल करने के लिए एप्पल विनेगर को पानी में मिला लें और फिर इसे धीरे-धीरे सिर पर डालें. इससे स्कैल्प का पीएच लेवल संतुलित रहेगा. इसके अलावा टी-ट्री ऑयल किसी भी तरह के फंगल इंफेक्शन की समस्या को दूर करने में मदद करता है. अगर आपके भी स्कैल्प पर फंगल इंफेक्शन है तो टी-ट्री ऑयल को ऑलिव या बादाम के तेल के साथ मिलाकर सिर पर मालिश करें. इससे जल्द ही आपको इस समस्या से छुटकारा मिलेगा.

### अपनाएं ये टिप्स

इस वजह से होता है इंफेक्शन : फंगल इंफेक्शन कई कारणों से हो सकता है, जिसमें मुख्य रूप से मौसम बदलने के दौरान बालों की सही देखभाल न करना है. इसके अलावा गंदे तकिए और तौलियों का इस्तेमाल करने से भी इंफेक्शन हो सकता है. इसके अलावा अधिक नमी और पसीने के कारण स्कैल्प में गंदगी जमा होने से भी बालों की जड़ों में फंगल पैदा हो सकती है. जिन लोगों का सिर बार-बार गीला होता है, उन्हें भी इसका ध्यान रखना चाहिए. इसके अतिरिक्त सही खानपान न होने से इम्यूनिटी कमजोर होने पर भी सिर में इंफेक्शन हो सकता है.

### फंगल इंफेक्शन के कारण

इस तरह से रखें सावधानी : बालों की अच्छी देखभाल आपका लुक बदल सकती है. लिहाजा जरूरी है कि हेल्दी हेयर केयर की जाए. इसके लिए आप हमेशा बालों को साफ और सूखा रखें. सिर के लिए अलग तौलिया और कंघी का उपयोग भी बेहतर रहता है. बालों में बहुत ज्यादा केमिकल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल नहीं करें और हेल्दी डाइट के साथ ही अपनी इम्यूनिटी को मजबूत करें. जाहिर है कि इन घरेलू उपायों को अपनाकर आप इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं और अपने बालों को स्वस्थ बनाए रख सकते हैं, लेकिन समस्या ज्यादा बढ़ रही हो, तो आपको डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए.



## पतली दिखने के लिए सूट के इन लेटेस्ट डिजाइंस को करें अपनी वार्डरोब में शामिल

एथनिक पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसमें सलवार-कमीज सबसे ज्यादा पहने जाते हैं। इसके कई डिजाइन भी आपको मिल जाएंगे, लेकिन कई बार हम कुछ ऐसे डिजाइंस चुन लेते हैं जो हमारे बॉडी टाइप को काफी अजीब लुक देते हैं। सूट के डिजाइन को चुनते समय आपको अपनी बॉडी टाइप का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है ताकि आपकी बॉडी शेप पतली नजर आए। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सूट के कुछ नए डिजाइंस जिन्हें पहनकर आप दिखेंगी पतली और स्टाइलिश। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### लोर लेंथ सूट डिजाइन

अनारकली सूट डिजाइन हमेशा चलन में रहता है। लंबी दिखने के लिए आप इस तरह से कलियां बनवाकर लेंथ को फुल रख सकती हैं। इस सूट को दिव्या आनंद द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके का सूट आपको लगभग 1000 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सूट को बनवाने के लिए आप प्लेन फैब्रिक को खरीदकर उसपर गोटा-पट्टी लेस लगवाकर भी स्टाइल कर सकती हैं।

### मिड लेंथ सूट डिजाइन

आजकल ऑल ओवर सूट डिजाइन काफी पसंद किया जा रहा है। इस तरह का सूट आप सिल्क, कॉटन, साटन जैसे कई फैब्रिक की मदद लेकर बना सकते हैं। वी-नेक डिजाइन के साथ आप चोकर और मैचिंग टॉप्स इयररिंग्स को पहन सकती हैं। पतली दिखना चाहती हैं तो स्लीव्स को प्लेन ही रखें और सूट में कलियां कम से कम बनवाये।

### चौड़े घेरे वाला सूट

अगर आप पतली दिखना चाहती हैं तो इस तरह के चौड़े घेरे वाले सूट को पहन सकती हैं। वहीं इस खूबसूरत सूट को डिजाइनर द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का सूट आपको ज्यादातर सिल्क फैब्रिक में देखने को मिलेगा।



# अगर अकाउंट से धोखाधड़ी के जरिए पैसे कट गए हैं तो बैंक वापस कर सकता है आपका पैसा

**अगर किसी कार्ड या यूपीआई से धोखाधड़ी के जरिए पैसे कट गए हैं, तो आप अपना पैसा वापस पाने में सक्षम हो सकते हैं। इसके लिए, आपका कार्ड प्रोवाइडर विक्रेता के बैंक से पैसे वापस करने के लिए कह सकता है।**

क्या आप ऑनलाइन शॉपिंग, मूवी टिकट बुकिंग से लेकर किसी भी तरह के ट्रांजैक्शन के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो ये जानकारी आपके लिए बेहतर साबित हो सकती है। साथ कभी ऐसा हुआ है कि आपके क्रेडिट कार्ड से बिना आपकी जानकारी के कोई ट्रांजैक्शन हुआ है या फिर आपने किसी को क्रेडिट कार्ड डिटेल भी शेयर नहीं किया है। ऐसी हालत में बैंक से शिकायत करने पर बैंक वाले आपके अकाउंट से जुड़े कार्ड को ब्लॉक तो कर देते हैं, लेकिन आपके कटे पैसे वापस नहीं करते हैं। तो इसके लिए आपके परेशान होने की जरूरत नहीं। आइए जानते हैं क्या है आरबीआई, भारतीय रिजर्व बैंक का यह नियम।

### बैंक आपको पूरी रकम वापस कर सकता है

- आरबीआई के मुताबिक, अगर किसी बैंक खाते से धोखाधड़ी के जरिए पैसे कट गए हैं, तो बैंक आपको पूरी रकम वापस कर सकता है। अगर आपने धोखाधड़ी वाले लेनदेन की शिकायत 3 दिनों के अंदर और 7 दिनों के बीच दर्ज कराई है, तो आपको 5,000 रुपये से 25,000 रुपये, जो भी कम हो, की सीमित देनदारी वहन करनी होगी। इसके बाद, बाकी रकम आपको वापस कर दी जाएगी। अगर आपने 7 दिनों के अंदर धोखाधड़ी की शिकायत नहीं की, तो बैंक आपको कोई रकम वापस नही करेगा।
- अगर किसी कार्ड या यूपीआई से धोखाधड़ी के जरिए पैसे कट गए हैं, तो आप अपना पैसा वापस पाने में सक्षम हो सकते हैं। इसके लिए, आपका कार्ड प्रोवाइडर विक्रेता के बैंक से पैसे वापस करने के लिए कह सकता है। इसे चार्जबैक स्कीम कहते हैं। अगर आपने डेबिट कार्ड से भुगतान किया है, तो आप चार्जबैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- अगर आपके खाते से बिना अनुमति के पैसे कट गए हैं, तो आप बैंक प्रोवाइडर से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए, आप बैंक की हेल्पलाइन पर कॉल कर सकते हैं या शाखा में जा सकते हैं। अगर धोखाधड़ी इंटरनेट या कार्ड के जरिए हुई है, तो बैंक आपको समय पर सूचित करने पर ऐसे लेन-देन को रोक सकता है।

### ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत करने के लिए

ऑनलाइन फॉड की शिकायत करने के लिए, आप National Cybercrime Reporting Portal www.cybercrime.gov.in) पर जा सकते हैं। इस पोर्टल पर शिकायत करने के बाद, अधिकारी आपको फोन करके अपराध से जुड़ी जानकारी मांगते हैं और कार्रवाई करते हैं। अगर इन तरीकों से भी आपके पैसे नहीं मिलते तो आप भारतीय रिजर्व बैंक के कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम पर शिकायत कर सकते हैं।

- RBI कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम पर शिकायत करने के लिए, इन कदमों का पालन करें
- आरबीआई के पर लॉगिन करें
- होमपेज पर मौजूद 'File a Complaint' पर क्लिक करें
- सिक्योरिटी कैप्चा भरें
- नया पेज खुलने पर, अपना नाम, मोबाइल नंबर, बैंक का नाम, और शिकायत की पूरी जानकारी दर्ज करें
- बैंक से मुआवजे की भी मांग करें
- रिव्यू करें और सबमिट पर क्लिक करें
- कंप्लेन नंबर मिलेगा, जिससे आप बाद में अपनी शिकायत का स्टेटस चेक कर सकते हैं




### बैंकिंग लोकपाल से सीधे शिकायत करने के लिए

- आप CRPC@rbi.org.in पर ईमेल करके भी शिकायत कर सकते हैं। बैंकिंग लोकपाल से सीधे शिकायत करने के लिए, आप ऑनलाइन अपनी शिकायत भेज सकते हैं। इसके लिए, आपको वेबसाइट cms.rbi.org.in पर लॉगिन करना होगा।
- बैंक के ग्राहकों की शिकायतों के निराकरण के लिए, RBI का टोल फी नंबर 14448 है। हर बैंक की शिकायत के लिए, उस बैंक के टोल फी नंबर पर भी आप कॉल करके शिकायत दर्ज करा सकते हैं. उदाहरण के लिए, अगर भारतीय स्टेट बैंक के किसी कर्मचारी की शिकायत करनी है, तो आप टोल फी नंबर 18004253800 और 1800112211 पर संपर्क कर सकते हैं।
- अगर शिकायतकर्ता को 35 दिन के अंदर कोई जवाब नहीं मिलता या उसे मिला जवाब संतोषजनक नहीं लगता, तो वह मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, उपभोक्ता शिक्षण और संरक्षण विभाग में शिकायत कर सकता है।



# बैंक अकाउंट क्लोज कराते समय इन बातों का रखना चाहिए ध्यान

**आजकल ज्यादातर लोगों के पास एक या एक से ज्यादा बैंक अकाउंट होते हैं। कई बार लोग अपने पुराने या बिना इस्तेमाल के बैंक अकाउंट को बंद करवा देना चाहते हैं। लेकिन अकाउंट बंद करवाते समय कुछ बातों का ध्यान न रखने से उन्हें नुकसान हो सकता है। यहां कुछ काम की बातें दी गई हैं, जिनका आपको अपना बैंक अकाउंट बंद करवाते समय ध्यान रखना चाहिए।**

### बैंक अकाउंट बंद कराते समय इन बातों का ध्यान रखना चाहिए

- अकाउंट में बचा हुआ बैलेंस चेक करें और उसका स्टेटमेंट डाउनलोड करें। कम से कम पिछ्ले 2-3 सालों के स्टेटमेंट का रिकॉर्ड रखें।
- अगर अकाउंट में कोई क्रेडिट बैलेंस है, तो उसे वापस निकाल लें।
- अगर अकाउंट पर कोई ईएमआई चल रही हो, बिल्स और मंथली सब्सक्रिप्शन हो, तो पहले ऐसे स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन को कैंसिल करें।
- सेविंग अकाउंट से ऑटोमेटेड क्लियरेंस जुड़ा हो, तो उसे भी पहले कैंसिल करें।
- अगर आपको बंद होने की सूचना नहीं दी गई है, तो अपने बैंक से संपर्क करें और पता लगाएं कि जल्द से जल्द अपना पैसा पाने के लिए आपको क्या करने की जरूरत है।
- डायरेक्ट जमा और ऑटोमैटिक ट्रांजैक्शन को तुरंत रद्द करें।
- बैंक अकाउंट बंद करने के लिए, आप अपनी ब्रांच में जाकर, ऑनलाइन बैंकिंग का इस्तेमाल करके या ग्राहक सेवा को कॉल करके भी बंद कर सकते हैं।

### इन बातों का भी रखें ध्यान


- पेंडिंग ट्रांजैक्शन
- बैंक अकाउंट में निगेटिव बैलेंस
- क्लोजिंग चार्ज
- मंथली पेमेंट मैंडेट
- बैंक लॉकर रेंटल से लिंकिंग
- स्टेटमेंट डाउनलोड करना
- अगर आपका अकाउंट खाली है और खराब स्थिति में है, तो इसकी रिपोर्ट की जा सकती है, और अन्य बैंक आपका निगेटिव बैंकिंग रिकॉर्ड देख सकते हैं। इससे भविष्य में नए अकाउंट खोलना मुश्किल हो सकता है।

### कितने दिन बाद बैंक अकाउंट बंद हो जाता है?

अगर किसी बैंक अकाउंट में लगातार 12 महीनों तक कोई लेनदेन नहीं होता, तो उसे निष्क्रिय खाता माना जाता है। वहीं, अगर लगातार 24 महीने यानी दो साल तक खाते से लेन-देन नहीं होता, तो उसे डॉर्मेंट अकाउंट की कैटेगरी में डाल दिया जाता है। इनएक्टिव अकाउंट को नया लेन-देन करके या इंटरनेट बैंकिंग के जरिए दोबारा से एक्टिव किया जा सकता है। वहीं, डॉर्मेंट अकाउंट को एक्टिव करवाने के लिए बैंक जाना पड़ता है। अगर आप चाहते हैं कि आपके सभी बैंक अकाउंट एक्टिव रहें, तो आपको दो साल में कम से कम एक खाते से पैसे निकालने होंगे। ज्यादातर बैंकों में यही नियम है। एसबीआई बैंक में अकाउंट बंद करने का एप्लीकेशन फॉर्म जमा करने के बाद, आम तौर पर सात से दस दिन में अकाउंट बंद हो जाता है। वहीं, एक्सिस बैंक में अकाउंट बंद करने में करीब दो कार्य दिवस लग सकते हैं।

### बैंक अकाउंट खाली छोड़ने से क्या होता है?

अगर आप दो साल से ज़्यादा समय से किसी बैंक खाते में लेनदेन नहीं कर रहे हैं, तो बैंक उसे निष्क्रिय कर देता है। निष्क्रिय खाते में आप पैसे डाल सकते हैं, लेकिन निकाल नहीं सकते। निष्क्रिय खाते में जमा रकम पर बैंक नियमित ब्याज देता है, जो उसी खाते में जमा होता रहता है। हालांकि, यह ब्याज तभी मिलेगा, जब खाता सक्रिय हो। अगर किसी निष्क्रिय खाते के दस्तावेजों में नॉमिनी का नाम दर्ज है, तो नॉमिनी अनक्लेम्ड रकम पर दावा कर सकता है। इसके लिए नॉमिनी को खाताधारक का मृत्यु प्रमाण-पत्र और अपने केवाईसी दस्तावेज देने होंगे। अगर खाता जॉइंट है, तो बैंक जिस खाताधारक की मौत हो चुकी है, उसका नाम काट देगा और जीवित खाताधारक को सभी अधिकार दे देगा। अगर किसी बैंक खाते में संदिग्ध लेनदेन या किसी अपराध की आशंका हो, तो बैंक उसे फीज कर सकता है। फीज खाते से आप एटीएम से पैसे नहीं निकाल पाएंगे, चेक काटने पर भी कैश नहीं मिलेगा, और जमा रकम भी नहीं निकाल पाएंगे। अगर आप चाहते हैं कि आपके सभी बैंक खाते एक्टिव रहें, तो आपको दो साल में कम से कम एक खाते से पैसे निकालने होंगे। ज्यादातर बैंकों का यही नियम है।







# ऑफिस में स्टाइल करें ये प्लाजो कुर्ती सेट

**ऑफिस में जाने के लिए अक्सर हम सबसे ज्यादा कम्फर्टेबल कपड़ों को खरीदना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वहां बैठकर काम करना आसान हो सके। ज्यादा टाइट या अलग कपड़े पहनेंगे, तो पूरे दिन अजीब नजर आएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप ऐसे कपड़ों को खरीदकर वियर करें, जो कम्फर्टेबल भी हो। साथ ही, अच्छे भी लगे। इसके लिए आप प्लाजो सूट सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको काफी सारे अच्छे डिजाइन के ऑप्शन मिल जाएंगे। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के प्लाजो सूट सेट को आप स्टाइल कर सकती हैं।**

### चिकनकारी स्ट्रेट कुर्ता विद प्लाजो

आजकल चिकनकारी वर्क काफी ट्रेंड में है। आप इसी ट्रेंड को फॉलो करते हुए प्लाजो कुर्ती सेट के डिजाइंस की खरीदारी कर सकती हैं। इसमें आपको ऊपर की कुर्ती के साथ-साथ नीचे पहनने वाले प्लाजो में भी सेम डिजाइन मिल जाएगा। साथ में स्लीव्स पर भी अच्छा वर्क मिलेगा। गले की बात करें तो उसमें जो वर्क हुआ है, वो थोड़ा हैवी होगा। लेकिन ऑफिस में पहनने के हिसाब से अच्छा मिलेगा।

आप इस तरह के सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें कलर ऑप्शन आप मार्केट से जाकर ले सकती हैं, ताकि आपका लुक परफेक्ट लगे।

### प्लेन प्लाजो कुर्ता सेट

अगर आपको कुछ यूनिक पहनना है तो इसके लिए आप प्लेन प्लाजो कुर्ता सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको किसी तरह की कोई एम्ब्राइडरी नहीं मिलेगी। बल्कि आपको प्रिंट भी नहीं मिलेगा, जिससे सूट थोड़ा हैवी लगे। प्लेन होगा तो इसे ऑफिस में अलग-अलग एक्सेसरीज के साथ स्टाइल किया जा सकेगा। आप इसे ट्राई कर सकती हैं। कलर के ऑप्शन आप अलग-अलग ले सकती हैं। इससे आपका सूट सुंदर नजर आएगा। मार्केट में इस तरह के सूट से आपको 500 से 1,000 रुपये में मिल जाएंगे। इस बार ऑफिस में कंफर्टेबल रहने के लिए इन सूट सेट को स्टाइल करें। इसमें प्लाजो सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपका लुक अच्छा नजर आएगा।

### कुर्ता प्लाजो सेट

ऐसा जरूरी नहीं है कि आपको फ्लोर टच अनारकली को स्टाइल करना है। आप इस तरह के शॉर्ट अनारकली के साथ प्लाजो को स्टाइल कर सकती हैं। ऑफिस में इस तरह का लुक भी रीक्रिएट किया जा सकता है। इसमें आपको गोटा पट्टी वर्क मिल जाएगा। साथ में जो प्रिंट मिलेगा वो फ्लोरल होगा। दुपट्टा भी सेम डिजाइन का मिलेगा तो इससे सूट सुंदर लगेगा। आपको इसे ट्राई करना चाहिए। मार्केट में इस तरह के सूट सेट आपको 800 से 1,000 रुपये में मिल जाएंगे।

# 475000 मौतें, 63 लाख लोगों ने छोड़े घर, यूक्रेन में लड़ाई को हुए तीन साल तो रूस ने किया सबसे बड़ा हमला

**वॉशिंगटन , एजेंसी।**
रूस यूक्रेन युद्ध को तीन साल हो गए हैं. रूस ने युद्ध के तीन साल होने पर 267 ड्रोन से एक साथ हमला किया. यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, खार्किव, पोल्टावा, सुमी, कीव, चेर्निहाइव, मायकोलाइव और ओडेसा सहित पूरे यूक्रेन में कम से कम 13 क्षेत्रों में ड्रोन रोके गए. यह अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक है. यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए दबाव बना रहे हैं. 24 फरवरी इस युद्ध को तीन साल पूरे हो गए हैं. तीन साल होने के बाद भी यह युद्ध नहीं रुक पाया है. युद्ध रोकने के लिए सऊदी अरब में अमेरिका ने रूस के साथ मीटिंग की, लेकिन पूरी दुनिया के लिए हैरानी की बात रही कि इसमें यूक्रेन को शामिल नहीं किया गया.

युद्ध के तीन साल होने के बाद सवाल किया जा रहा है कि आखिर यह जंग कब खत्म होगी रूस की ओर से 2022 में पूर्ण पैमाने पर हमला किया गया था. यूक्रेन के कई इलाकों को रूस ने कब्जाया है. पश्चिमी सहयोगियों की ओर से सैन्य मदद के जरिए यूक्रेन लड़ रहा है. लाखों यूक्रेनी लोग विस्थापित हुए, जबकि हजारों मारे गए या घायल हुए.

यूक्रेन युद्ध की शुरुआत में यूक्रेन ने अपनी राजधानी कीव को रूसी अटैक से बचा लिया. लेकिन बाद में खार्किव और खेरसॉन के कुछ हिस्सों को वापस हासिल कर लिया. लेकिन डोनेट्स्क और बखमुत जैसे पूर्वी क्षेत्रों में उसे भारी नुकसान हुआ. इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वार के डेटा विश्लेषण से पता चलता है कि 2022 के आक्रमण के बाद से यूक्रेन ने लगभग 11 फीसदी जमीन गंवा दी. 2014 से अब तक यूक्रेन के 18 फीसदी इलाके पर रूस कब्जा कर चुका है. साल 2014 में रूस ने क्रीमिया पर कब्जा किया था. अमेरिका यूक्रेन का सबसे बड़ा सहयोगी रहा है. साल 2022 से अब तक उसने 95 बिलियन की सैन्य, मानवीय और वित्तीय सहायता दी है.



लेकिन ट्रंप प्रशासन में यह मदद खतरे में पड़ सकती है. ट्रंप ने 2024 के चुनाव प्रचार के दौरान यूक्रेन को दी जा रही अमेरिकी मदद की आलोचना की थी. हाल ही में उन्होंने यूक्रेन से मदद के बदले दुर्लभ खनिज मांग लिए हैं. हालांकि जेलेंस्की ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है. हाल ही में यूएसएआइडी की फंडिंग रोकने से यूक्रेन के एनजीओ और चैरिटी संस्थानों पर असर पड़ा है. वे कर्मचारियों की छंटनी कर रहे हैं और आत्महत्या रोकथाम हेल्पलाइन व एचआइवी जांच से जुड़े प्रोजेक्ट बंद करने को मजबूर हो गए हैं. रूस की ओर से किए गए हमले के बाद से लाखों यूक्रेनी नागरिकों को अपना घर छोड़ना पड़ा. संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी के मुताबिक 2024 के अंत तक 63 लाख यूक्रेनी शरणार्थी यूरोप में रह रहे हैं. 12 लाख जर्मनी में, 9 लाख पोलैंड में, 3.9 लाख चेक रिपब्लिक में रह रहे हैं. इतना ही नहीं 12 लाख यूक्रेनी शरणार्थी रूस में भी रह रहे हैं. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार, यूक्रेन में 40,000 से अधिक नागरिक मारे गए. यूक्रेन युद्ध के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है. यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने फरवरी की शुरुआत में कहा था कि इस युद्ध के कारण 45,000 सैनिक मारे गए. वहीं उन्होंने दावा किया कि 390,000 से ज्यादा रूसी सैनिकों की मौत हुई. इन आंकड़ों की मानें तो अब तक दोनों तरफ से 4 लाख 75 हजार लोगों की मौत हो चुकी है. इस युद्ध में रूस की ओर से उत्तर कोरियाई सैनिकों को भी लड़ते हुए देखा गया है. यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क इलाके पर हमला किया है.

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन का बड़ा फैसला, रूस का समर्थन करने वालों की यूके में नो एंट्री



**लंदन एजेंसी।** रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के ठीक तीन साल बाद, सोमवार को घोषित किए जाने वाले नए प्रतिबंधों के तहत, ब्रिटेन उन व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाएगा जो रूस को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं या रूस के लिए अपनी संपत्ति का ऋणी हैं। ब्रिटेन सरकार ने कहा कि प्रतिबंध में रूसी सरकार के उच्चतम स्तर तक पहुंच रखने वाले व्यक्तियों को भी शामिल किया जाएगा। उनमें कुछ वरिष्ठ राजनेता, सरकारी अधिकारी और व्यवसायी लोग शामिल हो सकते हैं। इसमें कहा गया है कि नए उपाय रूसी कुलीनों के खिलाफ ब्रिटेन के मौजूदा प्रतिबंधों के पूरक होंगे जो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के युद्ध प्रयासों का समर्थन कर रहे थे। ब्रिटिश सुरक्षा मंत्री डैन जार्विस ने कहा कि मॉस्को में पुतिन के दोस्तों को उनका संदेश सरल था, यूके में आपका स्वागत नहीं है। उन्होंने एक बयान में कहा, आज घोषित किए गए उपायों ने उन कुलीन वर्गों के लिए दरवाजे बंद कर दिए हैं, जिन्होंने इस अवैध और अनुचित युद्ध को बढ़ावा देते हुए रूसी लोगों की कीमत पर खुद को समृद्ध किया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ यूक्रेन में युद्ध पर चर्चा करने के लिए गुरुवार को वाशिंगटन जाएंगे। वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के नक्शेकदम पर चलेंगे, जो सोमवार को व्हाइट हाउस का दौरा करेंगे। उम्मीद है कि दोनों यूरोपीय नेता ट्रंप को किसी भी कीमत पर पुतिन के साथ युद्धविराम समझौते में जल्दबाजी न करने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे। संभावना है कि वे उनसे यूरोप को इस प्रक्रिया में शामिल रखने के लिए कहेंगे और यूक्रेन को सैन्य गारंटी पर चर्चा करेंगे।

### महाशिवरात्रि पर पशुपतिनाथ मंदिर में दस लाख श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार नेपाल




**काठमांडु , एजेंसी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर नेपाल और भारत से बुधवार को करीब दस लाख श्रद्धालुओं के यहां पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने आने की उम्मीद है। मंदिर का प्रबंधन करने वाले पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि करीब 4,000 साधु और हजारों की संख्या में श्रद्धालु बागमती नदी के तट पर स्थित पांचवीं शताब्दी के इस मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए काठमांडू पहुंच रहे हैं। महाशिवरात्रि को भगवान शिव के जन्म के दिन के रूप में जाना जाता है। पशुपति ट्रस्ट की प्रवक्ता रेवती अधिकारी ने बताया कि इस भव्य अवसर के लिए तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इस दिन श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए कुल 10,000 सुरक्षाकर्मी और 5,000 स्वयंसेवक तैनात किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पशुपतिनाथ मंदिर महाशिवरात्रि को तड़के दो बज कर 15 मिनट पर खुलेगा और श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के चारों द्वारों से शिवलिंग के दर्शन की व्यवस्था की गई है। इस बीच, काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय ने महाशिवरात्रि के दौरान मंदिर के आसपास शराब, मांस और मछली के उत्पादन, बिक्री, उपभोग और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक नोटिस जारी किया है। नोटिस के अनुसार, पशुपतिनाथ मंदिर क्षेत्र में और उसके आसपास सोमवार से बृहस्पतिवार तक शराब, मांस और मछली पर प्रतिबंध रहेगा। नियम का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को दंडित किया जाएगा।

## बता दो कैसा रिश्ता रखना है, जयशंकर ने बांग्लादेश से पूछ लिया सीधा सवाल

**ढाका एजेंसी।** भारत सरकार अब बांग्लादेश के खिलाफ सख्त होती नजर आ रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ कर दिया है कि पड़ोसी मुल्क को बताना होगा कि वह भारत के साथ किस तरह के संबंध चाहता है। खास बात है कि यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब भारतीय विदेश मंत्री ने मस्कट में अपने बांग्लादेशी समकक्ष के साथ मुलाकात की थी। साथ ही उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों का भी मुद्दा उठाया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जयशंकर ने कहा, अंतरिम सरकार में हर रोज कोई उठकर खड़ा होना और हर बात के लिए भारत पर आरोप लगा देना बकवास है। एक तरह तो आप कहते हैं कि मैं आपके साथ अच्छे संबंध चाहता हूं, लेकिन मैं रोज सुबह उठकर हर गलत बात का जिम्मेदार आपको बताऊंगा। आप ऐसा नहीं कर सकते हैं। यह एक फैसला उनको लेना है।

उन्होंने अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों का भी मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले स्वाभाविक रूप से हमारी सोच पर असर डालते हैं। ये एक ऐसी चीज है, जिसके बारे में हमें बोलना होगा। हम बोल भी चुके हैं। दूसरा पहलू यह है कि वह राजनीति कर रहे हैं। हालांकि, अंत में दोनों देश एक-दूसरे के पड़ोसी हैं। उन्होंने कहा, उन्हें तय करना होगा कि वह हमारे साथ किस तरह का रिश्ता चाहते हैं। बांग्लादेश के साथ हमारा पुराना इतिहास है। हमारा बांग्लादेश के साथ इतिहास बहुत खास है। यह 1971 से है। इससे पहले शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अंतरिम सरकार में सलाहकारों द्वारा भारत विरोधी टिप्पणियों और भारत के व्यवहार पर इसके क्या प्रभाव होंगे, इस पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा , हां, हमने स्पष्ट रूप से ऐसी टिप्पणियों पर ध्यान दिया है जो निश्चित रूप से मददगार नहीं हैं। यह संबंधित व्यक्तियों पर निर्भर करता है कि वे अपने विशेष डोमेन के लिए निहितार्थों पर विचार करें।



## जर्मनी में सरकार बदली और इतिहास भी, दूसरे विश्व युद्ध के बाद इतना बड़ा उलटफेर

**बर्लिन, एजेंसी।**
अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप सत्ता पर काबिज हैं तो वहीं हार्डलाइनर व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति हैं। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी भी कंजरवेटिव नेता हैं। इस बीच जर्मनी में भी बड़ा उलटफेर हो गया है और अब सत्ता का संचालन कंजरवेटिव नेता फ्रीडरिक मैर्त्स करेंगे। उनके नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन को करीबी मुकाबले में जीत मिली है। इसके साथ ही जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने हार स्वीकार कर ली है। इस पूरे नतीजे में सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा यह है कि कट्टर दक्षिणपंथी पार्टी ऑल्टरनेटिव फॉर जर्मनी को बड़ी संख्या में सीटें मिली हैं। उसका वोट प्रतिशत भी दोगुना होते हुए 20.5 फीसदी हो गया है, जो 2021 में 10.3 पर्सेंट ही था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद ऐसा पहली बार हुआ है।



जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने यह कहते हुए नतीजों को स्वीकार कर लिया है कि हमारे लिए यह निराशाजनक है। फ्रीडरिक मैर्त्स के नेतृत्व वाले गठबंधन को 28.5 फीसदी वोट मिले हैं। एग्जिट पोल्स में भी ऐसे ही नतीजों का अनुमान जाहिर किया गया था। ओलाफ शोल्ज को मध्यमार्गी विचारधारा का नेता माना जाता है। उनकी पार्टी सोशल डेमोक्रेट्स ने हार मान ली है। उसे महज 16 फीसदी वोट ही मिले हैं, जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद सबसे कम नंबर है। जर्मनी के निचले सदन बुंदेस्ताग में कुल 630 सदस्य होते हैं। इनके चुनाव में ध्रुवीकरण काफी ज्यादा दिखा है। यह चुनाव नवंबर 2024 में ओलाफ शोल्ज की सरकार गिरने के बाद तय हुआ था। इस बार जर्मनी के चुनाव में आर्थिक ग्रोथ कम रहने, अवैध प्रवासियों की संख्या बढ़ने जैसे मुद्दे अहम रहे। इसके अलावा यूक्रेन और यूरोपियन यूनियन की एकता को लेकर भी मतदाताओं में चिंता थी। माना जाता है कि अवैध प्रवासियों और यूक्रेन के मामले को लेकर ही कंजरवेटिव पार्टी पर लोगों ने भरोसा जताया है। फ्रीडरिक मैर्त्स के गठबंधन को जीत मिली है, लेकिन उनके सामने भी एक स्थिर सरकार चलाने का चैलेंज होगा। किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। इसलिए पूरे कार्यकाल में गठबंधन एक चुनौती रहेगी। फ्रीडरिक मैर्त्स लंबे समय से विपक्षी नेता रहे हैं। उनकी पहचान एक कुशल वक्ता और राष्ट्रवादी विषयों को उठाने के लिए है। दिलचस्प आंकड़ा तो यही है कि, इतनी बड़ी जीत मिली है, जिसे कट्टरपंथी दल माना जाता है। उसकी जीत ऐतिहासिक है। यह पार्टी हमेशा ही अवैध प्रवासियों का मुद्दा उठाती रही है और वहां की मुख्यधारा की राजनीति का अब हिस्सा बन गई है। हालांकि फ्रीडरिक मैर्त्स की राय है कि इस दल के साथ गठबंधन न किया जाए। ऐसे में देखना अहम होगा कि सत्ताधारी गठबंधन में किन दलों को हिस्सेदारी मिलती है।

## बांग्लादेश में हसीना के बाद अब यूनुस के खिलाफ छात्रों का आंदोलन, 14 लड़कियों ने की आत्महत्या; इस्तीफे की उठी मांग

**ढाका एजेंसी।**
बांग्लादेश में महिलाओं और बच्चों पर जारी यौन हिंसा के खिलाफ छात्रों का गुस्सा फूटा है। ढाका में छात्रों ने अपना आंदोलन तेज कर दिया है। छात्रों का कहना है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इन अपराधों को रोकने में विफल साबित हुई है। ढाका में बड़ी संख्या में छात्रों ने विरोध मार्च निकाला। इस दौरान छात्रों ने दुष्कर्मियों को फांसी दो, महिलाओं और बच्चों की रक्षा करो... सरकार जागो जैसे नारे लगाए।

ढाका के जगन्नाथ विश्वविद्यालय, ईडन कॉलेज, गवर्नमेंट टिटुमिर कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ लिबरल आर्ट्स बांग्लादेश और बीआरएसी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विरोध मार्च में हिस्सा लिया। छात्रों का कहना है कि सरकार देश में अपराधों को रोकने में फेल हुई है। उन्होंने बांग्लादेश के गृह मामलों के सलाहकार का इस्तीफा मांगा है।

ढाका के एक विश्वविद्यालय की छात्रा समीहा चौधरी ने कहा, दुष्कर्म के बढ़ते मामलों की वजह से हम बाहर निकलने से डरते हैं। यहां तक कि अब विश्वविद्यालय जाना भी सुरक्षित नहीं लगता है। सरकार से हमने तत्काल कार्रवाई की मांग की है। बांग्लादेश महिला परिषद ने एक रिपोर्ट पेश की। यह रिपोर्ट पिछले साल सितंबर महीने की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर 2024 में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। यह रिपोर्ट समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के आधार पर तैयार की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक यौन हिंसा से पीड़ित 5 लड़कियों और 9 महिलाओं ने आत्महत्या भी की है। वहीं कई मामलों में अपराधियों ने ही पीड़िता को मौत के घाट उतार दिया।




बांग्लादेश महिला परिषद ने पिछले साल अक्टूबर महीने के भी एक रिपोर्ट पेश की। इसमें कहा गया है कि अक्टूबर में कुल 200 लड़कियों और महिलाओं को हिंसा का सामना करना पड़ा। दिसंबर में 163 महिलाओं के साथ हिंसा हुई। जनवरी 2025 में यह आंकड़ा और बढ़ गया। रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी में कुल 205 महिलाओं और लड़कियों को हिंसा सहनी पड़ी। महिलाओं के खिलाफ हिंसा का यह दौर अब भी जारी है। बांग्लादेश महिला परिषद ने अपराध की बढ़ती घटनाओं की निंदा। बता दें कि शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद से ही बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय खासकर हिंदुओं के खिलाफ हिंसा में वृद्धि हुई है। बांग्लादेश के 48 जिलों में हिंदुओं और उनकी संपत्ति को निशाना बनाया गया है।

## यूक्रेन में जेलेंस्की राष्ट्रपति पद छोड़ने को तैयार

**कीव, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि वे शांति की खातिर कुछ भी करने को तैयार हैं। अगर इस्तीफा देने से शांति आती है या यूक्रेन को ह्रड्ढह्लह्र की सदस्यता मिलती है, तो वे इस्तीफा देने को तैयार हैं।



उन्होंने कीव में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ट्रम्प हमेशा के लिए नहीं हैं, लेकिन रूस का खतरा हमेशा रहेगा। हमें इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि पुतिन हम पर तब तक हमला नहीं करेंगे जब तक ट्रम्प सत्ता में हैं। हमें शांति और ऐसी गारंटी चाहिए जो ट्रम्प और पुतिन के जाने के बाद भी बनी रहे।

जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को संदेश दिया कि हम अमेरिका की तरफ से मिले 500 बिलियन डॉलर को कर्ज नहीं मानते हैं। मैं तो 100 अरब डॉलर को भी कर्ज नहीं मानता। बाइडेन और मैं इस बात पर सहमत हुए थे कि उन्होंने हमें मदद दी थी। मदद को कर्ज नहीं कहते। हफ्ते जेलेंस्की को तानाशाह कहा था। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में जेलेंस्की को एक मामूली कॉमेडियन और बिना चुनाव वाला एक तानाशाह बताया था। ट्रम्प ने ये भी कहा था कि यूक्रेन में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग गिरकर सिर्फ 4 प्रतिशत रह गई है। इसे लेकर जेलेंस्की ने कहा था कि ट्रम्प गलत जानकारी के साथ, गलतफहमी में जी रहे हैं। युद्ध के 3 साल पूरे होने पर रूस ने 267 ड्रोन से हमला किया एक दिन पहले रूस ने यूक्रेन पर एक साथ 267 ड्रोनों से हमला किया था। यह हमला यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे होने से ठीक एक दिन पहले किया गया है। यूक्रेन के एयर फोर्स कमांड के प्रवक्ता यूरी इग्नात ने कहा कि यह पहली बार है जब रूस ने एक साथ इतने ड्रोन दागे हैं।

## हूती विद्रोहियों का बड़ा हमला, अमेरिका के लड़ाकू विमान और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन पर दागी मिसाइलें

**वाशिंगटन , एजेंसी।** इजरायल के बाद यमन के हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अब विद्रोहियों ने एक अमेरिकी लड़ाकू विमान और रू्क्त-9 रीपर ड्रोन पर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी। गनीमत रही कि कोई भी मिसाइल सटीक निशाने पर नहीं लगी। वरना अमेरिका को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक यह घटना पिछले सप्ताह की है। अधिकारियों ने कहा कि इस हमले से स्पष्ट है कि हूती विद्रोहियों ने अपने टारगेट हिट करने की क्षमता में सुधार किया है। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया है कि हूती विद्रोहियों ने हमला लाल सागर में किया है या यमन में। बता दें कि हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन मिला है। अमेरिका और ईरान की दुश्मनी जगजाहिर है। हूती विद्रोहियों के प्रमुख अब्दुल मलिक अल-हूती ने 13 फरवरी को एक टेलीविजन भाषण में कहा कि अगर अमेरिका और इजराइल ने बलपूर्वक गाजा से फलस्तीनियों को हटाने की कोशिश की तो हूती मिसाइलों और ड्रोन से दखल देंगे और लाल सागर में जहाजों पर हमले करेंगे। गाजा में इजरायल और हमास के बीच 19 जनवरी से युद्ध विराम लागू है।

## वेस्ट बैंक में 23 साल बाद घुसे इजराइली टैंक, 40 हजार शरणार्थी कैंप छोड़कर भागे; नेतन्याहू बोले- फिर जंग शुरू करने को तैयार

**तेल अवीव, एजेंसी।**
फिलिस्तीन के इजराइली कब्जे वाले वेस्ट बैंक के शहर जेनिन में रविवार को इजराइली सेना ने टैंक तैनात कर दिए। 23 साल बाद ऐसा हुआ है, जब इजराइली सेना के टैंक वेस्ट बैंक में घुसे हैं। आखिरी बार 2002 में ऐसा हुआ था। जेनिन में पिछले कई सालों से इजराइल के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष होते रहे हैं।

इजराइली डिफेंस फोर्स ने कहा कि हमने जेनिन के पास एक टैंक डिवीजन तैनात की है। एक डिवीजन में 40 से 60 टैंक होते हैं। इजराइल ने फिलिस्तीन के जेनिन, तुलकरम और नूर शम्स में शरणार्थी शिविरों को खाली करा लिया है। इन शिविरों में फिलिस्तीनी नागरिकों ने शरण ले रखी थी। इन तीनों शिविरों से 40 हजार फिलिस्तीनियों को निकाला गया है। इजराइल ने इन्हें 21 जनवरी से निकालना शुरू कर दिया था। 1967 की इजराइल-अरब जंग के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी नागरिक विस्थापित हुए हैं। यहां संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार संस्था यूएनआरडब्लू को भी काम बंद करने का निर्देश दिया गया है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने सेना को अगले कुछ साल वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए यह जरूरी है।



इजराइल ने वेस्ट बैंक में टैंक क्यों भेजे दरअसल, इजराइल हमास जंग के बीच वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ गई है। इजराइल में वेस्ट बैंक की तरफ से होने वाले हमले भी बढ़े हैं। इजराइल में 20 फरवरी की देर रात तीन खाली खड़ी बसों में विस्फोट हुए थे। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक वेस्ट बैंक से ही इजराइल की बसों में हमले की प्लानिंग की गई थी।

इसके बाद ही नेतन्याहू ने इस इलाके पर एक्शन लेने का आदेश दिया। हालांकि, इजराइल-हमास जंग के दौरान भी इजराइली सेना यहां कई ऑपरेशंस को अंजाम दे चुकी है। 58 सालों से इजराइल का वेस्ट बैंक पर कब्जा वेस्ट बैंक, जॉर्डन के पश्चिम और येरुशलम के पूरब में स्थित है। 1948 में अरब-इजराइल जंग के बाद जॉर्डन ने इस पर कब्जा कर लिया था। जॉर्डन नदी के पश्चिम में होने की वजह से तब इसका नाम वेस्ट बैंक रख दिया गया। 1967 में 6 दिनों तक चले जंग के बाद इजराइल ने इस इलाके को जॉर्डन से छीन लिया। तब से वेस्ट बैंक पर इजराइल का कब्जा बरकरार है। इस इलाके में 30 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं।

# भारत के 22 पंडितों ने जादू-टोना से हराया... क्या-क्या बक रहे पाकिस्तानी टीवी चैनल

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के महामुकाबले में 22 पंडितों ने जीत दिलाई है। इन 22 पंडितों को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हायर किया था और टीम इंडिया के स्टेडियम पहुंचने से पहले ही 7 पंडित जादू-टोना करने लगे थे। इसके बाद 22 पंडितों ने मिलकर पाकिस्तान के 11 खिलाड़ियों को डिस्ट्रैक्ट किया और भारतीय टीम को जीत दिला दी। जी नहीं, यह हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि पाकिस्तान के एक न्यूज चैनल पर दावा किया गया है। उसके पैनल की मानें तो भारतीय टीम पाकिस्तान को हराने के लिए काली पिच पर तैयारी करती है और हार्दिक पंड्या फूंक मारकर मैच का पासा पलट देते हैं।




दरअसल, एक पाकिस्तानी न्यूज चैनल डिसकवर पाकिस्तान टीवी पर 6 लोगों का पैनल आपस में बातचीत करते दिख रहा है। वीडियो में एक पैनलिस्ट दावा करता है भारत ने 22 पंडित हायर किए हैं, जो भारत की जीत के लिए पाकिस्तान की टीम पर जादू-टोना कर रहे हैं। यही वजह है कि भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं आई। पाकिस्तान में उन्हें एंट्री नहीं मिलती, जबकि दुबई में ऐसा करना भारत के लिए आसान है।

यही नहीं, दूसरा व्यक्ति दावा करता है कि 7 पंडित तो पहले ही स्टेडियम पहुंच जाते हैं। वे जादू-टोना शुरू कर देते हैं। इस पर एक महिला एंकर हार्दिक पंड्या के लिए अपशब्द का इस्तेमाल करती है और कहती है कि ये सब चालबाजियां हमारे खिलाफ नहीं चलेंगी। इस तरह की हास्यास्पद बातें करते हुए आपस में तय करते हैं कि पाकिस्तान के लिए दुआ करेंगे। जैसे ही सभी दुआ में हाथ उठाते हैं तो उनमें से एक इस बात का भी मजाक बताना है।

दूसरी ओर, पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान भी मैच हारता स्टेडियम में बैठकर दुआ पढ़ते नजर आए। इस मोमेंट का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वहाब रियाज, आकाश चोपड़ा और सुरेश रैना इस पर बात भी कर रहे हैं।

27 साल बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा पाकिस्तान सबसे पहले चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया। सबसे पहले न्यूजीलैंड और फिर भारतीय टीम के खिलाफ पाकिस्तान हार गया। अब पाकिस्तान का सिर्फ एक मैच बचा है, जहां उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ 27 फरवरी को भिड़ना है।

भारतीय टीम के खिलाफ हार के साथ ही पाकिस्तान का इस साल की चैंपियंस ट्रॉफी में अभियान लगभग खत्म हो चुका है। पाकिस्तान को पहले मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने 60 रन से हराया था। इस जीत के साथ भारत ग्रुप ए में चार अंक लेकर टॉप पर पहुंच गया और सेमीफाइनल में प्रवेश तय कर लिया।

## चैंपियंस ट्रॉफी

# आज ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका मैच में हो सकती है रनों की बारिश

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** अपने बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान का जीत से आगाज करने वाले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका मंगलवार को जब यहां आमने सामने होंगे तो पूरी संभावना है कि इस मैच में खूब रन बरसेंगे। इन दोनों टीमों का बल्लेबाजी विभाग काफी मजबूत है और इससे यह मुकाबला काफी रोचक हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही इस मैच में जीत हासिल करके सेमी फाइनल की तरफ मजबूत कदम बढ़ाना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के कई प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहे हैं। इसलिए कम लोग ही उसे दावेदारों में शामिल कर रहे थे लेकिन लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ जिस तरह से उसने रिकार्ड लक्ष्य हासिल किया उससे साफ हो गया है कि आईसीसी की प्रतियोगिताओं में ऑस्ट्रेलिया को कमजोर आंकना बहुत बड़ी गलती होगी।

ऑस्ट्रेलिया को टूर्नामेंट में पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की कमी खलेगी, लेकिन कम से कम शुरुआती मैच में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन ने उनकी अनुपस्थिति की भरपाई कर दी। जोश इंग्लिश ने शतक जड़कर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे वह आत्मविश्वास से भरे होंगे। उनके अलावा मैथ्यू शॉर्ट, मार्नस लाबुशेन, एलेक्स कैरी और ग्लेन मैक्सवेल ने भी उपयोगी योगदान दिया।






ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी विभाग में केवल कप्तान स्टीव स्मिथ और सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ही ऐसे खिलाड़ी हैं जो पहले मैच में रन नहीं बना पाए थे। वे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इसकी भरपाई करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। ऑस्ट्रेलिया को गेंदबाजी विभाग में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी और मैक्सवेल भी इंग्लैंड के खिलाफ महंगे साबित हुए थे। छठे गेंदबाज की भूमिका लाबुशेन और शॉर्ट निभा सकते हैं।

इंग्लिस की तरह दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रयान रिकलटन भी अफगानिस्तान के खिलाफ आक्रामक शतक के बाद आत्मविश्वास से भरे होंगे। दक्षिण अफ्रीका के तीसरे चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाज ने पिछले मैच में अर्धशतक लगाए थे जो टेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली टीम के लिए अच्छे संकेत हैं। हेनरिक क्लासेन चोट के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे और उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना भी संदिग्ध है। कैगिसो रबाडा के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका का तेज गेंदबाजी आक्रमण बेहतर नजर आ रहा है और वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा।

**टीमें -**

**ऑस्ट्रेलिया -** मैथ्यू शॉर्ट, ट्रैविस हेड, स्टीव स्मिथ (कप्तान), मार्नस लाबुशेन, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), एलेक्स कैरी, ग्लेन मैक्सवेल, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, एडम ज़म्पा, स्पेंसर जॉनसन, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, सीन एबॉट, तनवीर सांघा।

**दक्षिण अफ्रीका -** रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), टोनी डी ज़ोरज़ी, टेम्बा बावुमा (कप्तान), रासी वैन डेर डुसेन, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, मार्को जानसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, हेनरिक क्लासेन, तबरेज़ शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, कॉर्बिन बॉश।

# चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो जाएंगे क्या रोहित और शमी?






**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के भारत बनाम पाकिस्तान मैच में भारतीय टीम के लिए दो प्रमुख खिलाड़ी रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी चोटिल हो गए थे। कप्तान रोहित शर्मा की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था जबकि मोहम्मद शमी पिंडली में दर्द महसूस कर रहे थे। इन दोनों खिलाड़ियों की चोट के बाद फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञों में चिंताएं बढ़ गई थीं, लेकिन अब श्रेयस अय्यर ने राहत की खबर दी है कि इन दोनों को लेकर कोई खास चिंता की बात नहीं है।

**रोहित शर्मा को हैमस्ट्रिंग की चोट -** पाकिस्तान की पारी के अंतिम ओवरों में जब रोहित शर्मा गेंद पकड़ने के लिए दौड़ रहे थे, तो उन्हें कड़ी मेहनत करते हुए देखा गया। कमेंटरी कर रहे डेल स्टेन ने जब देखा कि रोहित कुछ असहज नजर आ रहे हैं, तो उन्होंने अनुमान लगाया कि कप्तान को हैमस्ट्रिंग से जुड़ी समस्या हो सकती है। इस दौरान रोहित काफी देर तक मैदान से बाहर रहे, लेकिन श्रेयस अय्यर ने कहा कि यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि रोहित ने अपनी चोट के बारे में चिंता जताई थी, लेकिन वे सहज थे और इसे ज्यादा गंभीर नहीं मानते थे।

**मोहम्मद शमी की पिंडली की चोट** - वहीं, मोहम्मद शमी को पिंडली में दर्द महसूस हुआ, जिसके कारण उन्हें उपचार के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा। हालांकि वह कुछ समय बाद मैदान पर लौट आए और उन्होंने अपनी गेंदबाजी जारी रखी, लेकिन वह अपना पूरा 10 ओवर का कोटा नहीं पूरा कर पाए। इसके बावजूद, शमी अब बेहतर महसूस कर रहे थे और उनकी स्थिति स्थिर थी।

## रोहित शर्मा , बोले- फिलहाल ठीक हूं, विराट पर कहा, उसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पसंद है

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी फिटनेस को लेकर आशंकाओं को खारिज किया जो पाकिस्तान के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के अहम मुकाबले के दौरान बीच में उनके मैदान से बाहर जाने के कारण पैदा हुई थी। रोहित फील्डिंग करते समय परेशानी में नजर आए थे और लग रहा था कि हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। पाकिस्तान की पारी के दौरान कुछ समय के लिए मैदान से बाहर जाने वाले रोहित ने पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान पूछे जाने पर कहा कि वह ठीक हैं।

37 वर्ष के कप्तान ने भारत की 6 विकेट से जीत के बाद कहा कि हैमस्ट्रिंग अभी ठीक है। रोहित ने वनडे क्रिकेट में 51वां शतक लगाने वाले विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि विराट को देश के लिए खेलना और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पसंद है और उसने आज वही किया। ड्रेसिंग रूम में बैठे लोगों को उसके इस प्रदर्शन से कोई हैरानी नहीं हुई। रोहित ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने वही किया जिसकी उनसे अपेक्षा थी। उन्होंने कहा कि हमने शानदार गेंदबाजी की। हमें पता था कि विकेट धीमा हो जाएगा लेकिन हमने अपने अनुभवी बल्लेबाजों पर भरोसा रखा। कुलदीप, अक्षर और जडेजा को भी जीत का श्रेय जाता है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने अच्छी साझेदारी की लेकिन मैच पर पकड़ बनाए रखना जरूरी था। मोहम्मद शमी, हार्दिक पंड्या और हर्षित राणा ने भी अच्छी गेंदबाजी की। पूरी टीम ने उम्दा प्रदर्शन किया।

पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा कि खराब शॉट्स के कारण उनकी टीम को पराजय का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमने टॉस जीता लेकिन उसका फायदा नहीं उठा सके। उनके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैं और सऊद देर तक खेलना चाहते थे लेकिन हमने खराब शॉट पर विकेट गंवाए और बड़ा स्कोर नहीं बना सके।

# मैं अभी अच्छी लय में हूं, जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी अच्छी गेंदबाजी करूंगा : कुलदीप यादव



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव को लगता है कि चोट से वापसी करने के बाद उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली है और उन्हें उम्मीद है कि मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में वह हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कुलदीप ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ डेथ ओवरों में तीन विकेट लिए और वह एक समय हैट्रिक लेने की स्थिति में भी थे। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी, जिसके कारण वह तीन महीने से अधिक समय तक खेल से दूर रहे थे।

कुलदीप ने कहा, 'चोटों को ठीक होने में छह महीने लगते हैं। मैंने इंग्लैंड के खिलाफ दो मैच खेले। उनमें मेरी लय अच्छी थी। बांग्लादेश के खिलाफ भी मेरी लय अच्छी थी। कुलदीप चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में विकेट हासिल नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, 'लेकिन स्वाभाविक है कि आप हमेशा विकेट हासिल करने की तलाश में रहते हैं। आज जब मैंने अपना पहला ओवर डाला, तो मुझे लगा कि मैं बेहतर लय में हूं। मैं आरामदायक स्थिति में हूं। कुलदीप ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं इससे भी बेहतर गेंदबाजी कर सकता हूं। मैंने चोट से वापसी करने के बाद अभी तक तीन-चार मैच खेले हैं। मैं जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी ही अच्छी गेंदबाजी करूंगा। कुलदीप ने पाकिस्तान के निचले क्रम के बल्लेबाजों सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। अपनी रणनीति के बारे में कुलदीप ने कहा, 'अपने पहले स्पैल में मैंने काफी चाइनामैन की। अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के लिए मैं गुगली भी करता हूं। इसके अलावा मैंने टॉप स्पिन भी की। कुलदीप ने डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने के बारे में कहा, 'मैं अंतिम 10 ओवरों में गेंदबाजी करने के लिए पहली पसंद का गेंदबाज बनने में सक्षम हूं। यहां तक कि कप्तान का भी मानना है कि अगर आपके पास विविधता है तो स्पिनर पर शॉट मारना मुश्किल होता है। सौभाग्य से यह मेरे लिए अच्छा था। विकेट भी धीमा था।

# हार के बाद रिजवान बोले, भारत की जीत का श्रेय इस खिलाड़ी को दिया

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा कि उनके खिलाड़ी लगातार एक जैसी गलती दोहरा रहे हैं और स्वीकार किया है कि यहां भारत से मिली हार के बाद उनकी टीम का चैंपियंस ट्रॉफी अभियान लगभग खत्म हो गया है।

पाकिस्तान को रविवार को यहां भारत के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें लगभग समाप्त हो गई हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने उसे 60 रन से हराया था। ग्रुप ए में उसका आखिरी मुकाबला 27 फरवरी को बांग्लादेश से होगा।

रिजवान ने मैच के बाद कहा, 'हमारा सफर लगभग समाप्त हो चुका है। अब हमें अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। एक कप्तान के रूप में मुझे इस तरह की स्थिति पसंद नहीं है। हमें अपनी किस्मत खुद लिखनी चाहिए थी। उन्होंने भारत की जीत का श्रेय विराट कोहली को दिया जिन्होंने वनडे में 51वां और पाकिस्तान के खिलाफ चौथा शतक लगाया। रिजवान ने कहा, 'उन्होंने जितनी कड़ी मेहनत की उससे मैं हैरान हूं। दुनिया कह रही है कि वह फॉर्म में नहीं है लेकिन इतने बड़े मैच में उन्होंने सहजता से रन बनाए। हमने उन्हें आउट करने के लिए हर संभव प्रयास किए लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए।

उन्होंने कहा, 'जहां तक मैच का सवाल है तो निश्चित तौर पर हम निराश हैं। हमने तीनों विभाग में गलतियां की। हम बीच के ओवरों में विकेट हासिल करने में असफल रहे। पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड से दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था। रिजवान ने कहा कि उनकी टीम गलतियों से सबक नहीं ले पाई है। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो हम लगातार वही गलतियां दोहरा रहे हैं जो हमने पिछले मैचों में की थी। हमने अपनी तरफ से प्रयास किए लेकिन मुझे लगता है कि वह पर्याप्त नहीं थे क्योंकि भारतीय टीम ने हमसे बेहतर प्रयास किए।

## चैंपियंस ट्रॉफी का वीडियो हुआ वायरल

# मोहम्मद रिजवान कर रहे थे तस्बीह

### ● सुरेश रैना ने भी महामृत्युंजय मंत्र से दिया जवाब



**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी के हाईवोल्टेज मुकाबले में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने सिर्फ 241 रन बोर्ड पर लगाए। जवाब में टीम इंडिया ने विराट कोहली के शतक के दम पर सिर्फ 4 विकेट खोकर टारगेट को चेज कर लिया। इस मैच में हार के बाद पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान काफी निराश नजर आए। वहीं एक बार तो रिजवान मैच के बीच में दुआ करते हुए भी नजर आए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

**ड्रेसिंग रूम में मोहम्मद रिजवान करते दिखे तस्बीह** - मोहम्मद रिजवान पहले भी कई बार मैदान पर और ड्रेसिंग रूम में धार्मिक चीजें करते हुए नजर आए हैं। इस बार उनका एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रिजवान तस्बीह करते हुए नजर आ रहे हैं। रिजवान का ये वीडियो डग आउट से आया है।

**● सुरेश रैना ने कहा विराट भी भगवान शिव के भक्त हैं** - कमेंट्री कर रहे आकाश चोपड़ा ने अचानक पूछ लिया कि ये क्या कर रहे हैं। इनके हाथ में क्या है। इसपर कमेंट्री में बैठे पाकिस्तान के वहाब रियाज ने कहा कि ये तस्बीह है और वो अल्लाह का कलाम पढ़ रहे हैं। अल्लाह का नाम ले रहे हैं। जोकि इस वक्त लेना भी चाहिए। इस पर सुरेश रैना ने बड़ा बयान दिया। रैना ने कहा कि इधर रिजवान कलमा पढ़ रहे हैं उधर रोहित शर्मा महामृत्युंजय मंत्र पढ़ रहे होंगे। विराट कोहली को लेकर भी रैना ने बयान दिया। रैना ने कहा कि विराट भी भगवान शिव के भक्त हैं और उन्होंने शिव जी का टैटू बनवा रखा है।

# अगर पैसे नहीं मिलते तो पाकिस्तान क्रिकेट के बारे में बात भी नहीं करता : शोएब अख्तर



**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत से छह विकेट से मिली हार के बाद पाकिस्तान टीम प्रबंधन पर तीखा हमला बोला है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मिली हार ने पाकिस्तान को टूर्नामेंट से लगभग बाहर कर दिया है जिसके चलते पूर्व क्रिकेटरों ने कड़ी आलोचना की है।

भावुक अख्तर ने पाकिस्तान क्रिकेट के प्रति अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कोई कमी नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा, अगर मुझे पैसे नहीं दिए जाते तो मैं पाकिस्तान क्रिकेट के बारे में बात भी नहीं करता। ईमानदारी से कहूं तो अब मेरा उनसे कोई लेना-देना नहीं है। मुझे यहां आने के लिए कहा गया है, इसलिए मैं आया हूं। उनके बारे में बुरा बोलने का मेरा कोई एजेंडा नहीं है। मैं अपना समय क्यों बर्बाद करूं?।

अख्तर ने पाकिस्तान के प्रबंधन की कड़ी आलोचना की और उन्हें केवल पांच गेंदबाजों का चयन करने के लिए दिमागहीन और नासमझ कहा, जबकि आधुनिक टीमें छह गेंदबाजों पर निर्भर रहती हैं। उन्होंने कहा, आप दो ऑलराउंडर के साथ जाते हैं, लेकिन यह सिर्फ दिमागहीन और नासमझ प्रबंधन है। मैं वास्तव में निराश हूं। उन्होंने टीम के संघर्ष के लिए नेतृत्व और दिशा की कमी को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, हम बच्चों को दोष नहीं दे सकते। खिलाड़ी भी टीम प्रबंधन की तरह ही हैं! उन्हें नहीं पता कि क्या करना है।

# विराट कोहली बन गए प्लेयर ऑफ द मैच, 3 विकेट लेकर गेम पलटने वाले कुलदीप यादव थे दावेदार

**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी के बेहद अहम मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 241 रन बोर्ड पर लगाए। जवाब में विराट कोहली की सेंचुरी के दम पर टीम इंडिया ने आसाना से 4 विकेट खोकर टारगेट को चेज कर लिया। विराट को उनकी बेहतरीन सेंचुरी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। लेकिन इसी बीच कुछ लोग उनसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच का हकदार किसी और खिलाड़ी को मान रहे हैं।

**कुलदीप को मिलना चाहिए था अवॉर्ड** - विराट कोहली ने इस मैच में शतक बनाया। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ एक और खिलाड़ी का प्रदर्शन बेहद कमाल का रहा था। ये खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि कुलदीप यादव हैं। कुलदीप ने इस मैच में 3 विकेट हासिल किए। कुलदीप ने पाकिस्तान की पारी के दौरान खतरनाक बल्लेबाज सलमान अली आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को आउट किया। कुलदीप ने इस मैच में पाकिस्तान को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। ऐसे में प्लेयर ऑफ द मैच के एक बड़े दावेदार कुलदीप यादव भी हो सकते थे। कुलदीप ने सलमान आगा को आखिर के ओवर्स में बड़ा स्कोर बनाने से पहले ही रोक दिया। नहीं तो सलमान अकेले ही पाकिस्तान के स्कोर को 270-280 तक ले जाते।

# भारत से हार पर बोले अकरम, गेंदबाजी को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े बताए

**दुबई (एजेंसी)।** दिग्गज ऑलराउंडर वसीम अकरम पाकिस्तान से अपनी सफेद गेंद वाली टीम के पुनर्निर्माण के लिए 'कठोर कदम' उठाने का आग्रह किया। अकरम ने ड्रेसिंग रूम शो में कहा, हम सदियों से सफेद गेंद में पुरातन क्रिकेट खेल रहे हैं। इसमें बदलाव की जरूरत है। निडर क्रिकेटरों, युवा खून को टीम में लाएं। अगर आपको पांच-छह बदलाव करने हैं, तो कृपया करें। आप छह महीने तक हारते रहें, यह ठीक है, लेकिन अभी से टी20 विश्व कप 2026 के लिए तैयारी शुरू कर दें।



पाकिस्तान की गेंदबाजी भी चिंता का एक बड़ा विषय थी जिसमें अकरम ने चौंकाने वाले आंकड़े बताए। उन्होंने कहा, बस बहुत हो गया। आपने उन्हें स्टार बना दिया है, लेकिन पिछले पांच वनडे में पाकिस्तान के गेंदबाजों ने 60 की औसत से सिर्फ 24 विकेट लिए हैं। यानी 60 रन प्रति विकेट! हमारा औसत ओमान और यूएसए से भी खराब है। वनडे खेलने वाली 14 टीमों में से पाकिस्तान का गेंदबाजी औसत दूसरा सबसे खराब है। अकरम ने चयन प्रक्रिया की भी आलोचना की और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी पर स्पष्ट कमजोरियों को दूर करने में विफल रहने का आरोप लगाया। अकरम ने कहा, चेयरमैन साहब, कृपया कप्तान, चयन समिति और कोच को बुलाएं और उनसे पूछें कि उन्होंने किस तरह का चयन किया है। खुशदिल शाह और सलमान आगा-क्या वे कभी विकेट लेने की स्थिति में दिखे? मैं हफ्तों से चिल्ला रहा हूं कि यह टीम अच्छी नहीं है, लेकिन चेयरमैन ने कहा कि उन्होंने सबसे अच्छी टीम बनाई है। इसके लिए कप्तान (रिजवान) भी जिम्मेदार हैं। वे जहाज के नेता हैं और अगर उन्हें नहीं पता कि उन्हें किस तरह के मैच-विजेता की जरूरत है, तो यह शर्मनाक है।

अकरम ने पाकिस्तान के प्रशंसकों की निराशा की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा, आपको स्टेडियम में पाकिस्तान के प्रशंसकों के चेहरे देखने चाहिए थे। जब पाकिस्तान गेंदबाजी कर रहा था, तब वे 15 ओवर के बाद चले गए। मैंने अपने जीवन में ऐसा कभी नहीं देखा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हम एक राष्ट्र के रूप में बहुत भावुक हैं, लेकिन यह निराशाजनक है।